राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 22 जून 2026

वर्ष 07, अंक 255, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

बस्ती में नहीं थम रहा मौत का सिलसिला, थाल्हापार में अर्जुन के पेड़ से लटकता मिला 55 वर्षीय ग्रामीण का शव....05

घाटमपुर के ओवरब्रिज का स्लैब टूटा, चार वर्ष पहले 46 करोड़ रुपए में बना था....11

## गेट बंद... सपने रह गए अधूरे? नीट री-एग्जाम में एक मिनट की देरी बनी मुसीबत

● नीट- यूजी की दोबारा परीक्षा देशभर में कड़ी सुरक्षा के बीच हो रही है. 1:30 बजे गेट बंद होने के सख्त नियम के चलते बेंगलुरु और मुंबई में कई छात्र देर से पहुंचने के कारण प्रवेश से वंचित रह गए.

नीट- यूजी की दोबारा परीक्षा देशभर में कड़ी सुरक्षा के बीच हो रही है. 1:30 बजे गेट बंद होने के सख्त नियम के चलते बेंगलुरु और मुंबई में कई छात्र देर से पहुंचने के कारण प्रवेश से वंचित रह गए। अभिभावकों ने कांग्रेस रैली के कारण हुए ट्रैफिक जाम और पुलिस प्रबंधन की कमी को देरी का मुख्य कारण बताया, जिससे छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार को देश और विदेश के 5000 से ज्यादा सेंटर्स पर नीट- यूजी की दोबारा परीक्षा हो रही है. एनटीए ने 3 मई को हुई परीक्षा रद्द कर दी थी, जिसके बाद यह दोबारा परीक्षा हो रही है। इस बार पेपर लीक होने और दूसरी गड़बड़ियों के आरोप लगे थे. रविवार को परीक्षा दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.15 बजे तक होगी, इस बार 15 मिनट का एक्स्ट्रा समय दिया गया है. यह परीक्षा भारत के 551 शहरों में 5,440 सेंटर्स और विदेश में 14 सेंटर्स पर हो रही है, यह अंग्रेजी और 12 भारतीय भाषाओं में हो रही है।

लेकिन महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में परीक्षा से पहले ऐसी घटना घटी, जिसने सभी को द्रवित कर दिया. एएनआई न्यूज के अनुसार कर्नाटक के बेंगलुरु में रविवार को हुई जब चार छात्राओं को दोपहर 1:30 बजे की समय सीमा के ठीक बाद पहुंचने के बाद बेंगलुरु में एक नीट परीक्षा केंद्र में प्रवेश से वंचित कर दिया गया.

माता-पिता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की रैली के कारण यातायात जाम और पुलिस प्रबंधन की कमी के कारण देरी हुई. इस वजह से उन्हें परीक्षा हॉल में एंट्री करने नहीं दी गई. वे गेट पर फरियाद करते और एंट्री के लिए गिड़गिड़ाते दिखीं और वे छात्राएं रो भी रही थीं।

### बेंगलुरु-मुंबई में प्रवेश से वंचित छात्र

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर 1:29 बजे एक घोषणा की गई कि गेट बंद होने से पहले यह आखिरी मिनट है. ठीक 1:30 बजे, नीट दिशानिर्देशों के अनुसार मुख्य द्वार बंद कर दिया गया, जो निर्धारित समय के बाद प्रवेश पर रोक लगाता है लेकिन, एग्जाम हॉल का अंदर का गेट भी बंद था और वे अंदर नहीं जा सके इसी तरह से मुंबई के परेल इलाके में महर्षि दयानंद कॉलेज में उस समय तनाव फैल गया, जब दो नीट उम्मीदवारों को देर से पहुंचने के बाद प्रवेश से वंचित कर दिया गया।

कॉलेज प्रशासन ने निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन किया और गेट बंद रखे, जिससे छात्रों ने बाहर हंगामा किया. एक छात्र कुर्ला का है, और दूसरा मुंबई से सटे डोंबिवली इलाके का है. इसी तरह की घटना एक चौथे स्टूडेंट के भी एक मिनट से एंट्री मिस करने की खबर है. पेरेंट्स ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की रैली की वजह से सड़कें पूरी तरह जाम थीं और ट्रैफिक मैनेज करने के लिए कोई पुलिस वाला नहीं था।

### नीट री-एग्जाम में नहीं मिली एंट्री तो रोते रहे छात्र




### देर से पहुंचे छात्रों का भविष्य दांव पर

एक अभिभावक ने बताया कि वे लोग घर से समय पर निकले थे, लेकिन जाम में फंस गए. उन लोगों ने सेंटर पर अधिकारियों से काफी फरियाद की, क्योंकि अभ्यार्थियों का भविष्य दांव पर लगा था, लेकिन उन लोगों ने कोई जवाब नहीं दिया और अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर जाने नहीं दिया।

इसी तरह से मध्य प्रदेश के भोपाल में दो स्टूडेंट्स को देर से आने पर नीट- यूजी री-एग्जाम के लिए एग्जाम सेंटर में एंट्री नहीं दी गई. एक कैंडिडेट के चाचा आमिर कादरी ने पीटीआई से कहा, 'मैं अपने भतीजे के साथ उसके एग्जाम के लिए यहां आया हूं. एग्जाम सेंटर जाते समय हमारा एक्सीडेंट हो गया और हमें थोड़ी देर हो गई, क्योंकि मेरे भतीजे को फर्स्ट एड की जरूरत पड़ गई थी. अब जब हम यहां पहुंच गए हैं, तो हमें एंट्री नहीं दी जा रही है. अधिकारी कह रहे हैं कि एग्जाम शुरू हो चुका है और हमें एंट्री नहीं दी जा सकेगी।

### नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के नियम का सख्ती से पालन

एग्जाम अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के नियम का पालन किया, जिसके तहत दोपहर 1:30 दोपहर बजे गेट बंद होने के बाद एंट्री पर सख्ती से रोक है. इस बीच, फेयर और स्मूद टेस्ट पक्का करने के लिए कड़ी सिक्योरिटी के बीच पूरे देश में नीट-यूजी एग्जाम शुरू हो गया।

एनटीए के मुताबिक, 95,000 से ज्यादा परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी की निगरानी की व्यवस्था की गई है. अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा के सख्त इंतजाम किये गये हैं. परीक्षा केंद्रों पर कुल 1,38,560 सीसीटीवी कैमरे और 51,311 जैमर लगाए गए हैं. दिल्ली में दोबारा परीक्षा दे रहे एक कैंडिडेट किशन ने कहा कि इस बार सिक्योरिटी का इंतजाम पहले के टेस्ट के मुकाबले ज्यादा टाइट था. एनटीए के अनुसार इस बार करीब 22 लाख अभ्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं।

## CJI और मंत्रियों के ब्रिटेन में बैडमिंटन खेलने की पोस्ट फर्जी, हटाने का आदेश- HC

● दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को सोशल मीडिया से झूठी पोस्ट्स तुरंत हटाने का सख्त आदेश दिया है

● ये पोस्ट CJI, सुप्रीम कोर्ट के जजों और मंत्रियों के सरकारी खर्च पर लंदन में बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेने के फर्जी दावों से जुड़े हुए हैं

● कोर्ट ने कहा कि ऐसी दुर्भावनापूर्ण जानकारी न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को धूमिल करती है

दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को सख्त आदेश दिया है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही झूठी पोस्ट्स तुरंत हटा दी जाएं. ये पोस्ट भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, सुप्रीम कोर्ट के कई जज, और कुछ केंद्रीय मंत्री से जुड़ा हुआ है. इन पोस्ट्स में गलत दावा किया गया था कि भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, सुप्रीम कोर्ट के कई जज और केंद्रीय मंत्री इस महीने की शुरुआत में सरकारी खर्च पर बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेने लंदन गए थे. कोर्ट ने कहा कि ऐसी गलत जानकारी से न्यायिक संस्थाओं की बदनामी होती है।

शुक्रवार को जस्टिस तेजस करिया की वेकेशन बेंच ने कहा कि ये पोस्ट देखने में ही गलत और दुर्भावनापूर्ण हैं। ये पोस्ट निश्चिततौर पर न्यायपालिका, कार्यपालिका और बैडमिंटन खेल का अपमान करने वाले थे। कोर्ट ने कहा, 'इस तरह के कंटेंट के लगातार फैलने से इन संस्थाओं की प्रतिष्ठा पर सीधा असर पड़ता है और अगर इसे तुरंत नहीं रोका गया, तो न्याय प्रणाली में जनता का भरोसा कम हो सकता है।'

### दिल्ली HC ने केंद्र को दिया हटाने का आदेश सर इसकी शॉर्ट हेडिंग



### क्या लगाया था आरोप?

कोर्ट बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (BAI) की याचिका पर सुनवाई कर रहा था. इसमें सोशल मीडिया कंटेंट को हटाने की मांग की गई थी. इसमें आरोप लगाया गया था कि वरिष्ठ जजों और मंत्रियों का एक बड़ा भारतीय प्रतिनिधिमंडल यूनाइटेड किंगडम में बैडमिंटन कार्यक्रम में शामिल हुआ था।

हालांकि, केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि सोशल मीडिया पर फैल रहे पोस्ट 'पूरी तरह से गलत और भ्रामक' थे. इस यात्रा के बारे में एक 'मनगढ़ंत कहानी' बनाने की कोशिश की गई थी, लेकिन जस्टिस करिया ने शुरुआत में ही कहा कि केंद्र सरकार के पास ऐसी जानकारी फैलाने वाले सोशल मीडिया मध्यस्थों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार है।

### 'पोस्ट में तस्वीरें पूरी तरह से हैं गलत'

कोर्ट ने कहा कि ये पोस्ट्स मुख्य न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों तथा केंद्रीय मंत्रियों के सम्मान को खराब करने के लिए सुनियोजित तरीके से फैलाई गई झूठी खबरों का अभियान था. ये पोस्ट्स सामान्य आलोचना या खबर नहीं हैं, बल्कि पूरी तरह झूठ पर आधारित हैं. इनमें गलत तस्वीरें वायरल की गई और उन लोगों को भी टूर्नामेंट में शामिल बताया गया, जो कोर्ट में पेश सबूतों के अनुसार वहां गए ही नहीं थे।

### क्या अब होगी मामले की जांच?

एसजी ने अनुरोध किया इस मामले की जांच होनी चाहिए और गलत जानकारी फैलाने वाले की पहचान की जानी चाहिए। वहीं, वरिष्ठ वकीलअपूर्व कुरुप ने सुझाव दिया कि ऐसी गलत जानकारी के बार-बार फैलने की समस्या से निपटने के लिए दिशानिर्देश की जरूरत है।

इस पर पीठ ने कहा कि सरकार आइटी एक्ट के तहत मीडिया और मध्यस्थों को निर्देश दे सकती है। पीठ ने यह भी कहा कि इस संबंध में निर्देश दिया जाएगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सर्पदंश से किशोरी की मौत

**लोटन( सिद्धार्थनगर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एकडेगवा में एक पन्द्रह वर्षीय किशोरी की सर्पदंश से मौत होने का घटना सामने आई है। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार आंचल( 15) पुत्री बबलू घर के बाहर खेल रही थी कि इसी बीच उसे जहरीले सांप ने काट लिया। लड़की रोती चिल्लाती आकर परिजनों से बताई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन ले गए। जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई।

### न्यायालय परिसर में महिला आरक्षी से अभद्रता कर पीटा, वर्दी फाड़ी

**बलरामपुर।** जनपद न्यायालय परिसर में ड्यूटी पर तैनात एक महिला आरक्षी के साथ अभद्रता, पिटाई और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। आरोपी ने महिला की वर्दी भी फाड़ दी। पीड़िता की तहरीर पर देहात कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला आरक्षी पूजा अवस्थी ने पुलिस अधीक्षक विकास कुमार को दिए गए प्रार्थना पत्र ने कहा है कि न्यायालय सुरक्षा में तैनात हैं। उन्होंने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि 11 मार्च 2026 की शाम करीब चार बजे वह एडीआर भवन परिसर में ड्यूटी कर रही थीं।इसी दौरान सीतापुर जनपद निवासी युवराज उर्फ पवन पांडेय वहां पहुंच गया और उनसे अभद्र व्यवहार करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए महिला आरक्षी के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने उन्हें जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। महिला आरक्षी द्वारा ड्यूटी का हवाला देकर साथ जाने से इनकार करने पर आरोपी और आक्रोशित हो गया। उनकी वर्दी की पट्टी, डोरी और कंधे का हुक फाड़ दिया। पीड़िता का आरोप है कि घटना का वीडियो बनाने के लिए जब उन्होंने मोबाइल निकाला तो आरोपी ने मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद आरोपी ने उन्हें और उनके मायके पक्ष को गंभीर परिणाम भुगतने तथा जान से मारने की धमकी दी। महिला आरक्षी ने बताया कि घटना से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और वह स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। तहरीर के आधार पर देहात कोतवाली की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, मारपीट, धमकी और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## चेन्नईः फैक्ट्री में अमोनिया गैस रिसाव से हड़कंप

● तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले के पेरीपालयम स्थित एक झींगा प्रोसेसिंग फैक्ट्री में अमोनिया गैस रिसाव से हड़कंप मच गया

इस दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 6 मजदूर शामिल हैं, जबकि 10 से अधिक गंभीर हालत में चेन्नई के स्टेनली अस्पताल में इलाजरत हैं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चेन्नईः** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में पेरीपालयम के पास एक कारखाने में अमोनिया गैस रिसाव से हड़कंप मच गया। गैस रिसाव की चपेट में आने से कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिससे उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज करा रहे सात लोगों की मौत हो गई है। 10 से अधिक लोग गंभीर हालत में हैं और चेन्नई के स्टेनली अस्पताल के गहन चिकित्सा इकाई में उनका इलाज चल रहा है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है.।तिरुवल्लूर जिले के पेरीपालयम के पास एक झींगा प्रसंस्करण कारखाना चल रहा है। इसमें कई मजदूर काम करते हैं. आज सुबह जब मजदूर काम कर रहे थे, अचानक अमोनिया

### 7 की मौत और 10 की हालत गंभीर




गैस का रिसाव होने लगा, जिससे कई मजदूरों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और उनकी तबीयत बिगड़ गई।

### सात लोगों की मौत

इस घटना में अमोनिया गैस रिसाव के कारण 45 से अधिक मजदूर बेहोश हो गए. उन्हें तुरंत इलाके के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. बताया जा रहा है कि बेहोश हुए कुछ लोगों के मुंह और नाक से खून भी बह रहा है. कुल 7 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें 6 मजदूर शामिल हैं. कुछ लोगों का चेन्नई के स्टेनली अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### राज्यपाल ने जताया दुख

तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है. राज्यपाल कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तिरुवल्लूर जिले के पेरियापलायम के पास कन्निकैपैयार गांव में स्थित झींगा प्रसंस्करण कारखाने में हुई अमोनिया गैस रिसाव की दुखद घटना से मैं अत्यंत व्यथित हूं, जिसमें अनेक लोगों की जान चली गई और कई श्रमिक घायल हो गए इस त्रासदी में अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है. मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें इस कठिन समय में शक्ति और साहस मिले. मैं यह भी प्रार्थना करता हूं कि उपचार करा रहे सभी लोग शीघ्र स्वस्थ हो जाएं।

### तहसील दिवस पर आये आवेदन पत्रो के निस्तारण की डीएम के टेस्टिंग में फेल

**18 राजस्व निरीक्षकों लेखपालो को प्रतिकूल प्रविष्टि कारण बताओ नोटिस।**

**ब्यूरो प्रयागराज।** तहसील फूलपुर, प्रयागराज में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा द्वारा विगत तहसील दिवस के निस्तारित प्रकरणों में से रैण्डम आधार पर 51 निस्तारित प्रकरणों का परीक्षण 17 जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया गया, जिसमें 21 ऐसे प्रकरण पाये गये जो जिला स्तरीय अधिकारियों के परीक्षण में शिकायतकर्ताओं से असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी के निर्देश क्रम में बगैर स्थलीय निरीक्षण किये कार्मिकों को विभागीय कार्यवाही, सतही आख्या प्रस्तुत करने वाले कार्मिकों को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं संतोषजनक आख्या न प्रस्तुत करने वाले कार्मिकों कठोर चेतावनी निर्गत किये जाने के निर्देश दिये गये है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

1- श्री विमलेश कुमार यादव, उप खण्ड अधिकारी, सिकन्दरा-प्रतिकूल प्रविष्टि

2-श्रीमती अर्चना यादव, लेखपाल फूलपुर-कारण बताओ नोटिस

3-श्री अजीत कुमार, लेखपाल, फूलपुर-विभागीय कार्यवाही




न्यू ड्रीम सोशल एजुकेशनल ट्रस्ट
पता 545KA/NK 690 गोविन्द नगर पारा लखनऊ
अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार
सचिव अलका
कोषाध्यक्ष अलोक वर्मा
प्रबंधक अमित कुमार
रजिस्ट्रार अखंड प्रताप यादव
आशीष संजय सरोज आदि उपस्थित रहे
विधार्थियो व कार्यक्रम में आए हुए लोगों को पुरस्कार दिया गया

## सूखती फसलों को मिला 'जीवनदान': किसानों की गुहार पर जागा सिंचाई विभाग, कोहरगड्डी बांध से छोड़ा गया पानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** विकासखंड पचपेड़वा के ग्राम पंचायत बीरपुर सेमरा और आस-पास के गांवों में मौसम की बेरुखी से मचा हाहाकार अब राहत में बदल गया है। लंबे समय से बारिश न होने के कारण खेतों में दरारें पड़ने लगी थीं और किसानों की खून-पसीने से तैयार धान की नर्सरी पानी के अभाव में दम तोड़ रही थी। फसलें सूखकर बर्बाद होने की कगार पर थीं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का डर सता रहा था।

**ग्रामीणों की एकजुटता रंग लाई** संकट गहराता देख बीरपुर सेमरा व आस-पास के ग्रामीणों ने एकजुट होकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। किसानों ने दोटूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि कोहरगड्डी बांध का पानी तुरंत नहरों में नहीं छोड़ा गया, तो पूरे इलाके की फसलें पूरी तरह चौपट हो जाएंगी।

**विभाग की त्वरित कार्रवाई से किसानों में हर्ष** किसानों की इस गंभीर



समस्या को देखते हुए सिंचाई विभाग ने तत्काल संज्ञान लिया। अधिकारियों के निर्देश पर बिना समय गंवाए कोहरगड्डी बांध से नहरों में पानी छोड़ दिया गया। खेतों को मिला नया जीवनः जैसे ही सूखी नहरों में पानी की कलकल गूंजी, बीरपुर सेमरा समेत तमाम गांवों के किसानों के चेहरे खिल उठे।

युद्ध स्तर पर सिंचाईः खेतों में पानी पहुंचते ही सिंचाई का काम तेजी से शुरू हो गया, जिससे दम तोड़ती फसलों को नया जीवन मिल गया है। 'समय रहते पानी मिलने से हमारी डूबती उम्मीदों को सहारा मिल गया है। अगर दो-चार दिन और पानी न मिलता, तो हमारी पूरी मेहनत मिट्टी में मिल जाती।'

## भ्रष्टाचार छिपाने हेतु जांच अधिकारी अरुण कुमारपटेल नही प्रेषित कर रहे जांच रिपोर्ट

● जांच अधिकारी अरुण पटेल के बिगड़े बोल नहीं दी जाएंगी आख्या कार्य होगा शून्य

● सुविधा शुल्क के बोझ तले दबे बीडीओ -सचिव/रोजगार सेवक पर कार्रवाई करने को कांप रहे हाथ नहीं रूक रही है फर्जी हाजिरी ग्राम पंचायत नरहरपुर में

● जांच अधिकारी रुपया लेकर मामले को रफा दफा करना चाह रहे हैं हनी भरे तालाब में रोजगार सेवक लग रहा हैफ़र्जी हाजिरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज ब्लॉक के नरहरपुर गांव में तालाब खुदाई कार्य में मनरेगा के तहत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की शिकायत सामने आई थी। इस मामले को समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद,जिला ग्राम्य विकास अभिकरण बस्ती ने कड़ा रुख अपनाया था और खंड विकास अधिकारी कप्तानगंज से स्पष्टीकरण तलब किया था।बीडीओ कप्तानगंज ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक जांच अधिकारीअरुण कुमार पटेल को मौके पर भेजकर जांच तो करवा ली, लेकिन एक सप्ताह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी जांच अधिकारीअरुण कुमार पटेल ने अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को नहीं सौंपी है।प्राप्त समाचार के अनुसार बीडीओ कप्तानगंज के मातहत क्रमचारी ग्राम पंचायत नरहरपुर के पानी भरे तालाब में लगी फर्जी हाजिरी की जांच तो कर लिया है । किन्तु एक सप्ताह बाद भी आख्या प्रेषित नही किया गया है।

उनका यह रवैया बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि जांच आख्या को दबाने और मामले को ठंडे बस्ते में डालने के लिए जानबूझकर हीला-हवाली की जा रही है वही जांच अधिकारी अरुण




कुमारपटेल के बोल भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। मीडिया से बातचीत में जांच अधिकारी अरुण कुमारपटेल ने बताया कि 'आख्या नहीं दी जाएगी और कार्य शून्य होगा', जिससे पूरी जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। चर्चाओं का बाजार गर्म है कि सुविधा शुल्क के भारी बोझ तले दबे होने के कारण जिम्मेदार अधिकारी सचिव और रोजगार सेवक पर कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं ।

यह रिपोर्ट साफ तौर पर दर्शाती है कि कैसे धरातल पर भ्रष्टाचार की जांच को दबाने के लिए 'सुविधा शुल्क' और प्रशासनिक सांठगांठ का सहारा लिया जा रहा है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग करने वाले दोषियों को शह मिल रही है । वहीं बीडीओ का सचिव व रोजगार सेवक पर कानूनी कार्रवाई करने को हाथ कांप रहे हैं। सचिव रोजगार सेवक सुनील कुमार तथा प्रधान के द्वारा फर्जी हाजिरी लगाने का आरोप सत्य पाया गया लेकिन आज तक वीडियो द्वारा कार्रवाई क्यों नहीं किया गया गम्भीर सवाल खड़ा हो रहा है।

# संक्षिप्त खबरें

## बस्ती जिले केमुण्डेरवां थाना क्षेत्र में सुटखोरों के दबाव में किराना व्यवसायी ने लगाई फांसी

**बस्ती।** बस्ती जिले मुण्डेरवां थाना क्षेत्र के रामपुर रेवटी गांव के उमेश अग्रहरि (45) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वे इसी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर मंझरिया चौराहे पर किराने की दुकान चलाते थे। इसके ऊपर किराये का कमरा लेकर रहते थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होने लोगों से ब्याज पर कुछ रूपये उधार लिये थे। इसको लेकर वे हमेशा तनाव मे रहते थे। रविवार सुबह उनके मकान मालिक टहलने निकले तो उन्होने उमेश अग्रहरि को फंदे से लटकते देखा। उस वक्त उनकी सासें चल रही थीं। उन्होने इसकी सूचना तत्काल परिजनों को दी, परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हे फंदे से उतारकर सीएचसी मुण्डेरवां ले गये। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों मे कोहराम मच गया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। स्थानीय पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। बड़ा सवाल ये है कि कर्ज के दबाव मे आये दिन लोग आत्मघाती कदम उठा रहे हैं, इस पर रोक कब लगेगी।

## 4 वर्षीय बच्ची के अपहरण मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस को मिली सफलता



**बस्ती।** बस्ती के कोतवाली पुलिस ने 4 वर्षीय बच्ची के अपहरण के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने अभियुक्त को अपहृत बच्ची के साथ बरामद कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय भेज दिया। क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि कोतवाली में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 268/2026, धारा 140(1) बीएनएस के तहत वांछित अभियुक्त जाकिर अली पुत्र जाबिर अली निवासी ग्राम असाढ़, थाना पश्चिम शरीरा, जनपद कौशांबी को 20 जून 2026 को मुड़घाट कटरा तिराहा हाईवे क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय अपहृत 4 वर्षीय बच्ची भी अभियुक्त के साथ सकुशल बरामद कर ली गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। बच्ची के सकुशल बरामद होने से परिजनों ने राहत की सांस ली है।इस कार्रवाई को सफल बनाने में चौकी प्रभारी बड़ेवन उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र शर्मा, कांस्टेबल राजू यादव तथा महिला कांस्टेबल पूजा यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की तत्परता और सक्रियता से अपहरण के मामले का शीघ्र खुलासा संभव हो सका।कोतवाली पुलिस की इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए बच्ची की सुरक्षित बरामदगी पर संतोष व्यक्त किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन




**बस्ती।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डिंगरापुर जनकल्याण समिति द्वारा शनिवार को योग शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए लोगों को दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। योग शिविर के बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। समिति के सचिव के.के. सिंह ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। उन्होंने ग्रामवासियों से योग को अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान 'स्वस्थ तन, स्वस्थ मन- योग अपनाएँ, हरा-भरा डिंगरापुर- पौधे लगाएँ' का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह, वीर सिंह, राहुल सिंह, संजीव सिंह, चंद्रभान सिंह, अमर प्रकाश सिंह, हृदयराम, बुद्धिराम सहित ग्राम पंचायत के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# बस्ती में नहीं थम रहा मौत का सिलसिला, थाल्हापार में अर्जुन के पेड़ से लटकता मिला 55 वर्षीय ग्रामीण का शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जनपद बस्ती में लगातार सामने आ रही असामान्य मौतों की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। आए दिन जिले के किसी न किसी हिस्से से आत्महत्या, संदिग्ध परिस्थितियों में मौत अथवा शव मिलने की खबरें सामने आ रही हैं। इसी क्रम में रविवार को लालगंज थाना क्षेत्र से एक और हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के थाल्हापार गांव निवासी रुदल (55 वर्ष) का शव गांव से लगभग एक किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित ईचाढवा नाले के किनारे समय माता मंदिर के पास एक अर्जुन के पेड़ से लटकता हुआ मिला। रविवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर पेड़ से लटक रहे शव पर पड़ी। देखते ही देखते यह सूचना पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में फैल गई।

घटना की खबर मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव पेड़ से लटका हुआ था और घटनास्थल का दृश्य बेहद मार्मिक एवं दर्दनाक था। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।

मृतक की मौत को लेकर क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं हो रही हैं। कुछ लोग इसे आत्महत्या मान रहे हैं, जबकि कुछ ग्रामीण मामले की गहन और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने से पहले किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है।

यहां बताते चलें कि बीते कुछ सप्ताहों में बस्ती जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगातार असामान्य मौतों की घटनाएं सामने आई हैं। कहीं पेड़ से लटकता शव मिला, कहीं खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में किसी व्यक्ति का शव बरामद हुआ, तो कहीं रेलवे ट्रैक पर दर्दनाक हादसों ने लोगों को स्तब्ध कर दिया। इन घटनाओं ने जिले में चिंता का विषय खड़ा कर दिया है।थाल्हापार की यह घटना भी अपने पीछे कई सवाल छोड़ गई है। आखिर रुदल की मौत किन परिस्थितियों में हुई? क्या यह आत्महत्या का मामला है या इसके पीछे कोई अन्य कारण छिपा है? इन सवालों के जवाब अब पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आ सकेंगे। फिलहाल क्षेत्र के लोग पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई उजागर करने की मांग कर रहे हैं।

## 48 घंटे के भीतर हत्या का खुलासा, सगे भाई और भतीजे निकले हत्यारे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जनपद बस्ती की थाना वाल्टरगंज पुलिस ने स्वाट एवं सर्विलांस टीम के सहयोग से महज 48 घंटे के भीतर एक हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ईट और मृतक का मोबाइल फोन भी बरामद किया है।क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि थाना वाल्टरगंज में 19 जून 2026 को शिवकुमार चौधरी पुत्र स्वर्गीय रामदीन निवासी रतनपुर अर्जुन द्वारा सूचना दी गई थी कि उनके भाई बाबूलाल चौधरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 139/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

विवेचना के दौरान सामने आया कि मृतक बाबूलाल चौधरी का अपनी पत्नी से तलाक हो चुका था और उसकी कोई संतान नहीं थी। कुछ समय पूर्व जमीन बिक्री से प्राप्त धनराशि और पैतृक संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद चल रहा था। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि मृतक के हिस्से की जमीन और धनराशि पर कब्जा करने की नीयत से उसके सगे भाई शिवकुमार चौधरी और भतीजे पंकज चौधरी ने मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर 21 जून 2026 को अभियुक्त शिवकुमार चौधरी पुत्र स्वर्गीय रामदीन तथा पंकज चौधरी पुत्र शिवकुमार चौधरी, निवासी रतनपुर अर्जुन, थाना वाल्टरगंज, जनपद बस्ती को रतनपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने हत्या की घटना स्वीकार की, जिसके बाद उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ईट (आला कत्ल) और मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर उन्हें न्यायालय भेजा जा रहा है। इस सफल कार्रवाई में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज सूर्य प्रकाश सिंह, प्रभारी स्वाट/सर्विलांस उपनिरीक्षक शैलेन्द्रनाथ यादव, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह, उपेन्द्र शर्मा, हेड कांस्टेबल जीतेन्द्र यादव, पवन तिवारी, सर्विलांस टीम के देवेश यादव, संतोष यादव सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस के अनुसार संपत्ति और पैसों के लालच में रिश्तों का कत्ल करने वाली इस वारदात का खुलासा 48 घंटे के भीतर कर लिया गया, जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बलरामपुर में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा, न्यायालय भेजा गया

**बलरामपुर।** जनपद के श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत श्रीदत्तगंज पुलिस को यह सफलता मिली। अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी उतरौला के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार थाना श्रीदत्तगंज में पंजीकृत मुकदमा संख्या 77/2026 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1), 115(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) के तहत दर्ज मामले में वांछित अभियुक्त को रविवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 26 वर्षीय मोहम्मद दानिश पुत्र एहसान उल्ला निवासी ग्राम बनई पिपरा याकूब थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष अविरल शुक्ला के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजमन कनौजिया, आरक्षी रवि वर्मा तथा आरक्षी बृजेन्द्र प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी तथा दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

## सपा 'सामाजिक न्याय यात्रा' एवं पीडीए पंचायत का दो दिवसीय कानपुर दौरा से संपन्न



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय अखिलेश यादव के आह्वान तथा प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्याम लाल पाल के निर्देशन में राष्ट्रीय सचिव सरदार कुलदीप सिंह भुल्लर का दो दिवसीय कानपुर दौरा रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान शहर के विभिन्न गुरुद्वारों और सामाजिक स्थलों पर सिख समाज, व्यापारियों, युवाओं एवं विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ संवाद स्थापित किया गया तथा पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। कानपुर आगमन पर अमरजीत सलूजा के नेतृत्व में राष्ट्रीय सचिव सरदार कुलदीप सिंह भुल्लर का भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात उनके आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सिख समाज के प्रबुद्ध लोगों ने उनका अभिनंदन किया। दो दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने कीर्तनगढ़ गुरुद्वारा साहिब, गुरु तेग बहादुर गुरुद्वारा साहिब, ऐतिहासिक गुरुद्वारा भाई बन्नो साहिब, रामगढ़िया गुरुद्वारा साहिब एवं लाटूश रोड गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर संगत को संबोधित किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अमेठी में दिखा उत्साह

● जनप्रतिनिधियों से लेकर पुलिस कर्मियों तक ने किया योग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे देश के साथ- साथ अमेठी जनपद में भी योग को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों ने सामूहिक एवं व्यक्तिगत रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। विकासखंड शुकुल बाजार में भी योग दिवस बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योग कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।विकासखंड शुकुल बाजार क्षेत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला ने अपने आवास पर प्रातःकाल योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। नियमित योग करने से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने युवाओं से प्रतिदिन योग करने की अपील करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है।वहीं भाजपा मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा ने भी अपने आवास पर योगाभ्यास कर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भागदौड़ भरी जीवनशैली के कारण लोगों में तनाव एवं विभिन्न बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में योग मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मन को भी शांत और एकाग्र बनाता है।इसी क्रम में बाजार शुक्ल थाना परिसर में थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में समस्त पुलिस स्टाफ ने सामूहिक योगाभ्यास किया। थाना अध्यक्ष ने पुलिस कर्मियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन एवं व्यस्त दिनचर्या के बीच योग मानसिक तनाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग से शरीर स्वस्थ रहता है और कार्य क्षमता में भी वृद्धि होती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने योग कर 'करें योग, रहें निरोग' का संदेश देते हुए स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

## राज्य मंत्री, नोडल अधिकारी, अन्य जनप्रतिनिधिगण व जन सामान्य ने किया योगाभ्यास

● 'एक पेड़ मां के नाम' से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** 'Yoga For Healthy Aging' थीम पर आधारित 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज के प्रांगण में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह नोडल अधिकारी नितीश कुमार प्रबंध निदेशक उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, विशेष कार्याधिकारी राममिलन सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला सहित अन्य जनपदीय अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व जन सामान्य ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार वर्मा, प्रेम सुधा सिंह एवं गौरव मौर्या द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के विभिन्न आसन सिखाए गए एवं योग करने से होने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन व योगाभ्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसके उपरांत यहां पर सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया है। इस अवसर पर राज्य मंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आवाह्न किया तथा योग से होने वाले लाभों के बारे में बताया। नोडल अधिकारी नितीश कुमार ने भी सभी लोगों से नियमित योग करने की अपील किया तथा कहा कि नियमित योग करने से हम स्वस्थ रहने के साथ ही विभिन्न बीमारियों से भी बच सकते हैं इसलिए आवश्यक है कि आप सभी लोग योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें।

जिलाधिकारी संजय चौहान ने संबोधित करते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार से हमारी केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने योग और भारतीय परंपरा को जीवन पद्धति के तौर पर अपनाने की जो पहल की है उससे आने वाले समय में और इस आधुनिकता वाले युग में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिलेगा। योगाभ्यास के उपरांत राज्य मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने पुलिस लाइन के परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' से पौधारोपण कर जनपद वासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आज 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद की समस्त तहसीलों, विकासखंडों, थानों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अमृत सरोवर, पंचायत भवन, विद्यालयों, वृद्धाश्रम, स्टेडियम आदि स्थानों पर भी योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के महत्व के बारे में बताया गया एवं नियमित योग करने की अपील भी की गई। आज 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे जिले में योग की धूम रही सभी लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया और योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का प्रण लिया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में उक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, आयुष विभाग के नोडल डॉक्टर अनुपम श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं व जन सामान्य मौजूद रहे।

## जनपद बस्ती, 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम अमर शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में योग प्रशिक्षक सन्नों दुबे, सूर्य प्रताप सिंह व डॉ. प्रवेश के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास किया गया।कार्यक्रम में पूर्व सांसद/असम भाजपा प्रभारी हरीश द्विवेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, भाजपा नेता जगदीश शुक्ला, पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव त्यागी, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव निगम, उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक, राजेश यादव, रश्मि यादव, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, पीडी आनंद गुप्ता, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, डीपीआरओ घनश्याम सागर, डीएसटीओ मनोज श्रीवास्तव, डीआईओ एनआईसी आलोक मिश्रा, उप कृषि निदेशक अशोक कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी हितेन्द्र कुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी दिलीप कुमार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी, गणमान्य छात्र-छात्राएं, विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### खुद व परिजनों को निरोग रखने का लिया संकल्प

योगाभ्यास कार्यक्रम में सभी ने प्रतिभाग कर खुद के साथ-साथ अपने परिजनों को खुश व निरोग रहने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एलईडी स्क्रीन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को सुना। योग से मिलती है समृद्धिः हरीश द्विवेदी पूर्व सांसद/असम प्रभारी हरीश द्विवेदी ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक शांति और सम्पूर्ण कल्याण के लिए भी आवश्यक है। योग से हम समृद्धि प्राप्त कर सकते हैं और यह परम्परा हमें अपने परिवार के बच्चों को भी सिखानी चाहिए। हमें अपने मन को भी संतुलित रखना चाहिए। योग प्रशिक्षकों का हुआ सम्मान इस अवसर पर योग प्रशिक्षक सन्नों दुबे, सूर्य प्रताप सिंह व डॉ. प्रवेश को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह द्वारा किया गया।

## भावी विधानसभा प्रत्याशी महादेवा तेजाजी ने महिलाओं का किया सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केमहादेवा विधानसभा के श्रद्धा मैरिज हॉल कुदरहा में राम जानकी मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं का जन सैलाब उमर पडा, इस तपती हुई धूप में एक नए अंदाज में महिलाओं ने कार्यक्रम में बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया इस कार्यक्रम में प्रत्येक ग्राम सभा की महिलाएं उपस्थित रही सभी लोगों ने संकल्प लिया कि तेजा भाई विधानसभा प्रत्याशी हम लोगों के सुख-दुख में हमेशा उपस्थित रहते हैं और हर तरह से मदद संभव के प्रयास में रहते हैं इनकी जन सेवा की भावना को देखते हुए सभी महिलाओं ने जिस तरह अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है इस सक्रियता को देखते हुए 311 विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी महादेवा तेजाजी के ऊपर विश्वास समर्पण ने जनसेवा की अनोखी पहल की। प्रत्येक चौराहों पर निशुल्क जल वितरण करके पिछले सप्ताह कार्यक्रम किया गया था चौराहे पर प्याऊ जल सेवा का शुभारंभ किया गया यह कारवां लगभग विधानसभा महादेव के कोने-कोने प्रत्येक चौराहों पर राहगीरों और आमजन को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा था इसी को देखकर सभी महिलाओं ने मन बना लिया है कि तेजाजी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हम लोग साथ चलेंगे और इनको आगे बढानें का काम करेंगे निस्वार्थ भाव से सेवा में समर्पित रहते हैं बिना भेदभाव के इनको विधानसभा में पहुंचने का काम किया जाएगा।

इस दौरान तेजाजी ने लोगों को लू और गर्मी से बचाव के उपाय भी बताए। उन्होंने अपील की कि दोपहर में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, पर्याप्त पानी पिएं, सिर को गमछा या टोपी से ढकें और छायादार जगह पर आराम करें। तेजाजी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्याऊ जल सेवा अभियान चलाया जा रहा है, ताकि राह चल रहे लोगों को गर्मी में पीने का पानी आसानी से मिल सके। और सभी महिलाओं को गिफ्ट देकर सम्मानित भी किया कार्यक्रम में मौजूद रहेः विपिन आलोक यादव प्रत्येक विश्वकर्मा अर्जुन कुमार, अनुप, आदित्य, राहुल, सूरज राजभर, दीपक विपिन शर्मा देव नाथ आर्या, धनश्याम प्रधान, सुदीप कुमार कनौजिया, राजमणि चौधरी, उमर फारूख, अंकुर तिवारी, अरविंद तिवारी, अंकित कुमार, शैलेन्द्र मौर्य सहित सैकड़ो कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## नामजद तहरीर देने के बावजूद अभी तक पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के छावनी थानान्तर्गत ग्राम कलानी खुर्द, निवासी पवन कुमार तिवारी ने आरोप लगाया है कि उनकी 80 वर्षीय माता श्रीमती बदामा देवी पत्नी श्री राम कुबेर तिवारी की दिनांक 16 जून 2026 की सुबह नृशंस हत्या कर दी गई, लेकिन नामजद तहरीर देने के बावजूद अभी तक पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पवन कुमार तिवारी के अनुसार उनकी माता दैनिक क्रिया हेतु घर से बाहर गई थीं, तभी गांव के रामसूरत तिवारी पुत्र राम मिलन तिवारी, अरुण तिवारी, राधा देवी पत्नी अरुण कुमार तथा सुरेश तिवारी ने मिलकर उनकी हत्या कर दी। परिजनों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर कठोर एवं भारी वस्तु से गंभीर चोट लगने के कारण मृत्यु होना बताया गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना का कारण पैतृक संपत्ति विवाद है। मृतका ने अपनी संपत्ति अपने पुत्र पवन कुमार तिवारी एवं विधवा पुत्री किरण के नाम कर दी थी, जिससे आरोपीगण नाराज थे। मृतका ने पूर्व में भी अपनी जान को खतरा बताते हुए कई बार थाना एवं मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया है कि पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है और उल्टा बयान बदलने तथा समझौता करने के लिए धमकाया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, बस्ती कार्यालय में भी प्रार्थना-पत्र दिया जा चुका है। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, पुलिस महानिदेशक, मानवाधिकार आयोग एवं मीडिया से मामले की निष्पक्ष जांच, तत्काल एफआईआर दर्ज करने, दोषियों की गिरफ्तारी तथा परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

## खैराबाद ब्लॉक में मनाया गया योग दिवस




**सीतापुर** मेरा युवा भारत, सीतापुर युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में डी.जे. इंटर कॉलेज खैराबाद सीतापुर में 21वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित सभी अतिथियों को बैच लगाकर किया गया । इसी के क्रम में श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव ,प्रधानाध्यायक के द्वारा योग के लाभ , योग और स्वस्थ वृद्धावस्था पर विस्तार से चर्चा करते हुए श्री लक्ष्मी नारायण ,प्रवक्ता द्वारा उपस्थित सभी माय भारत वालंटियर और एन. सी. सी. वालंटियर को योग कराया गया। कार्यक्रम का संयोजन खैराबाद के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक योगेश कुमार द्वारा किया गया। माय भारत सीतापुर की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के भांभर रेंज में मनाया गया 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर (भांभर):** 21 जून 2026 को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के वन विश्राम भवन, भांभर रेंज में एक विशेष 'वन योग कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। रेंजर श्री योगेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रकृति की शांत वादियों के बीच वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा बलों ने मिलकर योग का अभ्यास किया और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ उत्तम स्वास्थ्य का संदेश दिया।

प्रातःकाल आयोजित इस योग शिविर में वन विभाग की टीम के साथ-साथ देश की सुरक्षा में तैनात सशस्त्र सीमा बल (स्स्ब) के जवानों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जवानों और वन कर्मियों का यह अनूठा संगम अनुशासन और स्फूर्ति की मिसाल पेश कर रहा था। इसके अलावा क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

समाजसेवियों और ग्रामीणों ने भी लिया हिस्सा योग केवल सरकारी अमले तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें स्थानीय समाज की भी गहरी भागीदारी दिखी। क्षेत्र के युवा समाजसेवी सुनील कुमार त्रिपाठी, बबलू वाल्मीकि, रमेश कुमार यादव, और रामसूरत ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर विभिन्न आसन और प्राणायाम किए। रेंजर श्री योगेश कुमार सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि, 'प्रकृति और योग का गहरा संबंध है। जंगलों के बीच योग करने से मानसिक शांति और शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है, जो हमारे फेफड़ों और संपूर्ण शरीर के लिए संजीवनी का काम करती है।' कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने दैनिक जीवन में योग को अपनाने और सोहेलवा के जंगलों व वन्यजीवों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### योग मन,शरीर और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान- सिद्धार्थ सिंह

**लालगंज,रायबरेली।** कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया जो प्रशिक्षित खेल अध्यापकों के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने कहा कि योग के द्वारा शारीरिक गतिविधियों पर नियंत्रण कर हम अपना जीवन निरोगी बना सकते हैं इसलिए सभी को चाहिए कि प्रशिक्षित योग शिक्षक से सलाह लेकर ही शरीर को फिट रखने वाले योग करें। प्रबंधक शांतनु ने कहा कि निश्चय ही योग और खेलों का शारीरिक,मानसिक और सामाजिक क्षेत्र में अपना विशेष महत्व है इसलिए छात्र जीवन में तो योग और खेलों का नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए। 21 जून 2026 दिन रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं अपने शरीर को फिट रखने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः सामूहिक योग सत्र में छात्र, शिक्षक,अभिभावकों ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया। विद्यालय के खेल व योग प्रशिक्षक ओमशिव यादव व विनीत सिंह ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन,हलासन,नौकासन, भुजंगासन,शीर्षासन आदि आदि योगिक आसनों के साथ-साथ प्राणायाम और ध्यान की विधियों का प्रदर्शन कर सभी को उनके द्वारा होने वाले लाभों के बारे में बताया।इस अवसर पर योग शिविर कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को योग के प्रति जागरूक करते हुए प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने कहा योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मन,शरीर और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है,यह हमें तनाव मुक्त जीवन जीने और स्वस्थ समाज बनाने की प्रेरणा देता है इसलिए आप सभी को योग को जन-जन तक पहुंचना चाहिए ताकि एक स्वस्थ और सकारात्मक समाज का निर्माण हो सके।इस अवसर पर प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन,रविंद्र सिंह,नीरज सिंह, विष्णु सिंह,प्रशांत दुबे, अविनाश साहू,संदीप सिंह के साथ-साथ छात्रों ने भी योग शिविर में सहभागिता की।यह जानकारी बीएमपीएस के जनसंपर्क अधिकारी यशबहादुर यादव ने दी।

### किसी भी सूरत में गलत लोगों और गलत कामों में साथ नहीं देना चाहिए: हाशमी



**खैराबाद सीतापुर-** स्थानीय दरगाह हाफिज असलम मियां में मजलिस को संबोधित करते हुए ज़ाकिर सैय्यद फुरकान मियां ने कहा कि हमें किसी भी सूरत में गलत इंसान और गलत कामों में ना तो मदद करनी चाहिए और ना ही उन कामों को करने वालों से कोई मामला रखना चाहिए इसके लिए भले ही अपनी जान की बाज़ी ही क्यों न लगानी पड़े लेकिन सच और झूठ में कोई मेल नहीं हो सकता यह बात 10 दिवसीय मजलिसे मोहर्रम के क्रम में पांचवें दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जाकिर अलहाज सैयद फुरकान मियां हाशमी ने कही। हाशमी ने वाकया कर्बला के संबंध में बताया कि सन 61 हिजरी में तीन मोहर्रम को मक़ामे नैनवा जो आज कर्बला के नाम से जाना जाता है के मैदान में हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों तथा परिवार के खेमे लग गए थे ,और झूठ का साथ न देने के लिए एक साथ सच्चाई की जीत के लिए तैयार थे चार मोहर्रम से बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया था याद रहे कि हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम बिल्कुल जंग करना नहीं चाहते थे और न ही इस ग़रज़ से वहां तशरीफ़ ले गए थे लेकिन वहां यज़ीद मलऊन की नियत ही खराब थी उस बदबख़्त ने सबसे पहले हजरत मुस्लिम बिन अकील को संदेश भेजा कि मेरे साथ हो जाओ और मेरे हाथ पर बैयत हो जाओ यानी मुझे अपना रहनुमा मान लो और हुसैन का साथ छोड़ दो इस पर हजरत मुस्लिम बिन अकील ने जवाब दिया कि हम ईमान वाले हैं और अहले बैत व औलाद ए रसूल का साथ किसी भी सूरत में छोड़ नहीं सकते हां इतना जरूर है की इनके लिए हम अपना सर कलम करवा सकते हैं और ऐसा ही हुआ की अहले बैत से मोहब्बत करने की सज़ा में यजीद ने आपका सर कलम करवा लिया और आप जामे शहादत पीकर जन्नती हो गए मारक ए कर्बला में शहीद होने वालों में सबसे पहला नाम हज़रत मुस्लिम बिन अकील का आता है यह शहादत हमें सबक देती है कि हम कभी भी गलत इंसान और गलत काम का साथ न देकर सच्चों का साथ दें फिर इसके लिए हमें चाहे जो कुर्बानी देनी पड़े इसके बाद ज़ाकिर सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी ने मुल्क व मिल्लत के लिए दुआ की, इस अवसर पर सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे और वाकया कर्बला सुनकर सभी की आंखें आंसुओं से भरी हुई थी और रसूल के नवासे पर ज़ुल्म करने वालों के लिए अल्लाह से बद्दुआ भी कर रहे थे।

# कोडीनयुक्त कफ सीरप तस्करी कांड के मास्टरमाइंड शुभम और साथियों पर कसा गया शिकंजा- 35 करोड़ संपत्ति होगी कुर्क

● एसटीएफ ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में तीनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 209 के तहत नया मुकदमा दर्ज कराया था।




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सीरप तस्करी मामले में फरार चल रहे मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल और उसके सहयोगियों पर एसटीएफ ने शिकंजा अधिक कस दिया है। न्यायालय ने शनिवार को शुभम जायसवाल, वरुण सिंह और गौरव जायसवाल की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दे दिया है। कोर्ट से आदेश मिलने के बाद एसटीएफ जल्द ही इनकी 35 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति कुर्क करेगी। इसमें मकान, फ्लैट, पुश्तैनी संपत्ति, दुकानें, वाहन और अन्य चल-अचल संपत्तियां शामिल हैं। आगामी सप्ताह में कुर्की की कार्रवाई शुरू की जाएगी। तीनों आरोपितों को पहले ही न्यायालय ने भगोड़ा घोषित किया है। गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी होने और कुर्की के नोटिस चस्पा करने के बावजूद आरोपित अदालत में हाजिर नहीं हुए। इसे अदालत की अवहेलना मानते हुए एसटीएफ ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में तीनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 209 के तहत नया मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद न्यायालय ने शनिवार को संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी कर दिए। एसटीएफ मुख्यालय में तैनात निरीक्षक अंजनी कुमार पांडेय ने वर्ष 2024 में प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सीरप तस्करी के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान वाराणसी निवासी शुभम जायसवाल, वरुण सिंह और गौरव जायसवाल के नाम सामने आए थे। इसके बाद जांच में उन पर धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोप तय किए गए। चार फरवरी 2026 को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट ने तीनों के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया था। उन्हें फरार घोषित कर निर्धारित अवधि में अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया, लेकिन हाजिर नहीं हुए।

**16 आरोपित जा चुके हैं जेल**

एसटीएफ इस मामले में अब तक बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह, अमित सिंह टाटा, विकास सिंह नर्वे, विभोर सिंह समेत 16 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। कई आरोपितों के खिलाफ अलग-अलग चरणों में चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। वहीं जांच में 13 अन्य लोगों के नाम सामने आने के बाद कुल 16 आरोपितों की गिरफ्तारी अभी बाकी है।

**क्या था मामला**

एसटीएफ ने वर्ष 2024 में प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सीरप की तस्करी का भंडाफोड़ किया था। जांच में खुलासा हुआ था कि फर्जी दस्तावेजों और बिलों के सहारे बड़े पैमाने पर नशीले कफ सीरप की खरीद-फरोख्त की जा रही थी। आरोपितों पर अवैध सप्लाई चेन संचालित करने, फर्जी कागजात तैयार करने और कारोबार को छिपाने के आरोप हैं। एसटीएफ का मानना है कि गिरोह लंबे समय से कई राज्यों में नेटवर्क संचालित कर रहा था। अब फरार मास्टरमाइंड और उसके सहयोगियों की संपत्ति कुर्क होने के बाद जांच को और गति मिलने की उम्मीद है।

## बाबा साहब के अस्थि कलश व प्रतीकों को हटाने के विरोध में आज होगी रणनीतिक बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में डॉ. भीमराव अंबेडकर महासभा परिसर, 10 विधानसभा मार्ग स्थित बाबा साहब के पावन अस्थि कलश, बुद्ध प्रतिमा, बोधि वृक्ष एवं अशोक स्तंभ सहित अन्य आस्था प्रतीकों को स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में बहुजन एवं बौद्ध समाज की विभिन्न समितियों और सामाजिक संगठनों की एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक रविवार, 21 जून को आयोजित की जाएगी। बौद्ध-अंबेडकर समितियों एवं सामाजिक संगठनों (एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय) की ओर से जारी अपील में कहा गया है कि 14 अप्रैल 2026 को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 10 विधानसभा मार्ग स्थित डॉ. अंबेडकर महासभा भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) द्वारा बाबा साहब के पावन अस्थि कलश, बुद्ध प्रतिमा, बोधि वृक्ष, अशोक स्तंभ आदि को जुलाई 2026 में ऐशबाग स्थित अंबेडकर ट्रस्ट भवन में स्थानांतरित करने संबंधी वक्तव्य दिया गया था। अपील में कहा गया है कि यह प्रस्ताव देश-विदेश में रहने वाले करोड़ों बौद्ध और अंबेडकर अनुयायियों की आस्था से जुड़ा विषय है तथा इससे जनभावनाएं आहत हुई हैं। इसी मुद्दे पर विचार-विमर्श एवं आगे की रणनीति तय करने के लिए समस्त बौद्ध-अंबेडकर समितियों, सामाजिक संगठनों तथा बुद्धिजीवी वर्ग के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को सायं 4 बजे आनंद बुद्ध विहार, औरंगाबाद खालसा, बिजनौर रोड (रेलवे ओवरब्रिज के निकट), लखनऊ में बुलाई गई है। बैठक में अधिक से अधिक संख्या में समाज के प्रतिनिधियों से सहभागिता की अपील की गई है। इस संबंध में के.के. गौतम, बौद्धाचार्य नेक राम बौद्ध, राम कुमार गौतम, नीलिमा कुमारी, राम लगन सिंह यादव, जी.पी. भारती, बौद्धाचार्य वीर बहादुर बौद्ध, काशी प्रसाद, डॉ. देवेंद्र प्रताप यादव, प्रदीप तथा बी.पी.एस. कुशवाहा, रविंद्र कुमार , राजेश स्वरूप सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से लोगों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालयों में हुआ उत्साहपूर्ण आयोजन, बच्चों और शिक्षकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद लखनऊ के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में योग कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। प्राथमिक विद्यालय अकड़ा बी.के.टी. में योग दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर श्री शान्ति स्वरूप वर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा, 'सभी करें योग, सदैव रहें निरोग।' उन्होंने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास करने की अपील की। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय भिटौली, चिनहट, लखनऊ में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक अध्यापिका श्रीमती रचना जी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका श्रीमती आरती सिंह ने कहा कि योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर ही स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने सभी से नियमित योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित किया।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर 20 फीट ऊंचे पेड़ से नाले में गिरा मासूम

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के चिलौला गांव में रविवार को दोस्तों के साथ खेल रहा एक 10 वर्षीय बालक 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। करंट लगते ही वह करीब 20 फीट ऊंचे चिलबिल के पेड़ से नीचे पानी भरे नाले में जा गिरा। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। चिलौला गांव निवासी मयंक (10) पुत्र बाबादीन अपने साथियों अनमोल और लकी के साथ गांव के बाहर चिलबिल के पेड़ पर चढ़कर गुलहर खेल रहा था। इसी दौरान पेड़ के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन के संपर्क में आने से उसे जोरदार करंट लग गया। करंट लगते ही मयंक संतुलन खो बैठा और लगभग 20 फीट की ऊंचाई से नीचे पानी भरे नाले में गिर पड़ा। घटना देखकर साथ खेल रहे बच्चों के होश उड़ गए। उन्होंने दौड़कर मयंक के परिवारीजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। सीएचसी की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. गौरव पांडेय ने बताया कि घायल बालक की हालत फिलहाल स्थिर है।

## विश्व योग दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विशाल योग कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** विश्व योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर भाग के महाराजा सुहेलदेव नगर द्वारा श्रीराम शाखा पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्रीराम अकैडमी इंटर कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें समाज के सैकड़ों नागरिकों, संघ के स्वयंसेवकों एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं श्रीराम अकैडमी इंटर कॉलेज के प्रबंधक श्रवण मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत पुनः विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि भारत की प्राचीन योग परंपरा, योग चिकित्सा एवं योग पद्धति को आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वभर के लोग भारतीय सनातन संस्कृति और उसकी परंपराओं को जानने, समझने और अपनाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को संगठित रहने की आवश्यकता है और योग इस दिशा में एक महत्वपूर्ण माध्यम सिद्ध हो रहा है। योग से तन, मन और मस्तिष्क स्वस्थ रहते हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक इस कार्य को कुशलतापूर्वक समाज तक पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला बौद्धिक प्रमुख त्रियुगी नाथ, नगर संघ चालक संतोष, सह नगर संघ चालक श्यामू, भाग सद्भाव संयोजक सुधीर तथा नगर समरसता प्रमुख विनोद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर समरसता प्रमुख विनोद ने उपस्थित सभी आगंतुकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

## भारत स्काउट और गाइड, उ. प्र. जनपद लखनऊ द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में दिनांक 21 जून, 2026 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज दिनांक 21 जून, 2026 को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, जनपद लखनऊ के संपर्क कार्यालय - उदयाचल (क्वींस कालेज कैंपस) वाला कदर रोड, लखनऊ के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर का शुभारंभ संरक्षक डा. आर.पी. मिश्र, जिला मुख्यालय के डा. जे.पी. मिश्र द्वारा योग गुरू महर्षि पतंजलि की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिला सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि विख्यात योग गुरु श्री राजेश कुमार पांडे के निर्देशन में जिला संस्था के संरक्षक डा. आरपी मिश्र, जिला मुख्यायुक्त डा. जे.पी जिला सचिव अनिल शर्मा, मिश्र, डीओसी (गाइड) मधु हंसपाल, ट्रेनिंग काउंसलर स मिश्र एवं लगभग 50 रोवर्स/रेंजर्स ने योगाभ्यास किया। योगगुरु राजेश कुमार पांडेय ने योग की दिनचर्या में उपयोगी बताते हुए ग्रीवा संचालन, कटि संचालन, घुटना संचालन, असकंद संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, सुप्त वज्रासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी व ध्यान आदि का अभ्यास कराया। इस अवसर पर संरक्षक डा. आर.पी. मिश्र ने योग को स्कूलों तक पहुंचाने के लिए जिला संस्था से स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन के लिए एक सप्ताह का योग शिविर आयोजित करने का किया आवाहन किया। जिला मुख्यायुक्त डा. जे.पी. मिश्र ने नियमित योगाभ्यास को स्वस्थ जीवन का मूलाधार बताया। कार्यक्रम के अंत में सचिव अनिल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## विराम खंड-5 जन कल्याण समिति द्वारा योग शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विराम खंड-5 जन कल्याण समिति द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद पार्क में एक योग शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में समिति के अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह ने योग प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उपस्थित निवासियों एवं समिति के सदस्यों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा उनके स्वास्थ्यवर्धक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सिंह ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा तनाव एवं जीवनशैली संबंधी अनेक समस्याओं से मुक्ति मिलती है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। योग शिविर में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष विजय चोपड़ा, संयुक्त सचिव प्रवीण कुमार मिश्रा, प्रचार सचिव मनोज शर्मा, संगठन सचिव प्रभात श्रीवास्तव, सचिव नित्यानंद पांडेय, कार्यकारिणी सदस्य राम प्रताप शर्मा, एस. बी.एल.मेहरोत्रा, आर.के. तिवारी, आनन्द प्रकाश, राजेंद्र तिवारी सहित कॉलोनी के अनेक वरिष्ठ नागरिक एवं निवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ, जागरूक एवं योगमय समाज के निर्माण के संकल्प के साथ किया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 16 वर्षीय किशोरी की मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा

**महराजगंज/रायबरेली।** थाना क्षेत्र के सलेथू गांव की 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका का शव रविवार को लगभग 4 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान गुड़िया (16 वर्ष) पुत्री अखिलेश निवासी सलेथू, महराजगंज के रूप में हुई है। परिजन उसे मृत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। किशोरी की अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फिलहाल मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज के अधीक्षक डॉ. गणनायक पांडे ने बताया कि घटना लगभग शाम 4 बजे की है। मृत्यु के वास्तविक कारणों की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग पूरे प्रकरण की जांच में जुटे हुए।

## आदर्श ग्राम पंचायत ऐहार में योग शिविर का आयोजन, लोगों ने किया योगाभ्यास

योगाचार्य आनंद जी ने बताए योग के लाभ, सम्मानित किए गए प्रतिभागी




**लालगंज (रायबरेली)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आदर्श ग्राम पंचायत ऐहार के आदर्श ऋषि आश्रम बालेश्वर मंदिर परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी के द्वारा कराया गया। शिविर में योगाचार्य आनंद जी ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया और योग के महत्व तथा निरोगी जीवन में इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नियमित योग करने से शरीर और मन को मिलने वाले लाभों के बारे में बताया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों का गमछा व पट पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने योगाभ्यास में सहभागिता की। इस मौके पर पूर्व प्रधान रमेश कुमार वर्मा उर्फ खोरा, पूर्व प्रधान ओपी, लक्ष्मी शंकर, श्रीराम मास्टर, गिरीश शुक्ला, राजाराम, बीनू मिश्रा, महंत श्री सर्वेश्वर व्यास जी, बृजलाल तिवारी, प्रदीप लोधी, पिंटू साहू, भोला यादव, रजनू यादव, पिंटू बाजपेई, राम गोपाल गुप्ता, दिनेश वर्मा,राजू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## वृहद जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन

● विधायक अदिति सिंह ने लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाणपत्र व चाभियां




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खंड अमावा की ग्राम पंचायत लोधवामऊ स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में जिलाधिकारी के निर्देशन में वृहद जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक अदिति सिंह ने पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं की जानकारी ली। शिविर में आयुष्मान भारत योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, ओडीओपी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना सहित केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही पंजीकरण भी कराया गया। इस अवसर पर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि रायबरेली के प्रत्येक नागरिक को सशक्त, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया तथा विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किए। निश्चय अभियान के अंतर्गत टीबी उन्मूलन को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। विधायक ने निश्चय किट का वितरण करते हुए लोगों से समय पर जांच एवं उपचार कराने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान आरओ वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को उनके आवास की चाभियां सौंपी गईं तथा दो नए पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। स्वयं सहायता समूह की एक सदस्य को ग्राम संगठन के माध्यम से उपलब्ध कराए गए ट्रैक्टर की चाभी भी सौंपी गई। इसके अलावा अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुष्टाहार वितरित किया गया। रात्रि चौपाल में खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह, अंजू यादव, संजय सिंह, संगीता देवी, एडीओ सहकारिता राजन सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष अमावा ऋषि सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुआ मोहनलालगंज ब्लॉक परिसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज/लखनऊ।** बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को विकासखंड मोहनलालगंज परिसर में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यालय स्टाफ, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, मनरेगा, पंचायतीराज विभाग के कर्मचारी तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। पूरे ब्लॉक परिसर में योग के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य चेतना का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी शिवकुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने की एक प्राचीन एवं वैज्ञानिक पद्धति है। उन्होंने योग के यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान और धारणा जैसे विभिन्न अंगों की जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रोगों से दूर रखता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। योग प्रशिक्षक के निर्देशन में उपस्थित प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, भुजंगासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, मकरासन, उत्तानपादासन, मंडूकासन, पवनमुक्तासन सहित अनेक योगासनों का अभ्यास किया।

इसके पश्चात विभिन्न प्राणायामों और ध्यान क्रियाओं का भी अभ्यास कराया गया। योग सत्र के दौरान प्रशिक्षकों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित योग करने का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने स्वास्थ्य एवं समाज के कल्याण की कामना करते हुए सामूहिक योग किया। उल्लेखनीय है कि विकासखंड क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में 15 जून से योग अभ्यास कार्यक्रम संचालित किए जा रहे थे, जिनका समापन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को सामूहिक योगाभ्यास के साथ किया गया। योग शिविर ने लोगों को स्वस्थ, निरोग और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान की।

## समाजसेवी व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अभिनव राजा भार्गव ने ग्रामीणों की समस्याए सुन किया संवाद



**बिसवां, सीतापुर।** ग्राम पंचायत क्योंटी बादुल्ला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अभिनव राजा भार्गव ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनसे संवाद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभिनव राजा भार्गव ने कहा कि वे जनता के सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहेंगे तथा क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता की समस्याओं को समझकर उन्हें उचित मंच तक पहुंचाना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. करीम अंसारी ने किया। इस दौरान काशीराम भार्गव, विजय अवस्थी, हयात कौसर, अखलाक, हाफिज अतीकुर्रहमान, सिराज अहमद, रामखेलावन भार्गव, निर्मल यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कश्मीर में गूंजते मंत्र और भाईचारे का संदेश

कश्मीर को सदियों से विविध संस्कृतियों, परंपराओं और आस्थाओं की साझा भूमि के रूप में जाना जाता रहा है। यहाँ की पहचान केवल उसकी प्राकृतिक सुंदरता से नहीं, बल्कि उस सामाजिक ताने-बाने से भी रही है जिसमें अलग-अलग समुदायों ने लंबे समय तक एक साथ जीवन बिताया। कश्मीरी पंडित और मुसलमानों के बीच पीढ़ियों से विकसित हुए सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय संबंध इस भूमि की सबसे बड़ी विशेषताओं में रहे हैं। हालांकि 1989 और 1990 के उथल-पुथल भरे दौर ने इस साझा जीवन को गहरी चोट पहुँचाई। बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों को घाटी छोड़कर देश के विभिन्न भागों में विस्थापित जीवन बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा। उस दौर की पीड़ा आज भी हजारों परिवारों की स्मृतियों में जीवित है। ऐसे समय में दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के मुर्रान गाँव से आई एक खबर ने अनेक लोगों के मन में आशा का संचार किया है। लगभग 36 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कश्मीरी पंडित अपनी कुलदेवी के मंदिर में हवन और पूजा-अर्चना के लिए लौटे और स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने उनका स्वागत कर भाईचारे का संदेश दिया।

यह घटना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं थी, बल्कि यह उन भावनाओं का संगम थी जो दशकों से लोगों के भीतर कहीं दबकर रह गई थीं। जब वर्षों पहले अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए लोग वापस अपने गाँव पहुँचे तो उनके सामने केवल मंदिर नहीं था, बल्कि उनकी स्मृतियाँ थीं, उनका बचपन था, उनके पूर्वजों की यादें थीं और वे रिश्ते थे जो समय और दूरी के बावजूद पूरी तरह समाप्त नहीं हुए थे। अनेक परिवारों के लिए यह यात्रा अतीत और वर्तमान के बीच एक भावनात्मक पुल बन गई। जिन गलियों में उन्होंने बचपन बिताया था, जिन घरों के आँगनों में खेला था और जिन पड़ोसियों के साथ जीवन के सुख-दुख साझा किए थे, उन सबको फिर से देखना उनके लिए अत्यंत भावुक अनुभव रहा। मुर्रान गाँव उन स्थानों में से एक है जहाँ कभी कश्मीरी पंडितों और मुसलमानों का जीवन एक-दूसरे से गहराई से जुड़ा हुआ था। दोनों समुदाय सामाजिक अवसरों, पारिवारिक आयोजनों और स्थानीय परंपराओं में सहभागिता करते थे। लेकिन 1989-90 के दौरान बढ़ी हिंसा और असुरक्षा की परिस्थितियों ने इस सामाजिक संतुलन को तोड़ दिया। बड़ी संख्या में पंडित परिवारों ने अपने घर, जमीन, व्यवसाय और सामाजिक परिवेश को छोड़कर पलायन किया। विस्थापन केवल भौगोलिक परिवर्तन नहीं होता, वह व्यक्ति की पहचान, स्मृतियों और सामाजिक संबंधों को भी प्रभावित करता है। इसलिए जब कोई परिवार दशकों बाद अपने मूल स्थान पर लौटता है तो वह केवल एक जगह पर नहीं लौटता, बल्कि अपनी जड़ों और इतिहास से पुनः जुड़ने का प्रयास करता है।

मुर्रान में आयोजित पूजा-अर्चना का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष स्थानीय मुस्लिम समुदाय की भागीदारी रही। उपलब्ध जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने मंदिर परिसर की सफाई, व्यवस्था और आयोजन की तैयारियों में सहयोग दिया। उन्होंने लौटकर आए कश्मीरी पंडितों का स्वागत किया और उनके साथ संवाद स्थापित किया। यह सहयोग केवल औपचारिक नहीं था, बल्कि उसमें उन पुराने रिश्तों की झलक दिखाई दी जो कभी इस क्षेत्र की सामान्य सामाजिक वास्तविकता हुआ करते थे। जब विभिन्न समुदायों के लोग एक-दूसरे के धार्मिक ड्डठ्ठस्र सांस्कृतिक आयोजनों का सम्मान करते हैं, तब समाज में विश्वास का वातावरण मजबूत होता है। मुर्रान की घटना इसी विश्वास की पुनर्स्थापना का संकेत देती है। कई लौटे हुए परिवारों ने अपने पुराने पड़ोसियों से मुलाकात की। वर्षों बाद हुए इन मिलनों में भावनाएँ स्वाभाविक रूप से उमड़ पड़ीं। कुछ लोगों ने उन दिनों को याद किया जब पूरा गाँव एक परिवार की तरह रहता था। कुछ ने अपने उन मित्रों को याद किया जिनके साथ उन्होंने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष बिताए थे। ऐसे अवसर यह दिखाते हैं कि राजनीतिक



और सुरक्षा संबंधी परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, मानवीय रिश्तों की स्मृतियाँ लंबे समय तक जीवित रहती हैं। यही स्मृतियाँ भविष्य में नए विश्वास का आधार भी बन सकती हैं।

इस घटना का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि पुलवामा का नाम पिछले कई वर्षों तक आतंकवाद, हिंसा और तनाव से जुड़ी खबरों में प्रमुखता से आता रहा है। देश और दुनिया के अनेक लोगों के मन में पुलवामा की पहचान संघर्ष और अस्थिरता से जुड़ी रही है। ऐसे क्षेत्र से भाईचारे, सहयोग और सामाजिक सौहार्द की खबर सामने आना एक सकारात्मक संकेत माना जा सकता है। यह बताता है कि किसी भी क्षेत्र की वास्तविकता केवल संघर्ष तक सीमित नहीं होती। वहाँ रहने वाले सामान्य लोग शांति, सम्मान और बेहतर भविष्य की आकांक्षा रखते हैं। मुर्रान की घटना इसी आकांक्षा का सार्वजनिक रूप से प्रकट होना है। कश्मीर का इतिहास साझा सांस्कृतिक विरासत का इतिहास रहा है। यहाँ विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं ने एक-दूसरे को प्रभावित किया है। साहित्य, संगीत, भाषा, खानपान और सामाजिक व्यवहार में इस साझा विरासत की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। कश्मीरी पंडितों और मुसलमानों के बीच संबंध केवल पड़ोसी समुदायों के संबंध नहीं थे, बल्कि वे एक साझा सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा भी थे। विस्थापन के कारण इस पहचान को गंभीर क्षति पहुँची। इसलिए जब कोई धार्मिक आयोजन दोनों समुदायों को एक मंच पर लाता है तो वह केवल वर्तमान का नहीं, बल्कि उस साझा इतिहास का भी स्मरण कराता है जिसने कश्मीर की विशिष्ट पहचान को जन्म दिया था।

हालाँकि इस सकारात्मक घटना के साथ कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न भी जुड़े हुए हैं। कश्मीरी पंडितों की स्थायी और सम्मानजनक घर-वापसी का मुद्दा आज भी पूरी तरह हल नहीं हुआ है। हजारों परिवार अभी भी घाटी से बाहर रहते हैं। अनेक लोगों के सामने सुरक्षा, रोजगार, आवास और संपत्ति से जुड़े प्रश्न मौजूद हैं। कई परिवारों की नई पीढ़ियाँ उन स्थानों से दूर बड़ी हुई हैं जहाँ उनके पूर्वज रहते थे। उनके लिए वापसी का प्रश्न केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि व्यावहारिक भी है। इसलिए यदि व्यापक स्तर पर पुनर्वास की प्रक्रिया को सफल बनाना है तो उसके लिए दीर्घकालिक और ठोस नीतिगत प्रयास आवश्यक होंगे। सुरक्षा की भावना किसी भी पुनर्वास प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण शर्त होती है। जो परिवार कभी असुरक्षा के कारण अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए थे, उनके मन में स्वाभाविक रूप से अनेक आशंकाएँ मौजूद हो सकती हैं। ऐसे में केवल सरकारी व्यवस्थाएँ ही नहीं, बल्कि स्थानीय समाज का सहयोग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुर्रान में स्थानीय मुस्लिम समुदाय द्वारा प्रदर्शित सद्भाव इसी संदर्भ में विशेष महत्व रखता है। जब पड़ोसी समुदाय स्वयं आगे बढ़कर विश्वास और स्वागत का संदेश देता है, तब पुनर्वास की संभावनाएँ अधिक मजबूत होती हैं।

रोजगार और आर्थिक अवसर भी वापसी के प्रश्न से जुड़े हुए हैं। यदि किसी परिवार को अपने पैतृक स्थान पर लौटना है तो उसे सम्मानजनक जीवनयापन के साधनों की आवश्यकता होगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधाएँ और आर्थिक अवसर किसी भी स्थायी पुनर्वास के अनिवार्य घटक हैं। इसलिए केवल भावनात्मक अपील पर्याप्त नहीं हो सकती। सामाजिक सद्भाव के साथ-साथ विकास और अवसरों का वातावरण भी आवश्यक है। मुर्रान की घटना का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसने संवाद की आवश्यकता को रेखांकित किया है। लंबे समय तक चले संघर्ष और अविश्वास के बाद समाज में विश्वास का पुनर्निर्माण एक धीमी प्रक्रिया होती है। यह प्रक्रिया छोटे-छोटे कदमों से आगे बढ़ती है। किसी मंदिर में आयोजित पूजा, किसी पुराने पड़ोसी से मुलाकात, किसी साझा स्मृति का पुनर्स्मरण या किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता जैसे प्रयास समाज को धीरे-धीरे निकट लाने का कार्य करते हैं। संवाद की यही प्रक्रिया भविष्य में अधिक व्यापक सामाजिक मेल-मिलाप का आधार बन सकती है। शांति और सद्भाव की खबरें अक्सर संघर्ष और हिंसा की खबरों जितनी चर्चा नहीं पातीं, जबकि समाजों के पुनर्निर्माण में ऐसे सकारात्मक उदाहरणों का महत्व अत्यंत अधिक होता है। मुर्रान की घटना यह दर्शाती है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद लोगों के भीतर सहअस्तित्व और सम्मान की भावना जीवित रह सकती है। यह भावना ही किसी समाज को आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करती है। कश्मीरी पंडितों की वापसी का प्रश्न केवल एक समुदाय का प्रश्न नहीं है। यह कश्मीर की बहुलतावादी पहचान, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक संतुलन से भी जुड़ा हुआ है। जब विभिन्न समुदाय सम्मान और सुरक्षा के साथ एक ही समाज में रहते हैं, तभी उस समाज की विविधता और समृद्धि बनी रहती है। इसलिए कश्मीरी पंडितों की सम्मानजनक वापसी को केवल पुनर्वास की प्रक्रिया के रूप में नहीं, बल्कि कश्मीर की सांस्कृतिक पूर्णता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में भी देखा जा सकता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# पाकिस्तान भारत पर बयान देकर राजनीति करता है

**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**



पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो स्वयं को नहीं सम्हाल पा रहा है लेकिन भारत के अंदरुनी मामले में दखल जरुर देता रहेगा। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों हिंदुओं की स्थिति क्या है किसी से छिपी नहीं है जबकि भारत में हिन्दू और मुस्लिम को समान अधिकार हैं और दोनों धर्म एक दूसरे के धर्म की इज्जत करते हैं यदि भारत में अतिक्रमण या किसी और वजह से कोई कार्यवाही होती है तो पता नहीं क्यों पाकिस्तानियों को मिर्ची लग जाती है उनका बयान तुरंत आ जाता है। जबकि भारत कभी पाकिस्तान के अंदरुनी मामलों में नहीं बोलता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री द्वारा भारत में 'मस्जिदों को गिराने' पर बयान देना कोई नई बात नहीं है। ये बयान आमतौर पर भारत में किसी मस्जिद, दरगाह या धार्मिक ढांचे पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद आते हैं।

2025-2026 में भी जब दिल्ली, उत्तर प्रदेश, असम या महाराष्ट्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलता है, तो पाकिस्तान से इसी तरह के बयान आते हैं। ये बयान क्यों आते हैं और इनके पीछे क्या मकसद होता है- त्काल कारणः भारत में कोई कार्रवाई होना

जब भारत में कोर्ट के आदेश पर या नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण हटाया जाता है और उसमें कोई धार्मिक ढांचा आता है, तो पाकिस्तान इसे 'मस्जिद गिराना' बताकर मुद्दा बनाता है। उदाहरणः 2023 में दिल्ली के मदनपुर खादर, 2024 में उत्तराखंड के हल्द्वानी में ऐसी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने निंदा की थी। घरेलू राजनीति साधने के लिए- पाकिस्तान में महंगाई, आर्थिक संकट, सैन्य-नागरिक तनाव जैसे मुद्दे हैं। भारत पर धार्मिक मुद्दे उठाकर सरकार घर में 'हम मुस्लिमों के रक्षक हैं' का नैरेटिव बनाती है। ये बयान शहबाज शरीफ, बिलावल भुट्टो या विदेश मंत्रालय की तरफ से अक्सर आते हैं। मकसद जनता का ध्यान अंदरूनी समस्याओं से हटाना होता है। OIC और मुस्लिम देशों में समर्थन जुटाना- पाकिस्तान OIC में कश्मीर और भारत में मुस्लिमों के मुद्दे को बार-बार उठाता है। भारत में किसी मस्जिद पर कार्रवाई को 'इस्लामोफोबिया' बताकर वो सऊदी अरब, तुर्की, मलेशिया जैसे देशों से समर्थन चाहता है। इससे उसे कूटनीतिक ताकत मिलती है। भारत पर नैरेटिव वॉर- भारत जब विदेशों में कश्मीर, आतंकवाद या CPEC पर पाकिस्तान को घेरता है, तो पाकिस्तान जवाब में भारत में अल्पसंख्यकों के मुद्दे उठाता है। ये एक तरह का 'तू भी, मैं भी' कूटनीतिक खेल है।

**हकीकत क्या है?** भारत में कोई भी धार्मिक ढांचा कोर्ट के आदेश के बिना नहीं गिरता। चाहे मंदिर हो, मस्जिद हो, गुरुद्वारा हो - अगर वो सरकारी जमीन, नदी के किनारे, सड़क या वन भूमि पर बना है तो अतिक्रमण माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट 2024 में भी कह चुका है कि 'धर्म के नाम पर अतिक्रमण जायज नहीं हो सकता '। **भारत का रुख-**

भारत हर बार कहता है कि ये भारत का आंतरिक मामला है। विदेश मंत्रालय कहता है कि पाकिस्तान को अपने यहां अल्पसंख्यकों की हालत देखनी चाहिए, जहां मंदिरों और चर्चों पर हमले होते हैं।

पाकिस्तान पीएम का ये बयान 'बेवजह' नहीं लगता, लेकिन उसका मकसद धार्मिक भावना से ज्यादा कूटनीति और घरेलू राजनीति से जुड़ा है।

ये बयान भारत में कार्रवाई रोकने के लिए नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को घेरने और पाकिस्तान में राजनीतिक फायदा लेने के लिए दिया जाता है।

**अन्ततः** भारत ने पाक राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने भारत में प्राचीन मस्जिदें गिराये जाने की बात कही थी। भारत ने कहा कि उन्हें भारत के अंदरुनी मामलों में दखल नहीं देना चाहिए, और उनके बयान को महज़ एक राजनैतिक स्टंट करार दिया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अपनी पोस्ट में भारत में ऐतिहासिक मुस्लिम धार्मिक स्थलों को गिराए जाने और इससे जुड़ी धमकियों पर चिंता जताई थी।

# भुखमरी के खिलाफ आखिर कब जंग जीतेगी दुनिया?



आधुनिक विज्ञान के इस युग में मानव ने अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए विलासिता की हर छोटी-बड़ी वस्तु का आविष्कार कर लिया है और जीवन को लगातार अधिक सुविधाजनक बनाता जा रहा है। लेकिन शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए पेट की भूख मिटाने वाली कोई चमत्कारी गोली आज तक नहीं खोजी जा सकी है। यही कारण है कि भोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म करना पड़ता है। आधुनिक विज्ञान के इस युग में जब हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, तब कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। वैज्ञानिक तकनीकों और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने से दुनिया के अनेक देशों में फसलों की बंपर पैदावार हो रही है। इससे न केवल किसान समृद्ध हो रहे हैं, बल्कि देश भी आर्थिक रूप से मजबूत बन रहे हैं। किंतु यह विडंबना ही है कि खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि के बावजूद आज भी दुनिया के कई देशों में लोग भयावह भुखमरी के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को भीतर तक व्यथित कर देती है।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार आधा दर्जन देशों में भुखमरी की स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोगों को एक समय का शुद्ध और पौष्टिक भोजन भी नसीब नहीं हो पा रहा है। विश्व के लगभग 50 देशों में करीब 30 करोड़ लोगों को एक वक्त का भोजन भी बड़ी मुश्किल से उपलब्ध हो पाता है और वे अक्सर खाली पेट रात गुजारने को विवश रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार दुनिया की लगभग 8.5 प्रतिशत आबादी, अर्थात करीब 70 करोड़ लोगों को भरपेट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता, जिसके कारण कुपोषण की समस्या लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही है। दुनिया के अधिकांश देश विकसित, विकासशील और प्रगतिशील राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल होने की होड़ में लगे हुए हैं, लेकिन उनके भीतर युद्ध, अकाल, सूखा, अतिवृष्टि, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता और कमजोर खाद्य वितरण प्रणाली जैसी समस्याओं के कारण गरीबी, भुखमरी और कुपोषण लगातार बढ़ रहे हैं।

दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले भारत की स्थिति का आकलन भी वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2025 की रिपोर्ट से किया जा सकता है, जिसमें 123 देशों में भारत का स्थान 102वां बताया गया है। यह स्थिति दर्शाती है कि देश में आज भी करोड़ों लोगों को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। भारत कृषि प्रधान देश है और कृषि को उसकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों का भोजन से वंचित रहना चिंता और आत्ममंथन का विषय है। केंद्र और राज्य सरकारें गरीब एवं वंचित वर्गों के लिए अनेक खाद्यान्न योजनाएं संचालित कर रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लाखों-करोड़ों जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है, फिर भी यदि भुखमरी और कुपोषण की समस्या बनी हुई है तो कहीं न कहीं खाद्यान्न वितरण प्रणाली में मौजूद कमियों को दूर करने की आवश्यकता है। साथ ही समाज और नागरिकों को भी भोजन तथा अन्न की बर्बादी रोकने के लिए गंभीरता से विचार करना होगा। भोजन की बर्बादी के मामले में भारत विश्व के अग्रणी देशों में गिना जाता है। एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में हर वर्ष 8 करोड़ टन से अधिक भोजन बर्बाद हो जाता है। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रभावी प्रबंधन के साथ इस बर्बादी को रोका जाए तो देश में कुपोषण और भुखमरी की स्थिति में काफी हद तक सुधार संभव है।

विश्व से भुखमरी समाप्त करने के लिए वैश्विक महाशक्तियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को भी अपने आर्थिक और सामरिक हितों से ऊपर उठकर सोचना होगा। हथियारों के सौदों पर अरबों-खरबों डॉलर खर्च करने के बजाय विश्व शांति और खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जिन देशों में भुखमरी के हालात गंभीर हैं, वहां मानवीय आधार पर खाद्यान्न और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें बदहाली से उबारने का प्रयास किया जाना चाहिए। मानव जाति का यह दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि एक ओर दुनियाभर की सरकारें सुरक्षा और शांति के नाम पर हथियारों के विशाल भंडार तैयार कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर युद्ध और संघर्षों के कारण पर्यावरण, जलवायु और प्राकृतिक संसाधनों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। परिणामस्वरूप कहीं अकाल, कहीं सूखा, कहीं बाढ़ और कहीं अन्य प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, जो अंततः भुखमरी की समस्या को और अधिक गंभीर बना रही हैं। दुनिया के देश हथियारों के बल पर सीमाओं की जंग तो जीत सकते हैं, लेकिन अपने ही नागरिकों के पेट की भूख के खिलाफ लड़ाई आखिर कब जीतेंगे? यह प्रश्न आज समूचे विश्व के सामने एक यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। जब तक दुनिया की प्राथमिकताओं में मानव जीवन, खाद्य सुरक्षा और मानवीय संवेदनाएं सर्वोच्च स्थान प्राप्त नहीं करेंगी, तब तक भुखमरी के खिलाफ यह जंग अधूरी ही रहेगी।

**अरविंद रावल**

## व्याधियों को घटाने तथा उत्तम स्वास्थ्य से जुड़ने का विज्ञान

गुणवत्तापूर्ण मानव जीवन और दीर्घायु पूरी तरह से उत्तम स्वास्थ्य पर टिका है। लेकिन आज की बदलती जीवनशैली, मिलावटी खान-पान, मानसिक तनाव, शारीरिक निष्क्रियता, बढ़ता स्क्रीन टाइम और प्रदूषण इंसानी शरीर को बीमारियों का घर बना रहे हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में योग केवल एक शारीरिक व्यायाम के रूप में नहीं, बल्कि निरोगी काया और मानसिक शांति प्राप्त करने की एक समग्र व निःशुल्क वैज्ञानिक पद्धति के रूप में हम सबके सामने है। संस्कृत की 'यु' धातु से उत्पन्न 'योग' शब्द का सीधा अर्थ है-जोड़ना, समन्वय स्थापित करना या एकाकार होना। योग का अंतिम लक्ष्य केवल तात्कालिक तौर पर बीमारियों को दूर करना नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच ऐसा सुदृढ़ संतुलन स्थापित करना है, जिससे व्यक्ति दीर्घायु और पूर्ण स्वास्थ्य की ओर अग्रसर हो सके।

आमतौर पर स्वास्थ्य का आकलन केवल रोगों की अनुपस्थिति से किया जाता है, जिसे संकुचित दृष्टिकोण कहा जा सकता है। जबकि वास्तविक स्वास्थ्य का दायरा कहीं अधिक व्यापक है। पूर्ण रूप से स्वस्थ होने का अर्थ है,शरीर में असीम ऊर्जा, मन में गहरी शांति, विचारों में स्पष्टता और जीवन में आनंद की अनुभूति। योग इसी मूल सिद्धांत पर काम करता है। यह एक तरफ जहां शरीर से विकारों को घटाता है, तो दूसरी ओर जीवनी शक्ति को बढ़ाता है। आजकल मानव जीवन की आम समस्याएँ है तनाव, मोटापा, उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, शारीरिक जकड़न और कमजोर पाचन तंत्र। इन्हें सीधे तौर पर हमारी अव्यवस्थित दिनचर्या से जोड़ा जा सकता हैं। योग इन समस्याओं के लक्षणों को दबाने के बजाय उनके मूल कारणों पर प्रहार करता है, यही इसकी प्रमुख विशेषता है। वैज्ञानिक शोध भी पुष्टि करते हैं कि नियमित योगाभ्यास सेः?शरीर का लचीलापन और कार्यक्षमता बढ़ती है;?श्वसन तंत्र मजबूत होता है और ऑक्सीजन का प्रवाह बेहतर होता है;? तनाव का स्तर घटता है तथा भावनात्मक नियंत्रण विकसित होता है।

योग विशिष्ट इस लिए है कि वह स्वास्थ्य को एक सतत निर्माण प्रक्रिया मानता है। जिस तरह भोजन से शरीर को पोषण मिलता है, ठीक उसी तरह योग से तन और मन को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इस प्रक्रिया को योग के निम्न चार मुख्य चरणों से समझा जा सकता हैः (1)योगासन (शारीरिक सुदृढ़ता): यह शरीर को सक्रिय, लचीला और फुर्तीला बनाकर मांसपेशियों व जोड़ों को मजबूती प्रदान करता है।

(2) प्राणायाम (प्राण वायु का नियमन):श्वांस और मन को नियंत्रित कर आंतरिक ऊर्जा का संचार करता है।

(3) ध्यान (मानसिक सजगता): यह व्यक्ति को वर्तमान क्षण में जीना सिखाता है, जिससे मानसिक स्पष्टता बढ़ती है और अवसाद व चिंता से मुक्ति मिलती है।

(4) अनुशासित जीवनचर्याः योग केवल आसन , ध्यान तक सीमित नहीं है; इसके अंतर्गत सात्विक भोजन, नियमित दिनचर्या, पर्याप्त विश्राम और संयमित आचरण भी अनिवार्य हिस्सा हैं।

अक्सर लोग गंभीर बीमारी की चपेट में आने के बाद योग का रुख करते हैं, जो सीमित समझ को दर्शाता है। योग की वास्तविक शक्ति 'बचाव और संवर्धन' में है। यह व्यक्ति को अपने शरीर के संकेतों को समझने योग्य बनाता है और स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करता है। यद्यपि योग गंभीर आपातकालीन चिकित्सा का विकल्प नहीं है, लेकिन उचित चिकित्सकीय परामर्श के साथ इसका अभ्यास असाध्य रोगों में भी संजीवनी का कार्य कर सकता है।

संक्षेप में कहें तो, योग शरीर से व्याधियों को घटाने और जीवन में उत्तम स्वास्थ्य जोड़ने की एक निरंतर चलने वाली साधना है। यह हमें सिखाता है कि स्वास्थ्य केवल बीमारी का न होना नहीं, बल्कि तन, मन और व्यवहार का समन्वित विकास है। यदि योग को रोजमर्रा की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बना लिया जाए, तो यह बीमारियों के विरुद्ध एक मजबूत सुरक्षा कवच और दीर्घायु जीवन के लिए सबसे बेहतरीन स्थायी निवेश सिद्ध हो सकता है।

**प्रो.(डा.) मनमोहन प्रकाश**

## दैनिक राशिफल

**मेष** आज आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार के साथ समय सुखद रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**वृषभ** धैर्य और समझदारी से काम लें। धन संबंधी मामलों में लाभ के योग हैं। नौकरी में वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक विवादों से बचें।

**मिथुन** नए संपर्क लाभदायक सिद्ध होंगे। व्यापार में उन्नति के संकेत हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं।

**कर्क** भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** भाग्य का साथ मिलेगा। रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरी और व्यापार में सफलता के अवसर मिलेंगे। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या** आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। खर्चों पर नियंत्रण आवश्यक है। करियर में नई संभावनाएं सामने आ सकती हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला** साझेदारी के कार्यों में लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक** कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। मेहनत और लगन से सफलता मिलेगी। शत्रु पक्ष कमजोर रहेगा। धन लाभ के योग हैं।

**धनु** रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। शिक्षा और करियर के क्षेत्र में शुभ समाचार मिल सकता है। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा।

**मकर** घर-परिवार से जुड़े मामलों में व्यस्तता रहेगी। संपत्ति संबंधी कार्यों में लाभ हो सकता है। नौकरी में स्थिरता बनी रहेगी।

**कुंभ** संचार और संपर्क से लाभ मिलेगा। छोटे भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। यात्रा शुभ रहेगी।

**मीन** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। निवेश से लाभ मिलने की संभावना है। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**करियर राशिफल (22 जून 2026)**

**मेष, सिंह, धनुः** पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के योग।

**वृषभ, कन्या, मकरः** मेहनत का फल मिलेगा, आर्थिक लाभ संभव।

**मिथुन, तुला, कुंभः** नए संपर्क और नेटवर्किंग से करियर में फायदा।

**कर्क, वृश्चिक, मीनः** धैर्य और एकाग्रता से कार्य करने पर सफलता मिलेगी।

# अमेरिकी-ईरान समझौते का सबसे बड़ा अवरोध, इजरायल की हमलावर नीति।

विगत दिनों अमेरिका ईरान के बीच एक लंबा समझौता हुआ, समझौते में यह स्पष्ट हो गया था कि स्टेट ऑफ हारमोंस को ईरान द्वारा खोल दिया जाएगा किंतु फिर इजरायल द्वारा लेबनान में इस समझौता के बाद लगातार हमले किए गए जिससे लेबनान में फिर तबाही मच गई है और इस हमले के परिणाम स्वरूप ईरान ने स्टेट आफ हारमोंस को फिर बंद कर दिया है और यह भी शर्त रख दी है जब तक इसराइल लेबनान पर हमले करते रहेगा तब तक स्टेट ऑफ हारमोंस भी बंद रहेगा। ईरान लंबे समय से लेबनान के हिज़्बुल्लाह को अपना प्रमुख रणनीतिक सहयोगी मानता आया है। यह संबंध केवल वैचारिक नहीं, बल्कि सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव से भी जुड़ा है। यदि इज़राइल लेबनान में व्यापक सैन्य अभियान चलाता है, तो तेहरान इसे अपने प्रभाव क्षेत्र पर सीधी चुनौती के रूप में देख सकता है। ऐसी स्थिति में ईरान के लिए मौन रहना भी कठिन होगा और प्रत्यक्ष युद्ध में उतरना भी जोखिमपूर्ण। दूसरी ओर अमेरिका की स्थिति और भी जटिल है। वह इज़राइल की सुरक्षा का सबसे बड़ा समर्थक है, परंतु वह यह भी जानता है कि यदि संघर्ष ईरान तक फैलता है, तो पूरा मध्य-पूर्व एक ऐसे युद्ध में बदल सकता है जिसकी आर्थिक और राजनीतिक कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ेगी। तेल की कीमतों में उछाल, समुद्री व्यापार मार्गों पर संकट, वैश्विक महँगाई और ऊर्जा असुरक्षा ये सभी संभावित परिणाम अमेरिका की रणनीतिक चिंताओं का हिस्सा हैं।

कूटनीति का सबसे कठिन क्षण वही होता है जब मित्र राष्ट्र युद्ध चाहते हों और राष्ट्रीय हित शांति की माँग कर रहे हों। अमेरिका आज इसी द्वंद्व से गुजरता दिखाई देता है। एक ओर वह इज़राइल का विश्वास खोना नहीं चाहता, दूसरी ओर ईरान के साथ संवाद के दरवाज़े भी पूरी तरह बंद नहीं करना चाहता। यही संतुलन आने वाले समय की सबसे कठिन कूटनीतिक परीक्षा है।

ईरान भी आज वैसा नहीं है जैसा चार दशक पहले था। आर्थिक प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाला है। युवा पीढ़ी बेहतर जीवन, रोजगार और वैश्विक अवसरों की अपेक्षा रखती है। ऐसे में अमेरिका के साथ किसी संभावित समझौते का अर्थ केवल प्रतिबंधों में राहत नहीं, बल्कि आर्थिक पुनर्जीवन भी है। इसलिए तेहरान के लिए युद्ध और संवाद—दोनों के बीच संतुलन बनाना एक बड़ी चुनौती है। इतिहास बताता है कि शांति और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं। शीत युद्ध के दौर में भी परमाणु प्रतिस्पर्धा के बीच हथियार नियंत्रण संधियाँ हुईं

विश्व राजनीति का इतिहास इस सत्य का साक्षी है कि युद्ध कभी केवल रणभूमि में नहीं लड़े जाते, वे सभ्यताओं की चेतना, अर्थव्यवस्थाओं की धड़कनों और कूटनीति की मेज़ों पर भी अपने गहरे निशान छोड़ जाते हैं। जब किसी सीमा पर पहला गोला दागा जाता है, उसी क्षण अनेक समझौतों की नींव भी हिलने लगती है। आज मध्य-पूर्व पुनः उसी मोड़ पर खड़ा है, जहाँ एक ओर अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से जमे अविश्वास को संवाद के माध्यम से कम करने की कोशिशें दिखाई देती हैं, तो दूसरी ओर इज़राइल और लेबनान के बीच बढ़ता सैन्य तनाव पूरे क्षेत्र को व्यापक युद्ध की ओर धकेलता प्रतीत हो रहा है।

सवाल यह नहीं कि युद्ध होगा या नहीं वास्तविक प्रश्न यह है कि यदि युद्ध की आग और भड़कती है, तो क्या अमेरिका और ईरान के बीच बनती हुई कूटनीतिक संभावनाएँ उसी आग में भस्म हो जाएँगी? मध्य-पूर्व केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन की धुरी है। विश्व की ऊर्जा आपूर्ति, सामरिक समुद्री मार्ग, धार्मिक आस्थाएँ और महाशक्तियों के रणनीतिक हित—सब यहाँ एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसीलिए यहाँ की हर सैन्य घटना का प्रभाव वाशिंगटन, मॉस्को, बीजिंग, ब्रुसेल्स और नई दिल्ली तक महसूस किया जाता है। कई बार युद्ध ने वार्ता को जन्म दिया और कई बार वार्ता युद्ध को रोकने में असफल रही। इसलिए यह मान लेना कि इज़राइल-लेबनान संघर्ष शुरू होते ही अमेरिका-ईरान समझौता समाप्त हो जाएगा, राजनीतिक यथार्थ का अत्यधिक सरलीकरण होगा। यह भी उतना ही सत्य है कि यदि संघर्ष सीमित न रहकर क्षेत्रीय युद्ध का रूप ले लेता है, यदि हिज़्बुल्लाह, ईरान और अन्य क्षेत्रीय शक्तियाँ प्रत्यक्ष रूप से इसमें उतरती हैं, तो अमेरिका-ईरान संबंधों में अविश्वास की खाई और गहरी हो सकती है। तब कूटनीति की भाषा बारूद के शोर में दब जाएगी।।आज का विश्व बहुध्रुवीय व्यवस्था की



ओर बढ़ रहा है। चीन अपने आर्थिक और सामरिक प्रभाव का विस्तार कर रहा है, रूस पश्चिमी दबावों का प्रतिरोध कर रहा है और यूरोप ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंतित है। ऐसे समय में मध्य-पूर्व का कोई भी बड़ा युद्ध केवल क्षेत्रीय संकट नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन को प्रभावित करेगा। यही कारण है कि विश्व की लगभग सभी प्रमुख शक्तियाँ युद्ध के विस्तार को रोकने में रुचि रखती हैं।

सबसे अधिक चिंता उस आम नागरिक की है जिसका न तो युद्ध से कोई लाभ है और न ही सत्ता की महत्वाकांक्षाओं से कोई संबंध। युद्ध की हर लपट सबसे पहले निर्दोष बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और विस्थापित परिवारों को अपनी चपेट में लेती है। इतिहास की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि निर्णय शासक लेते हैं और मूल्य समाज चुकाता है। भारत जैसे देशों के लिए भी यह संकट अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा भाग पश्चिम एशिया से जुड़ा है। वहाँ रहने वाले लाखों भारतीयों की सुरक्षा, व्यापारिक हित और समुद्री मार्गों की स्थिरता भारत की विदेश नीति के प्रमुख आयाम हैं। इसलिए भारत निरंतर संयम, संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करता आया है। यही नीति आज भी सबसे व्यावहारिक और दूरदर्शी प्रतीत होती है।

अब यह माना जा सकता है कि इज़राइल का लेबनान पर आक्रमण अमेरिका-ईरान संबंधों को गंभीर रूप से प्रभावित अवश्य करेगा, परंतु किसी भी संभावित समझौते का भविष्य केवल युद्ध नहीं, बल्कि उससे उत्पन्न राजनीतिक निर्णय तय करेंगे। यदि विवेक, संयम और कूटनीति को प्राथमिकता मिली, तो संवाद जीवित रहेगा। यदि प्रतिशोध, विस्तारवाद और शक्ति-प्रदर्शन हावी रहे, तो समझौतों की मेज़ें फिर वर्षों तक सूनी पड़ सकती हैं। मानव सभ्यता को यह स्वीकार करना होगा कि स्थायी शांति मिसाइलों के भंडार से नहीं, बल्कि विश्वास के निर्माण से आती है। हथियार भय पैदा कर सकते हैं, सम्मान नहीं; युद्ध सीमाएं बदल सकते हैं, इतिहास नहीं; और कूटनीति ही वह सेतु है, जिस पर चलकर शत्रु भी भविष्य के साझेदार बन सकते हैं। आज मध्य-पूर्व केवल युद्ध के कगार पर नहीं खड़ा है, बल्कि मानवता की सामूहिक बुद्धिमत्ता की परीक्षा के सामने भी खड़ा है। आने वाले दिनों में लिए जाने वाले निर्णय यह तय करेंगे कि इतिहास आने वाली पीढ़ियों को बारूद की विरासत देगा या संवाद की संस्कृति।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## पुराने चौक के संवेदनशील चबूतरे पर निर्माण से बढ़ा तनाव

**दो के विरुद्ध शांतिभंग में कार्रवाई**



**रुद्रपुर, देवरिया।** नगर के पक्का चौक स्थित एक संवेदनशील स्थल पर बने चबूतरे को लेकर रविवार सुबह विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। जानकारी के अनुसार, एक वर्ग के लोगों द्वारा चबूतरे पर कुछ कार्य कराया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और नाराजगी जताते हुए विरोध दर्ज कराया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। सूचना पर उपजिलाधिकारी अवधेश निगम,थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक आनंद पांडे मौके पर पहुंचे और घटना क्रम का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है तथा क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण अथवा कार्य नहीं होने दिया जाएगा।इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खूब करें योग रहें स्वस्थ-जय प्रकाश

**धूमधाम से मना योग दिवस**



**रूद्रपुर, देवरिया।** रविवार को समूचे तहसील क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरकारी संस्थाओं के अलावा निजी संस्थाओं स्कूलों और कॉलेज में भी लोगों ने जमकर योग किया और योग के फायदे गिनाये। तहसील परिसर में क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश निषाद के अध्यक्षता में योग दिवस मनाया गया। जहां उप जिलाधिकारी अवधेश निगम तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा नायब तहसीलदार अनिल तिवारी आदि ने जमकर योग किया।वहीं राम जी सहाय पीजी कॉलेज में भी योग दिवस का आयोजन किया गया। जहां नगर के गणमान्य लोगों ने योगासन किया इसके अतिरिक्त देहात क्षेत्र के बाग बगीचे भी योगासन किया गया। सुबह 6 बजे लोग घरों से निकलकर योग करने लगे। लोगों ने योग की फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया। हालांकि इस अवसर पर योगाचार्य सुखसागर शुक्ला विक्रम ज्योति पांडे सहित अन्य ने कहा कि योग एक दिन का व्यायाम नहीं बल्कि रोज का व्यायाम है।ऐसा करने से हम मोटापा सहित विभिन्न बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं।

## नीट परीक्षा केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण, परखी सुरक्षा व्यवस्था

**देवरिया, 21 जून।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के आयोजन के दौरान जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने रविवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम और एसपी ने राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया, शिवाजी इंटर कॉलेज खुखुंदू तथा जनता इंटर कॉलेज सोनूघाट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया और परीक्षा संचालन की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता और निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा संचालन से जुड़े सभी नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने बताया कि परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

# नरायनपुर में प्रेम-प्रसंग बना 'जंग का मैदान', दो समुदाय में खूनी संघर्ष! हियुवा पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह पांडेय ने दी चेतवानी

- पूर्व प्रधान समेत 3 हिरासत में, गांव में कई थानों की फ़ोर्स तैनात, दो FIR दर्ज
- प्रेमी के जेल जाने के बाद भी, उसके घर पर हमला, नरायनपुर में दो समुदाय में बवाल
- पूर्व प्रधान एकलाख अहमद और बेटे हैदर समेत दोनों पक्षों पर मुकदमा, पुलिस छावनी बना गांव
- बरगदवा के नरायनपुर में सांप्रदायिक तनाव, धारा 144 जैसे हालात
- 12 से अधिक लोगों ने बोला धावा, घायलों में महिलाएं भी शामिल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरगदवा, महराजगंज।** प्रेम-प्रसंग के एक मामले ने नरायनपुर गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। आरोपी युवक के जेल जाते ही बीते शुक्रवार की रात पूर्व प्रधान एकलाख अहमद और उसके बेटे हैदर अली के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक लोगों ने प्रेमी के घर पर धावा बोल दिया। देखते ही देखते विवाद ने सांप्रदायिक रंग ले लिया और दोनों समुदायों में भीषण मारपीट हो गई।

**कैसे भड़की हिंसा?**

गांव के एक युवक-युवती के प्रेम-प्रसंग में युवक के खिलाफ 6 जून को मुकदमा दर्ज था। 18 जून 2026 को पुलिस ने आरोपी हिंदू युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसी रात करीब 8 बजे पूर्व प्रधान एकलाख अहमद अपने बेटे हैदर अली व 10-12 लोगों के साथ प्रेमी के घर पहुंचे और हमला कर दिया। पथराव और मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल भेजा गया।

**पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई**

सूचना मिलते ही थाना बरगदवा पुलिस मय फोर्स मौके पर पहुंची और हालात काबू किए। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों से एकलाख अहमद, हैदर अली और एक महिला और संतोष को हिरासत में लिया है।

**दोनों पक्षों पर FIR**



**पहला पक्ष-** विन्द्रवती देवी की तहरीर पर हैदर अली, मनौवर अली, अलमा खातून, नवी अहमद, इकलाख अहमद व 10-12 अज्ञात पर BNS की धारा 191(2), 191(3), 115(2), 117(2), 352, 351(3), 331(6) में केस।

**दूसरा पक्ष-** मनौवर अली की तहरीर पर रामसहारे, उपेंद्र, संतोष, विन्द्रवती सहित 5 लोगों पर BNS की धारा 351(3), 191(2), 115(2), 352 में केस।

**SP का सख्त रुख:** महराजगंज पुलिस ने साफ किया है कि 'कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। गांव में शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर हृ-तक की कार्रवाई होगी।' फिलहाल गांव में पुलिस गश्त जारी है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पालिका परिसर में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**योग स्वस्थ तन, शांत मन और अनुशासित जीवन का आधार: नपाध्यक्ष**

**ललितपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पालिका परिषद परिसर में शनिवार को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने की। इस दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। नपाध्यक्ष ने कहा कि फिट इंडिया के संकल्प को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद परिसर में योगाभ्यास आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ तन, शांत मन और अनुशासित जीवन का आधार है। नियमित योग से व्यक्ति के जीवन में ऊर्जा, सकारात्मकता और संतुलन का विकास होता है। कार्यक्रम में योगाचार्य प्रसन्न कुमार एवं नजमा बनो ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**देवरिया।** 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस ने पुलिस लाइन सहित जिले के सभी थाना परिसरों में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनंद पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील सिंह, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर सत्येन्द्र कुमार राय तथा क्षेत्राधिकारी लाइन्स गौरव सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सभी ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान क्रियाओं का अभ्यास किया।



इसी क्रम में जिले के सभी थानों पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने सामूहिक रूप से योग किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक क्षमता बढ़ने के साथ मानसिक तनाव भी कम होता है, जिससे कार्यक्षमता में सुधार आता है। योग दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम जनपद के सभी थाना परिसरों एवं पुलिस लाइन में उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

# पिच सड़क निर्माण में लापरवाही पर किसानों का प्रदर्शन, ठेकेदार पर अभद्रता का आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हरपुर- बुदहट/सहजनवा।** सहजनवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत रामपुर टोला गुल्टही में पानी टंकी से प्राथमिक विद्यालय तक पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे पिच सड़क निर्माण कार्य के अधूरा छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों और किसानों में भारी नाराजगी है। आरोप है कि करीब दो माह पहले सड़क के किनारे केवल मिट्टी पाटकर निर्माण कार्य रोक दिया गया, जिसके बाद से काम दोबारा शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम और धान की रोपाई के समय अधूरा निर्माण किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। सड़क के किनारे मिट्टी पड़े रहने से खेतों तक पानी निकासी और आवागमन प्रभावित हो रहा है। किसानों ने बताया कि कई बार ठेकेदार से कार्य शीघ्र शुरू कराने का अनुरोध किया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

रविवार को ग्रामीणों ने ठेकेदार से फोन पर संपर्क कर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। किसानों का आरोप है कि इस दौरान ठेकेदार ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया। इसके विरोध में किसानों ने प्रदर्शन कर प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। प्रदर्शन में क्षेत्र पंचायत सदस्य राधेश्याम सहित प्रदीप, रामकरन, सोनू, पंकज, देवेंद्र, भुआल, अमन, अर्जुन, उदयनाथ और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया तो वे व्यापक जन आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में आरईएस के जेई सुबोध तिवारी ने बताया कि मामला ठेकेदार की लापरवाही से जुड़ा है। ग्रामीणों से अभद्रता की शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा।



## घर के सामने कूड़ा फेंकने का विरोध करना पड़ा महंगा महिला को लाठी-डंडों से पीटा

**सिर में गंभीर चोट, दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वनगुँवा कला में घर के सामने कूड़ा फेंकने का विरोध करने पर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर गांव की दो महिलाओं ने गाली-गलौज करते हुए पीड़िता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपित महिलाओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम वनगुँवा कला निवासी गीता पत्नी लक्ष्मन ने बताया कि गांव के ही विपक्षी लोग आए दिन उनके घर के सामने कूड़ा-कचरा डालते हैं, जिससे लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। शनिवार 20 जून 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे जब विपक्षी पक्ष द्वारा फिर से घर के सामने कूड़ा फेंका जा रहा था, तब उन्होंने इसका विरोध किया। विरोध करने पर आरोपी महिलाएं आगबबूला हो गई और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगीं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान उनके सिर में गंभीर चोटें आई और वह घायल होकर जमीन पर गिर गई।

# खजनी तहसील में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास, स्वस्थ जीवन का लिया संकल्प

- विधायक श्रीराम चौहान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों और एनसीसी कैडेट्स ने किया योगाभ्यास

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को तहसील खजनी परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। विधायक खजनी श्रीराम चौहान के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट्स और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) खजनी राजेश प्रताप सिंह, तहसीलदार ध्रुवेष सिंह, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। लेखपाल राजीव रंजन तथा एनसीसी कैडेट युवतियों ने भी सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेते हुए स्वास्थ्य और फिटनेस का संदेश दिया।

योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम तथा ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी भी दी गई। एसडीएम राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जिसने आज वैश्विक स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर सकारात्मक सोच और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है।

विधायक श्रीराम चौहान ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों



से योग को विश्व स्तर पर नई पहचान मिली है। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरी दुनिया में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है, जो भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ, निरोग एवं सकारात्मक जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया। तहसील प्रशासन ने सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, अनुशासन और स्वास्थ्य जागरूकता का वातावरण देखने को मिला।

# शिक्षक आत्महत्या कांड में बड़ा घटनाक्रम, 25 हजार का इनामी लिपिक संजीव सिंह ने किया सरेंडर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर:** शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह आत्महत्या प्रकरण में फरार चल रहे निलंबित लिपिक संजीव सिंह ने आखिरकार अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। इस मामले में संजीव सिंह की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लंबे समय से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी, लेकिन गिरफ्तारी से बचने के लिए वह फरार चल रहा था। गौरतलब है कि यह मामला शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह की आत्महत्या से जुड़ा है, जिसने पूरे प्रदेश में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। मृतक शिक्षक की पत्नी की तहरीर पर तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) शालिनी श्रीवास्तव, निलंबित लिपिक संजीव सिंह तथा अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि विभागीय कार्रवाई और उच्च न्यायालय के आदेश का भय दिखाकर शिक्षकों से अवैध धन उगाही की जा रही थी।

जांच के दौरान सामने आया था कि तीन शिक्षकों से 16-16 लाख रुपये की मांग की गई थी। आरोप है कि उच्च न्यायालय के आदेशों के नाम पर शिक्षकों पर दबाव बनाया गया और मोटी रकम वसूलने का प्रयास किया गया। इसी मानसिक प्रताड़ना और दबाव से परेशान होकर शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह ने आत्मघाती कदम उठा लिया। मामले को उस समय और गंभीर माना गया जब मृतक शिक्षक की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। इस सुसाइड नोट में कथित तौर पर उन लोगों के नाम और आरोपों का उल्लेख था, जिन्हें शिक्षक अपनी परेशानी और मानसिक तनाव के लिए जिम्मेदार मान रहे थे। सुसाइड नोट सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी थी।

पुलिस विवेचना के आधार पर इस प्रकरण में पहले ही तत्कालीन बीएसए शालिनी श्रीवास्तव और अनिरुद्ध नामक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों के खिलाफ न्यायालय में आवश्यक कार्रवाई भी की जा रही है। वहीं संजीव



सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी और उसकी सूचना देने वाले पर इनाम भी घोषित किया गया था। अब संजीव सिंह के आत्मसमर्पण के बाद मामले की जांच और कानूनी कार्रवाई को नई गति मिलने की उम्मीद है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण से जुड़े सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शिक्षक आत्महत्या प्रकरण में यह आत्मसमर्पण जांच की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है।

# फर्जी अस्पताल खोल बीमा कंपनियों को चूना लगाने वाले गैंग का सदस्य गिरफ्तार, गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर।** संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामगढ़ताल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पर अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर फर्जी तरीके से अस्पताल संचालित कर स्वास्थ्य बीमा कंपनियों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में रामगढ़ताल थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी अफजल अंसारी को गिरफ्तार किया। आरोपी गगहा थाना क्षेत्र के नर्रे बुजुर्ग गांव का निवासी है और उसके विरुद्ध रामगढ़ताल थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर अस्पताल संचालित करता था। गिरोह पर आरोप है कि स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़े मरीजों के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बिना वास्तविक इलाज किए बीमा कंपनियों से भुगतान प्राप्त किया जाता था। इस संगठित धोखाधड़ी के माध्यम से बीमा राशि का गबन कर आर्थिक लाभ अर्जित किया जाता था।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गिरोह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी।

गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसके विरुद्ध वर्ष 2025 में रामगढ़ताल थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र सहित विभिन्न धाराओं में दो मुकदमे दर्ज किए गए थे। लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने पर उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई। रामगढ़ताल पुलिस का कहना है कि संगठित अपराध और आर्थिक अपराधों में शामिल अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और कानून के दायरे में लाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुनील यादव और उपनिरीक्षक हरिओम सिंह सहित थाना रामगढ़ताल के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## तालबेहट में सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**अलमारी और लॉकर के ताले तोड़कर वारदात को दिया अंजाम**

**अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र के अंजनी नगर में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंजनी नगर निवासी रिंकू कुशवाहा पुत्र राजाराम कुशवाहा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 18 जून 2026 की रात अज्ञात चोर उनके घर में घुस गए। चोरों ने घर में रखी अलमारी और लॉकर के ताले तोड़ दिए तथा उसमें रखे कीमती जेवरात और नगदी चोरी कर फरार हो गए। चोरी गए सामान में एक सोने का मंगलसूत्र, चार सोने की अंगूठियां, एक सोने की मेहंदी, एक सोने की बेसर, दो चांदी के करदोना, दो जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी चांदी की बिछिया तथा 10 हजार रुपये नकद शामिल हैं। चोरी गए आभूषणों की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके की जानकारी जुटाई और अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 305(ए) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# ताइक्वांडो खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ के ओपेन जिम पार्क में चल रहे दस दिवसीय ताइक्वांडो खेल एवं मेडिटेशन शिविर का समापन रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ। शिविर में प्रशिक्षण हासिल करने वाले दर्जनों खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। शोहरतगढ़ के ओपन जिम पार्क में जिला ताइक्वांडो अकादमी सिद्धार्थनगर के तरफ से ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर शोहरतगढ़ द्वारा 10 दिवसीय ताइक्वांडो खेल एवं मेडिटेशन शिविर का संचालन आयोजन जिला सचिव बजरंगी राजपूत के मार्गदर्शन में हुआ।

शिविर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी देने के साथ बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, आत्मरक्षा मेडिटेशन एवं योग, अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस विकास की जानकारी दी गई। जिला ताइक्वांडो अकादमी के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि ताइक्वांडो प्रशिक्षण के जरिए



ताइक्वांडो के उभरते खिलाड़ियों के अंदर खेल प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास है। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि नगर में क्रिकेट व अन्य खेल के साथ-साथ ताइक्वांडो खिलाड़ियों को आवश्यकता अनुसार सहयोग प्रदान किया जा रहा है। क्रिकेट,ताइक्वांडो आदि के साथ जल्द ही बैडमिंटन के खिलाड़ियों को भी एक बेहतर मंच नगर में मिल सकेगा। शिविर समापन पर मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि श्याम जायसवाल ने शिविर में शामिल खिलाड़ी अंकित कनौजिया, अभिषेक यादव, आराध्या, आंचल चौधरी, आशीष, विनय, ऋषि, सूरज साहनी, आदित्य साहनी ,नित्य आदि खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कंपनी बाग में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**योगाचार्य फूलचंद रजक ने कराया प्रशिक्षण**

**ललितपुर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को कंपनी बाग में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य फूलचंद रजक ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला। योगाचार्य फूलचंद रजक ने बताया कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, निरोग एवं ऊर्जावान बना रहता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण अनेक बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। ऐसे में यदि नियमित रूप से योग किया जाए तो कई शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि कंपनी बाग में प्रतिदिन योग की कक्षाएं संचालित की जाती हैं, जिनमें सरल आसनों से लेकर जटिल योगासन तक सिखाए जाते हैं। योग के माध्यम से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा मन को शांति और एकाग्रता प्राप्त होती है। उन्होंने सभी लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का आह्वान किया।

# गोरखनाथ पुलिस का बड़ा खुलासा: 4 लाख की ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार, नकदी, लग्जरी गाड़ियां और आईफोन बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखनाथ पुलिस ने बैंक कर्मचारी को झांसा देकर 4 लाख रुपये की ठगी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2,00,970 रुपये नकद, दो चारपहिया वाहन तथा दो आईफोन बरामद किए हैं। मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी के मुकदमे में अन्य धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना गोरखनाथ क्षेत्र में दर्ज मुकदमा संख्या 0241/2026 की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त मोहित चावला निवासी बिजनौर और रोहित यादव निवासी लखनऊ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

जांच में सामने आया कि एक व्यक्ति बैंक शाखा में पहुंचा और स्वयं को ब्रांच मैनेजर का परिचित बताते हुए 11 लाख रुपये की एफडी कराने की बात कही। उसने बैंक कर्मी को विश्वास में लेकर बताया कि उसके पास 4 लाख रुपये छोटे नोटों में हैं, जिन्हें 500-500 रुपये के नोटों में बदलवाना है। उसने वी-मार्ट के पास स्थित एक ज्वेलर्स का हवाला देकर नकदी लाने के लिए कर्मचारी को भेजा। इसी दौरान आरोपी बैंक से 4 लाख रुपये लेकर फरार हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सर्विलांस और एसओजी टीम की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उनके पास से ठगी की रकम का एक हिस्सा, एक ब्लैक स्कॉर्पियो, एक ग्रे फ्रॉन्क्स सिग्मा कार तथा



दो आईफोन बरामद हुए।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त मोहित चावला पर नोएडा और गौतमबुद्धनगर में चोरी, धोखाधड़ी तथा अन्य अपराधों के कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं रोहित यादव के खिलाफ भी लखनऊ में विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज पाए गए हैं। गोरखनाथ पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष बने राघवेंद्र सिंह धाकरे



**टूण्डला-** राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने संगठन का विस्तार करते हुए टूण्डला निवासी राघवेंद्र सिंह धाकरे को फिरोजाबाद जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही संगठन पदाधिकारियों एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह धाकरे ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज हित में कार्य करने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।उनकी नियुक्ति पर संस्था के पदाधिकारियों एवं इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से श्याम परमार, नरेश चौहान, राधेश्याम चौहान, बबलू चौहान, गौरव धाकरे, दुष्यंत जादौन, शिवम तोमर, कुलदीप परमार, रामू परमार, सुभाष परमार, आकाश धाकरे, पुष्पेंद्र परमार, राज करण परमार, शुभम शर्मा,मयंक तोमर,सत्य प्रकाश बघेल, सुनील शर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### भागवत कथा सुनने से होती है पुण्य फल की प्राप्ति : आचार्य उमेश पचौरी



**टूण्डला-** नगर के सारस्वत इंक्लेव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने भक्ति और आध्यात्मिकता के रस का आनंद लिया। कथा व्यास आचार्य उमेश पचौरी ने अपने श्रीमुख से भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया,जिसे सुनकर उपस्थित भक्तगण भावविभोर हो गए।कथा के दौरान आचार्य उमेश पचौरी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य को पुण्य फल की प्राप्ति होती है तथा उसके पाप कर्मों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा व्यक्ति को धर्म भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का स्मरण जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का संचार करता है। इस दौरान कथा आयोजकों ने कथा सुनने आने वाले भक्तजनों का माला व पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। वही भक्तजनों ने फूल मालाओं से आचार्य श्री उमेश पचौरी जी शास्त्री का फूल मालाओं से सम्मान किया।इस अवसर पर परीक्षित अशोक पचौरी एवं रेनू पचौरी यज्ञपति राजू उपाध्याय एवं शकुंतला उपाध्याय,आर एल गौतम, आर पी शर्मा, पत्रकार सोमेंद्र पोनिया, विवेक शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालु भगवान के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे।

### भीषण गर्मी में कैमहरा के श्रद्धालुओं ने राहगीरों को पिलाया मीठा शरबत

**गोला-कस्ता मार्ग पर विद्या मन्दिर के पास चला सेवा शिविर, बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी को देखते हुए गोला तहसील क्षेत्र के कैमहरा गाँव के श्रद्धालुओं ने शनिवार को मानव सेवा का सराहनीय कार्य किया।गोला-कस्ता मार्ग पर श्री रामचंद्र आर्य सरस्वती विद्या मन्दिर स्कूल के निकट श्रद्धालुओं द्वारा राहगीरों के लिए मीठे शरबत के प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। यह शरबत वितरण सुबह से शुरू होकर देर शाम तक अनवरत चलता रहा। गर्मी से राहत पाने के लिए राहगीरों ने शरबत ग्रहण किया और श्रद्धालुओं के इस सेवा कार्य की सराहना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्याम नारायन बाजपेई, रमाकांत, कृष्ण कुमार, देवीदयाल, बसंत लाल, रघुवीरशरण, दिनेश कुमार बाजपेई सहित गाँव के काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लगुचा में चल रहे कई गैर पंजीकृत अस्पताल, जिम्मेदार मौन- कब जागेगा प्रशासन

**● बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा अपेक्स और शिफा हॉस्पिटल,**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी में स्वास्थ्य विभाग की कथित ढील का फायदा उठाकर गली-कूचों में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध अस्पतालों का जाल कुकुरमुत्तों की तरह फैलता जा रहा है। ताजा और सबसे हैरान करने वाला मामला लगूचा में ऑन रोड चल रहे अपेक्स हॉस्पिटल,और शिफा अस्पताल से सामने आया है जो सीधे तौर पर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहें है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगूचा कस्बे में ऑन रोड सीना तानकर चल रहे इस अपेक्स हॉस्पिटल के पास न तो कोई वैध रजिस्ट्रेशन है और न ही मरीजों के इलाज के लिए कोई योग्य या डिग्रीधारक डॉक्टर। कमोबेश यही हाल ऑन रोड लगुचा में संचालित शिफा अस्पताल का बताया जाता है इसके बावजूद भोले-भाले मरीजों को जाल में फंसाकर यहाँ धड़ल्ले से भर्ती किया जा रहा है और उनका शोषण हो रहा है। अब सवाल यह उठता है कि ऑन रोड महीनों से चल रहे इस अवैध खेल पर आखिर स्वास्थ्य महकमा आँखें मूंदे क्यों बैठा है सी. एच सी अधीक्षक फरधान को इसकी भनक क्यों नहीं है।

जब इस गंभीर मामले और अवैध तरीके से संचालित शिफा और अपेक्स हॉस्पिटल की हकीकत जानने के लिए सीएचसी अधीक्षक अमित बाजपेई से फोन पर संपर्क किया गया तो उनका जवाब बेहद चौंकाने वाला था। उन्होंने मामले की गंभीरता को समझने के बजाय कहा मामला मेरे संज्ञान में अब आया है कल दिखवाता हूँ। मरीजों की जान पर मंडराते खतरे के बीच जिम्मेदार अधिकारी का ऐसा ठंडा रुख स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**शायद किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं विभागीय जिम्मेदार –**




देखना यह है कि होगी कार्रवाई या रफा-दफा होगा मामला अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या कल दफ्तर लौटते ही सीएचसी अधीक्षक अमित बाजपेई इन अवैध और जानलेवा, अपेक्स हॉस्पिटल ,और शिफा हॉस्पिटल पर सीलिंग की कार्रवाई करेंगे या फिर हर बार की तरह इस बार भी मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा लेकिन इस मौत के अस्पताल पर सख्त से सख्त एक्शन होना अब बेहद जरूरी हो चुका है।

### बरेली में NEET परीक्षा के दौरान छात्रा की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**बरेली।** नीट की पुनः परीक्षा के दौरान बरेली कॉलेज परिसर के ब्लॉक-ई में एक महिला परीक्षार्थी की अचानक तबीयत खराब हो गई। बीमार छात्रा मुंशी नगर, इज्जतनगर निवासी है। सूचना मिलते ही परीक्षा केंद्र पर तैनात अधिकारियों ने छात्रा को उपचार के लिए रामपुर गार्डन स्थित धनवंतरी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में छात्रा का इलाज चल रहा है। चिकित्सालय प्रबंधन के अनुसार, तन्वी की स्थिति अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। परीक्षा केंद्र पर तैनात अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि घटना के बाद केंद्र पर कानून-व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होती रही। छात्रा के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# संजू क्लिनिक के डॉक्टर पर गर्भपात कराने के लग रहे गंभीर आरोप

**● कस्बे की रहने वाली पीड़ित महिला का संजू क्लीनिक के डाक्टर पर आरोप लगाते हुऐ बताया कि गर्भ में पल रहे! बच्चे को खराब बताकर दस हजार रूपये लेकर किया गया गर्भपात**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओयल!** स्वास्थ्य विभाग नाक के नीचे बिना मानक संचालित हॉस्पिटल बेहजम तिराहा पर स्थित संजू क्लिनिक जोकि सूत्रों की मिली जानकारी के अनुसार आयुर्वेदिक के बी ए एम एस के लाइसेंस पर किया जा रहा एलोपैथिक इलाज इसी अस्पताल में तारीफ की बात यह कि कस्बे के रहने वाली मूला देवी पत्नी राम सहाय निवासी मोहल्ला जगतिया की रहने वाली ने डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए! बताया कि अपनी हमारी बेटी




पेट में दर्द हो रही थी! तभी संजू क्लीनिक दिखवाने गई तो वहां पर मौजूद डॉक्टर राजेश्वर सिंह ने महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे को खराब होने का बातकर पीड़ित महिला से 10000 लेकर गर्भपात कर दिया हालत बिगड़ने पर दोबारा उसी क्लीनिक पर दिखवाने गई तो डॉक्टर ने कहीं और दिखाने को कहा महिला अपनी बेटी को साथ लेकर डॉक्टर से कहा कि आपने कहा था! अगर कोई समस्या आती है! तो इन्हीं पैसों में हम इलाज करेंगे! महिला की एक भी बात ना सुनते हुए डॉक्टर द्वारा पिडित महिला पर हाथ उठा दिया जिसको लेकर देर शाम पुलिस चौकी पर पहुंचकर महिला ने लिखित रूप से तहरीर दी है!

## विद्या निकेतन में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** दिनांक 21/ 06/ 2026 दिन रविवार को स्थानीय विद्यालय वि0 कु0 स्मा0 सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज गोला में 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने शारीरिक शिक्षक महेन्द्र नाथ पाठक के निर्देशन में योग कर लोगो को योग करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का प्रारम्भ ? ध्वनि एवं गायत्री मन्त्र के साथ हुआ। योग कार्यक्रम में सूक्ष्म व्यायाम, भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम-विलोम,भुजंगासन, शलभासन, उत्तानपादासन, वज्रासन, सुप्तवज्रासन, चक्रासन, मकरासन, ताड़ासन, वृक्षासन, सिंहासन, हास्यासन, शवासन आदि आसन किये गए। इस वर्ष योग दिवस की थीम यानी 'स्वस्थ उम्र बढ़ाने के लिए योग' रखी गई है। अर्थात योग एक ऐसा साधन है जो बढ़ती उम्र के बावजूद व्यक्ति को सक्रिय, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाए रखने में मदद कर सकता है।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने बताया कि नियमित योग अभ्यास केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मिक शांति और समग्र विकास की आधारशिला है जो न सिर्फ शरीर को बल्कि मन को भी शांत और एकाग्रचित करता है तथा श्वसन क्रिया हृदय स्वास्थ्य में सुधार, रक्तचाप कम करने, लचीलापन बढ़ाने और मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने के लिए लाभकारी है। योग दिवस का समापन कल्याणमंत्र तथा खिचड़ी भोज के साथ हुआ।

### 'योग को धर्म से जोड़ना अज्ञानता और नासमझी', मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बरेली में किया योग



**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेली ने आज रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ग्रैंड मुफ्ती हाउस में योग किया। मौलाना ने इस बात पर जोर देकर कहा कि योग सेहत को अच्छा और बेहतर करने के लिए एक बहुत बेहतरीन माध्यम है और यह परंपरा बड़ी पुरानी है। सदियों पहले सूफी अपनी दरगाहों पर सबसे पहले किसी व्यक्ति को मुरीद करने से पहले योग कराते थे। योग रूहानी तौर व तरीकों से कराया जाता था, जिसमें हाथ पैर की वर्जिश के साथ ही दिल और दिमाग की सफाई भी होती थी। शहाबुद्दीन रजवी बरेली ने कहा, आज के कुछ नासमझ लोगों ने योग को धर्म के साथ जोड़ दिया है, जबकि योग का किसी भी धर्म से कोई संबंध नहीं है। जो लोग योग को किसी खास धर्म के साथ जोड़ते हैं वह अज्ञानी और नासमझ है, उनको चाहिए कि सूफियों के सिलसिले को और उनकी रूहानियत को किताबों से समझे। उनके इतिहास पर गहराई के साथ नजर रखें तो हर चीज स्पष्ट हो जाएगी। इस मौके पर अब्दुल अजीज और साहिल रजा अंसारी मौजूद रहे।

# आखिर किसकी शह पर ये मुन्ना भाई मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़

**● बिना बोर्ड, बिना रजिस्ट्रेशन: अलीगंज में' टी.एस आर हर्बल क्लिनिक/हॉस्पिटल नाम पर मरीजों की जान से खिलवाड़**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अलीगंज/ बांकेगंज खीरी।** स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे अलीगंज कस्बे में अवैध अस्पतालों का काला कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला लखीमपुर पुराने बस अड्डा अली गंज की उसी पुरानी बिल्डिंग का है, जहां पर ' टी एस आर हॉस्पिटल' के नाम से मौत का खेल शुरू हो गया है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस अस्पताल का न तो कोई साइन बोर्ड है और न ही कोई वैध रजिस्ट्रेशन, फिर भी यहाँ धड़ल्ले से मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। स्थानीय लोगों और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस कथित टी एस आर हर्बल क्लिनिक/अस्पताल में इलाज के नाम पर मरीजों की जिंदगी के साथ भद्दा मजाक हो रहा है। यहाँ बिना किसी मेडिकल डिग्री के कुछ अनट्रेंड लड़के मरीजों को ड्रिप चढ़ाने, इंजेक्शन लगाने और गंभीर हालत में भर्ती करने जैसा जोखिम भरा काम कर रहे हैं।

चर्चा तो यहाँ तक है कि बंद कमरों में बिना किसी विशेषज्ञ डॉक्टर के अवैध रूप से ऑपरेशन भी निपटा दिए जाते हैं।नियमों के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग को हर महीने निजी अस्पतालों का सघन निरीक्षण करना चाहिए, लेकिन अलीगंज की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। पुराने बस अड्डे के पास गली में बिल्डिंग में संचालित गैर पंजीकृत टी एस आर हर्बल संचालित है यह अस्पताल बिना बोर्ड तथा बिना पंजीकरण के संचालित होना विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आखिर किसकी शह पर ये 'मुन्ना भाई' मरीजों की जान खतरे में डाल रहे हैं सीएचसी प्रभारी की भूमिका पर टिकी नजरें अलीगंज क्षेत्र में ऐसे दर्जनों अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं, जो सीधे तौर पर गरीबों की जेब और जान पर डाका डाल रहे हैं। अब देखना यह होगा कि बांकेगंज सीएचसी प्रभारी इस मामले का संज्ञान लेकर अस्पताल को सील करते हैं या फिर जांच के नाम पर महज़ खानापूर्ति की जाएगी।

# एक माह में चौथा तेंदुआ पिंजरे में कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही।** बेलरायां वन रेंज क्षेत्र में वन विभाग को रविवार तड़के एक और बड़ी सफलता मिली। लद्बौहा वन बीट की मुर्तिहा ग्राम पंचायत स्थित वीर बाबा स्थान के पास लगाए गए पिंजरे में एक मादा तेंदुआ कैद हो गया। पिछले एक माह के भीतर पकड़ा गया यह चौथा तेंदुआ है। तेंदुए के पकड़े जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।वन विभाग के अनुसार मुर्तिहा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से तेंदुए की गतिविधियां देखी जा रही थीं। ग्रामीणों की सूचना पर वीर बाबा स्थान के निकट गन्ने के खेत के किनारे पिंजरा लगाया गया था। पिंजरे में चारे के रूप में बकरी बांधी गई थी। रविवार सुबह करीब पांच बजे तेंदुआ शिकार के लालच में पिंजरे में घुस गया और कैद हो गया। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय वनाधिकारी भूपेंद्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तेंदुए को सुरक्षित कब्जे में ले लिया।ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ लगातार गांव और आसपास के खेतों में दिखाई दे रहा था, जिससे लोगों में दहशत का माहौल था। किसान खेतों में जाने और पशुओं को चराने के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे थे। वन विभाग ने ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आधा दर्जन से अधिक पिंजरे लगाए थे।वन विभाग की टीम तेंदुए को रेंज कार्यालय ले गई, जहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। अधिकारियों के निर्देश पर बाद में उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।

**एक माह में चौथी सफलता**

बेलरायां वन रेंज क्षेत्र में तेंदुओं की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए वन विभाग लगातार अभियान चला रहा है। विभागीय अभिलेखों के अनुसार 22 मई को कटैला फार्म, 25 मई को सहिजना और 9 जून को भिड़ौरी क्षेत्र से तेंदुए पकड़े गए थे। रविवार को वीर बाबा स्थान के पास चौथा तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ। पकड़ी गई करीब तीन से चार वर्ष आयु की यह मादा तेंदुआ मुर्तिहा क्षेत्र से एक माह के भीतर पकड़ी गई दूसरी मादा तेंदुआ बताई जा रही है।

**तीन माह में सात तेंदुए पकड़े गए**

क्षेत्रीय वनाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले तीन माह में यह सातवां तेंदुआ पकड़ा गया है। इससे पूर्व कटैला फार्म, सिंधौना, नौरंगाबाद, रननगर, सिंगहा और भिड़ौरी क्षेत्रों से भी तेंदुओं को पकड़कर



सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा जा चुका है। एहतियात के तौर पर अभी भी क्षेत्र के करीब सात स्थानों पर पिंजरे लगाए गए हैं।

**अभी भी बरतनी होगी सतर्कता**

वन विभाग का मानना है कि दुधवा वन क्षेत्र और कतर्नियाघाट से सटे होने तथा गन्ने की घनी फसल के कारण यह इलाका वन्यजीवों की आवाजाही के लिए संवेदनशील बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर मिले पगचिह्नों और सूचनाओं के आधार पर क्षेत्र में अन्य तेंदुओं की मौजूदगी की भी आशंका जताई जा रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों से सुबह-शाम खेतों की ओर अकेले न जाने, बच्चों और मवेशियों पर विशेष निगरानी रखने तथा किसी भी वन्यजीव के दिखाई देने पर तत्काल विभाग को सूचना देने की अपील की है।

## कुकरा में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुकरा खीरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कुकरा क्षेत्र में विभिन्न सरकारी एवं सामाजिक संस्थानों में योग कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। पुलिस चौकी कुकरा, संवलियन विद्यालय,हसनैन इंटर कॉलेज, गुरु नानक इंटर कॉलेज पहाड़पुर, हजरतपुर,सिकंदरपुर, पहाड़नगर, जटपुरा, खंजनपुर, पहाड़पुर,इंदिरानगर,ढाका सहित क्षेत्र की अन्य संस्थाओं में अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं निरोगी जीवन का संकल्प लिया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए। इस दौरान कुकरा संवलियन विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार वर्मा व टीचर अकदीप कौर,प्रधानाचार्य गौरव दीक्षित,राजकीय कन्या इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य अनीता चौधरी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नियमित योग करने से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक




शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में उपस्थित चौकी प्रभारी अवलीश कुमार पवार,प्रधान पति फुरकानुउद्दीन खान,तसलीमा बानो, शिबानी सिंह,मास्टर एहतसाम,प्रधान हरजिंदर सिंह,प्रधान पति विनोद कुमार भारतीय,कुलदीप कुमार, जनक यादव,प्रधान धनीराम सहित लोगों ने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का संकल्प लिया और कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। पूरे क्षेत्र में योग दिवस को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

### अवैध रूप से संचालित शिफा हॉस्पिटल', मरीजों की जान से खिलवाड़- आरोप

**लखीमपुर खीरी-** विकास खंड लखीमपुर क्षेत्र में 'शिफा हॉस्पिटल ' नाम से संचालित एक निजी अस्पताल पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में किसी विशेषज्ञ डॉक्टर की नियमित मौजूदगी नहीं रहती, जबकि बाहर बड़े-बड़े डॉक्टरों के नाम और बैनर लगाए गए हैं।सूत्रों के अनुसार अस्पताल में अनट्रेंड स्टाफ द्वारा मरीजों का इलाज किया जाता है, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। आरोप है कि मरीजों को गुमराह कर अवैध तरीके से धन उगाही की जाती है।जानकारी यह भी सामने आ रही है कि अस्पताल में मुख्य रूप से डीएनसी जैसे कार्य कराए जाते हैं, जबकि अन्य चिकित्सीय सुविधाओं को लेकर कोई स्पष्ट व्यवस्था दिखाई नहीं देती।हैरानी की बात यह है कि यह अस्पताल मुख्यालय से चंद किमी की दूरी पर संचालित हो रहा है, बावजूद इसके अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है।स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों का कहना है कि मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जल्द बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इस सम्बंध में सी. एम. ओ . खीरी डॉक्टर संतोष गुप्ता ने बताया मामला संज्ञान में आया है टीम भेजकर जांच कराई जाएगी अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### थप्पड़ का बदला गोली मारकर हत्या कर लिया... अर्जुन मौर्य हत्याकांड में आरोपित कुश गिरफ्तार

**बरेली।** डीजे संचालक अर्जुन मौर्य की गोली मारकर हत्या करने के एक और आरोपित संजय नगर कुश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुश ने ही अर्जुन की रिश्तेदार से छेड़खानी की थी। इस पर अर्जुन ने उसे थप्पड़ मार दिया था और इसी का बदला लेने के लिए उसने गोली मारकर हत्या कर दी थी। 15 जून की रात गौसाई गौटिया निवासी अर्जुन की रास्ते में घेरकर अर्पित, हिस्ट्रीशीटर लकी लभेड़ा के भाई कपिल और कुश ने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने 18 जून को अर्पित उर्फ पहाड़ी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बारादरी थाना प्रभारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि हत्या के आरोपित कुश को डीडीपुरम पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया गया। कुश को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस पूछताछ में कुश ने बताया कि अर्जुन ने 15 जून को बेकरी के पास उसे थप्पड़ मार दिया था। इसकी जानकारी उसने अपने साथी अर्पित और कपिल को दी थी। इसके बाद तीनों ने अर्जुन को गौसाई गौटिया स्थित मंदिर के पास घेर लिया था और अर्पित ने तमंचे से अर्जुन को गोली मार दी थी।

## मैलानी नगर में भव्य और प्रेरणादायक योग शिविर का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैलानी-खीरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मैलानी नगर में एक भव्य और प्रेरणादायक योग शिविर का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी और मैलानी थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य की अध्यक्षता में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 'स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है 'के संदेश को चरितार्थ करते हुए मैलानी के लोगों ने सामूहिक रूप से योगासन किया और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी विभागों,पदाधिकारियों और नगरवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।इस दौरान योग प्रशिक्षक और एवं मुख्य सहयोगी के रूप में अनुदेशक विनोद कुमार गुप्ता,महिला कांस्टेबल साधना,जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर की मुख्य भूमिका रही।इनके साथ साथ नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी, थाना परिसर सभी पुलिस कर्मी, रेलवे विभाग के अधिकारी और कर्मचारी, पत्रकार अजीत सक्सेना,सुभाष गोयल, हरिहर दत्त मिश्र,प्रताप सिंह रावत, शिवगोविन्द कुशवाहा, सुरेंद्र मिश्र, द्वारिका प्रसाद गोयल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश शर्मा उर्फ राजा भैया, पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित भारी संख्या में जागरूक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री योगी फिरोजाबाद में सौंपेंगे 568 पीएमआवासों की चाबी

**● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को फिरोजाबाद के टूंडला स्थित उसायनी गांव में 568 पीएम शहरी आवासों की चाबी लाभार्थियों को सौंपेंगे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** टूंडला के गांव उसायनी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के 568 आवासों की चाबी सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ सोमवार को सुबह 11.15 बजे लाभार्थियों को सौंपेंगे। इस दौरान वह 650 करोड़ से अधिक के कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। उनके आगमन को लेकर हेलीपैड के साथ ही पंडाल बनाने का काम देर शाम तक चलता रहा। डीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।केंद्र सरकार ने शहरी बेघर लोगों के लिए मार्च-2019 पीएम शहरी आवास योजना का शुभारंभ किया था। इसके तहत फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण (विप्रा) ने उसायनी के निकट आवासीय कॉलोनी बनाई गई है। काम पूरा होने के बाद भी लोकार्पण न होने से लाभार्थियों को अब तक कब्जा मिलने की कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस मामले में विप्रा उपाध्यक्ष की ओर शासन को निरंतर पत्राचार किए जा रहे थे।

**उसायनी में होगा कार्यक्रम, 568 पीएम आवासों की लाभार्थियों को सौंपेंगे चाबी**

सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गांव उसायनी पहुंचकर इसका लोकार्पण करने के साथ पात्र लाभार्थियों को आवासों की चाबी सौंपेंगे। इसके साथ टूंडला और शिकोहाबाद विधानसभा क्षेत्रों के अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास कर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर शनिवार से ही हेलीपैड के साथ वाटर प्रूफ पंडाल तैयार कराने काम शुरू हो गया है। वाहनों की पार्किंग के साथ ही आवासों की रंगाई पुताई का काम भी किया जा रहा है। अधूरे पड़े पार्क को भी ठीक कराया जा रहा है।

**नगर निगम के 54.12 करोड़ के प्रोजेक्ट का होगा लोकार्पण और शिलान्यास**

मेयर कामिनी राठौर ने बताया कि



मुख्यमंत्री के हाथों नगर निगम के 54.12 करोड़ की प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास कराया जाएगा। इसमें स्मार्ट जोनल कार्यालय, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, ब्रज थीम और एबीसी सेंटर, गैस संचालित शवदाह गृह, डिजिटल लाइब्रेरी, वेस्ट टू वंडर पार्क, 18 पार्कों में ओपन जिम, स्मार्ट क्लासेज, वर्कशाप का निर्माण व मलिन बस्तियों में विकास कार्य शामिल हैं।

**एसआईआर में 100 से अधिक फॉर्म भरवाने वाले कार्यकर्ताओं से मिलेंगे मुख्यमंत्री**

जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में एसआईआर कार्य में 100 से अधिक फार्म भरवाने वाले कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री ने मिलने की घोषणा की थी। सभी को कार्यक्रम स्थल पर ही मुख्यमंत्री से मिलवाया जाएगा। इसके लिए अलग से पंडाल बनाया जाएगा।

# अवैध खनन पर भदोही पुलिस का शिकंजा, तीन दिन में 22 वाहन सीज

● नाबालिगों के ट्रैक्टर संचालन पर सख्त कार्रवाई, एक मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**भदोही।** जनपद में अवैध खनन और बिना नंबर वाले वाहनों के संचालन के खिलाफ भदोही पुलिस ने सख्त अभियान चलाते हुए पिछले तीन दिनों में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध खनन में संलिप्त 22 वाहनों को सीज करने के साथ ही एक मुकदमा भी दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि जनता से प्राप्त शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान दो ट्रैक्टर, एक मिट्टी लोडर (छिलनी मशीन), दो डंपर तथा 18 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज की गई। वहीं थाना ज्ञानपुर में एक अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि नाबालिगों द्वारा ट्रैक्टर चलाने और बिना नंबर वाले वाहनों के संचालन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि ऐसी शिकायतों पर तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार अवैध खनन जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनपदीय पुलिस द्वारा 'पुलिस सतर्क मित्र' व्हाट्सएप चैटबॉट भी संचालित किया जा रहा है। इस माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए मोबाइल नंबर 7839860411 पर फोटो, वीडियो, ऑडियो अथवा सूचना भेज सकता है। भदोही पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि अवैध खनन, बालू माफिया अथवा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## भदोही की बेटी बनी डीएसपी, पूरे जनपद का नाम किया रोशन

बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा में शानदार सफलता, खुशी की लहर

**भदोही।** जनपद के ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डीघ ब्लॉक के इनारगांव डुहियॉ की मूल निवासी कुमारी शिवांगी पाण्डेय ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और जनपद का मान बढ़ाया है। शिवांगी पाण्डेय, बिहार में डीआईजी पद पर कार्यरत अजय कुमार पाण्डेय की सुपुत्री हैं। अजय कुमार पांडेय डीघ ब्लॉक के इनारगांव डुहिया निवासी हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से भदोही जनपद का नाम प्रदेश स्तर पर सम्मानपूर्वक ऊँचा हुआ है। जैसे ही उनके चयन की सूचना क्षेत्र में पहुँची, परिजनों, शुभचिंतकों और ग्रामीणों में हर्ष और गर्व का माहौल बन गया। शिवांगी की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। यह उपलब्धि यह संदेश देती है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर जनपदवासियों ने कुमारी शिवांगी पाण्डेय को उनकी शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उनके पिता इनारगांव डुहिया निवासी अजय कुमार पाण्डेय एवं समस्त परिवार को भी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएँ प्रेषित की गई।

## मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट परीक्षा में 99.96 पर्सेंटाइल हासिल कर निक्की उपाध्याय ने राष्ट्रीय स्तर पर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट मई-2026 के घोषित परिणाम में जमुनीपुर कॉलोनी निवासी भाजपा नेता अरविंद कुमार उपाध्याय एवं पूर्व प्रधान ममता उपाध्याय की पुत्री निक्की उपाध्याय ने 99.96 पर्सेंटाइल प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी इस शानदार सफलता से परिवार, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। निक्की की प्रारंभिक शिक्षा से लेकर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई गोपीगंज स्थित एक इंटर कॉलेज में हुई। इसके बाद उन्होंने प्रयागराज में रहकर बीएससी की शिक्षा प्राप्त की तथा वहीं से मैट परीक्षा की तैयारी की। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित परीक्षा के लिए उनका परीक्षा केंद्र नई दिल्ली में निर्धारित था, जहां उन्होंने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर 800 का कंपोजिट स्कोर अर्जित करते हुए 99.96 पर्सेंटाइल हासिल किया।

ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस सफलता ने क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का कार्य किया है। परिणाम घोषित होने के बाद परिजनों, शिक्षकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने निक्की को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाजपा नेता अरविंद कुमार उपाध्याय ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उसकी वर्षों की मेहनत, अनुशासन और लगन का प्रतिफल है। वहीं रत्नाकर पाठक ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और समाज का नाम रोशन कर रही हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद निक्की ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता ने यह संदेश दिया है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती, बल्कि गांव की मिट्टी से निकलकर भी राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। इस अवसर पर रत्नाकर पाठक, कृष्णमुरारी, आशीष दुबे, जगदम्बा उपाध्याय, बालकृष्ण उपाध्याय, तुफानी राजभर, दूधनाथ पाठक, देवीशंकर मिश्र एवं रविन्द्र मिश्र सहित अन्य लोगों ने उनके आवास पहुंचकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### पारिवारिक विवाद के बाद लापता हैंडपाइप मिस्त्री का गंगा में मिला शव, परिजनों में मचा कोहराम

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के कौलापुर गांव निवासी एक हैंडपाइप मिस्त्री की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। पारिवारिक विवाद के बाद वह घर से लापता हो गए थे। रविवार को गंगा घाट पर उनकी चप्पल और गमछा मिलने के बाद परिजनों ने गंगा में कूदकर आत्महत्या की आशंका जताई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान चलाया, जिसके बाद दोपहर में उनका शव बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम कौलापुर निवासी माताफेर गौतम उर्फ छोटे मिस्त्री (57) पुत्र डंगर गौतम 20 जून की देर रात पारिवारिक विवाद के बाद नाराज होकर घर से कहीं चले गए थे। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। रविवार सुबह करीब 7:30 बजे ग्राम बिहरोजपुर स्थित ज्ञानानंद घाट पर उनकी चप्पल और गमछा मिला। इसके बाद परिजनों ने गंगा नदी में कूदने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गोपीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की सहायता से गंगा नदी में तलाश अभियान शुरू कराया। काफी मशक्कत के बाद रविवार दोपहर स्थानीय गोताखोरों ने गंगा नदी से माताफेर गौतम का शव बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई है। बताया जाता है कि मृतक हैंडपाइप बनाने का कार्य करते थे। उनके परिवार में दो पुत्र एवं दो पुत्रियां हैं, जिनका विवाह हो चुका है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आमने सामने हुई बाइक की टक्कर में एक की मौत एक घायल



**चुनार, मीरजापुर।** सक्तेशगढ़ चौकी क्षेत्र के परमहंस आश्रम के पास आमने-सामने दो बाइक की टक्कर हो जाने से मौके एक की मौत हो गई दुसरा बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर में दो बाइक सवार आपस टक्कर हो जाने मौके पर रामपुर सक्तेशगढ़ निवासी 30 वर्षीय रिंकू पुत्र लल्लन की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी इंचार्ज सक्तेशगढ़ राजेश पांडेय मौके पर पहुंच कर घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया। वही मृतक रिंकू के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### योग स्वस्थ जीवन का सशक्त आधार- राजेश पांडेय



**चुनार, मीरजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस चौकी शकतेसगढ़ थाना चुनार जनपद मिर्जापुर में चौकी प्रभारी राजेश पांडे के साथ समस्त स्टाफ योग किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार यादव,अजय सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### योग दिवस पर लोगों ने किया योगाभ्यास



**मिर्जापुर।** अहरौरा क्षेत्र अंतर्गत वनस्थली स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वैश्विक योग दिवस के अवसर पर लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। एसीपी टोल प्लाजा के मैनेजर राम अवध यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बनस्थली महाविद्यालय के प्रबंधक संजय भाई पटेल के निर्देशन में एसीपी टोल मैनेजर राम अवध यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर लोगों से योग और व्यायाम की खूबियों के बारे में चर्चा करते हुए योगाभ्यास कराया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक संजय पटेल द्वारा भी शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग के बारे में विस्तार से लोगों को समझाया गया। उपस्थित लोगों में मुख्य अतिथि राम अवध यादव, बनस्थली महाविद्यालय के प्रबंधक संजय भाई पटेल, प्रबंधन समिति के सदस्य वीरेंद्र खंडेलवाल, सुरेश जायसवाल विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह समाजसेवी कृष्ण कुमार जायसवाल समेत विद्यालय के सभी अध्यापक और सैकड़ो की संख्या में योगकर्ता मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

● स्वस्थ जीवन और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने की सहभागिता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जनपद भदोही में विभिन्न स्थानों पर भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, शासन के सचिव कृष्ण कुमार, सांसद डॉ. विनोद बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक दीनानाथ भास्कर, विधायक विपुल दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी तथा मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल सहित हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के योग दिवस समारोह का सजीव प्रसारण भी देखा गया। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' रही।

राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज विश्व स्तर पर पहचान मिली है। सांसद डॉ. विनोद बिंद ने योग को सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का माध्यम बताते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि 15 से 21 जून तक जनपद में योग सप्ताह के अंतर्गत व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। तहसीलों, विकास खंडों, ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विभिन्न सरकारी संस्थानों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने योग को स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन की कुंजी बताते हुए लोगों से नियमित योगाभ्यास करने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## राजकीय महाविद्यालय चुनार में कराया गया योगाभ्यास



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर योग प्रोटोकॉल के अन्तर्गत योग प्रार्थना,चालन क्रियाएं, विभिन्न आसन, प्राणायाम आदि का अभ्यास योग प्रभारी अरविन्द कुमार द्वारा कराया गया। अध्यक्षीय उदबोधन में प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला ने कहा कि योग व्यक्ति को अनुशासन, संयम और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करता है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में योग स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का प्रभावी माध्यम है।धन्यवाद ज्ञापन डॉ दीप नारायण ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर कुसुम लता,डॉ रजनीश, डॉ संकठा प्रसाद सोनकर, डॉ0 अरुणेश कुमार,डॉ अवधेश सिंह यादव,डॉ नलिनी सिंह,डॉ मंजुला शुक्ला, डॉ शिखा तिवारी, डॉअमित यादव, डॉ रामानंद पुजारी, कमलेश शुक्ला, जयप्रकाश सिंह, पारस सिंह, कुर्बान अली, प्रमिला सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## खराब ईंट मिलने पर भड़के नोडल अधिकारी, गुणवत्ता जांच के दिए निर्देश

● निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर होगी कार्रवाईः कृष्ण कुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जनपद भ्रमण पर आए उत्तर प्रदेश शासन के सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा नोडल अधिकारी कृष्ण कुमार ने रविवार को विभिन्न विकास परियोजनाओं एवं शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में खामियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को कड़ी फटकार लगाई। नोडल अधिकारी ने काशी राज संस्कृति महाविद्यालय, ज्ञानपुर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय निर्माण निगम द्वारा प्रयुक्त ईंटों की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा ईंटों के नमूने किसी मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे जाएं।

कृष्ण कुमार ने स्पष्ट कहा कि सरकारी धन से कराए जा रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शासन को विस्तृत रिपोर्ट भेजने तथा जिम्मेदार एजेंसियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय गिर्दबड़ा का भी निरीक्षण किया और वहां चल रहे कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अगली समीक्षा बैठक में गुणवत्ता जांच से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। नोडल अधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिर्जापुर।** पड़री थाना क्षेत्र मे 24 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरजी मुकुंदपुर गांव निवासी गुड़िया 24 वर्ष की की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत अवस्था में मिली इस घटना में मायके और ससुराल पक्ष के लोगओ में भारी खींचातानी देखने को मिला वहीं स्थानीय पड़री पुलिस के ऊपर भी गंभीर आरोप लग रहे हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष श्यामजीत यादव और ससुराल पक्ष के अनुसार, शनिवार रात करीब 11:30 बजे गुड़िया वाशरुम गई थी, जहां अचानक चक्कर आने से वह गिर गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ससुराल वालों का दावा है कि गुड़िया अक्सर बेहोश हो जाती थी और यह महज एक दुर्घटना है।

इसके विपरीत, मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पूरी कहानी को झूठा बताया है। उनका कहना है कि गुड़िया की शादी 24 मई 2022 को हुई थी। गुड़िया का पति उसे बहुत प्यार करता था और उसे कोई शिकायत नहीं थी, इसलिए वह पति के साथ मायके में ही रहती थी। जेठानी और छोटी ननद अक्सर पैसों को लेकर गुड़िया को प्रताड़ित करती थीं। शनिवार शाम साढ़े सात बजे ससुराल से फोन आया कि पैसों का हिसाब करना है, जिसके बाद गुड़िया और उसका पति स्वस्थ अवस्था में वहां के लिए निकले थे। मायके पक्ष का गंभीर आरोप है कि गुड़िया के सीधे-साधे पति को वहां साजिश के तहत शराब पिलाकर नशे में धुत कर दिया गया था, ताकि वह कुछ समझ न सके। मायके वाले पूरी तरह से दामाद (पति) के पक्ष में खड़े हैं और उनका मानना है कि उसे इस मामले में मोहरा बनाया गया है। परिजनों के अनुसार, रात 12 बजे उन्हें फोन आया कि गुड़िया ने फांसी लगा ली है। जब वे पहुंचे तो गुड़िया के नाक-मुंह से खून बह रहा था और पति नशे में चूर था। इस संवेदनशील मामले में पड़री पुलिस की भूमिका बेहद संदेहास्पद रही। आरोप है कि प्रभारी थानाध्यक्ष ने निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय ससुराल पक्ष के समर्थन में लीपापोती की कोशिश की। पुलिस ने इसे महज एक हादसा बताकर पीड़ित मायके वालों पर ही दबाव बनाने का प्रयास किया। हालांकि, मायके वाले पोस्टमार्टम कराने पर अड़े रहे और उन्होंने पुलिस के उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। मौके पर पहुंचे सीओ सदर सदानंद सिंह ने शव का पंचनामा कराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने का निर्देश दिया। पड़री पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## योग क्रिया से हम उम्र बढ़ने पर भी स्वस्थ रह सकते है-अनुराग सिंह



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार सुबह आसमान पर छाए हल्के बादलों व बहती ठंड हवाओं के बीच राजा भर्तृहरि दुर्ग के तलहटी से क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह ने तहसील क्षेत्र के आम नागरिकों महिलाओं व बच्चों के साथ मिलकर लगभग 45 मिनट तक योग किया। इसके पहले उन्होंने चुनार की जनता स्वस्थ रहने का सन्देश देते हुए कहा कि योग को अपने जीवन शैली में अपनाएं योग केवल शारीरिक श्रम का साधन नहीं है। योग किसी एक आयु वर्ग के लिए सीमित भी नहीं है भारत में हम जानते हैं और देखते है आए हैं योग मानव के जीवन का चेतना के साथ उर्जा के साथ प्रकाश भी है।

जिससे उम्र बढ़ने पर हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं योग हमें इसके लिए मार्ग दिखाता है इस लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज के दिन अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, तहसीलदार इवेन्द्र कुमार,चेयरमैन मंसूर अहमद, विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, मंडल अध्यक्ष मंगरू साहनी, चंद्रहास गुप्ता, आलोक श्रीवास्तव, अभिलाष राय,विजय बहादुर सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, बचाऊ लाल सेठ, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा चुनार की बहने सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## पतंजलि परिवार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**सुरियावा** पतंजलि परिवार सुरियावा द्वारा जोधराज सिंह तालाब पुरानी बाजार के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कमलेश एवं नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया ने किया कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे जिला प्रचारक कमलेश जी भाई साहब ने कहा कि योग हमारी पुरानी परंपराओं का अंग रहा है स्वस्थ शरीर स्वस्थ वातावरण स्वस्थ मन स्वस्थ व्यक्ति एवं स्वस्थ व्यक्तित्व का विकास करने के लिए योग को अपनाना चाहिए प्रातः काल की बेला में योग करने से अनेकों लाभ प्राप्त किया जा सकते हैं जिला प्रभारी अश्वनी साहू ने प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया आए हुए सभी नगर एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों का एवं योग साधकों का जिला प्रभारी ने धन्यवाद व्यापित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अवधेश कुमार राधेश्याम दुबे मथुरा यादव शेषधर गुप्ता छेदीलाल साहू डॉक्टर एल सी यादव विजय शंकर वशिष्ठ नारायण दुबे रमणीक शर्मा दशरथ चंद्रशेखर हरिशंकर जटाशंकर मौर्य आकाश नमन सूरजभान लोकेश वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं आमजन ने किया योगाभ्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** दिनांक 21.06.2026 को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, भदोही परिसर में भव्य योग शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक भदोही ड्डशुभम अग्रवालड्ड सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं आमजन ने योग प्रशिक्षक के निर्देशन में योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को योग के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि अनेक बीमारियों की रोकथाम एवं उनके उपचार में भी सहायक सिद्ध होता है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति तनावमुक्त, स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन व्यतीत कर सकता है। इस दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने तथा नियमित रूप से योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल के थाना परिसरों में योग शिविरों का आयोजन कर पुलिसकर्मियों के साथ योगाभ्यास किया गया। साथ ही समस्त थाना/चौकी, शाखाओं एवं पुलिस कार्यालयों में भी पुलिसकर्मियों द्वारा सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पत्रकार सूरज मौर्य ने किया योगाभ्यास, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**मीरजापुर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद मीरजापुर के छानबे विकासखंड अंतर्गत भटेवरा गांव में वरिष्ठ पत्रकार सूरज मौर्य द्वारा योगाभ्यास कर स्वास्थ्य और निरोगी जीवन का संदेश दिया गया। योग कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर सूरज मौर्य ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। वहीं वृक्षारोपण प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से नियमित योग करने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का यह संदेश क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता रहा।

## योग, शिक्षा और सेवा का संगमः APED हेल्प फाउंडेशन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, जरूरतमंदों को बांटे गए वस्त्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर झुग्गी-झोपड़ियों और स्कूल छोड़ चुके (ड्रॉप-आउट) वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने वाली प्रमुख संस्था 'अमेजिंग पॉवर ऑफ़ एजुकेशन डेवलपमेंट एंड हेल्प फाउंडेशन (APED Help Foundation)' के अर्जुनपुर सेंटर पर रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 'मिशन मोहल्ला पाठशाला' के बच्चों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न योगासनों का शानदार प्रदर्शन कर समाज को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। स्वास्थ्य जागरूकता के इस कार्यक्रम के साथ-साथ संस्था द्वारा समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए बच्चों के अभिभावकों और जरूरतमंदों को कपड़ों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की योगा शिक्षिका रंजना जी ने उपस्थित सभी बच्चों, अभिभावकों और अतिथियों को योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए अर्जुनपुर के ग्राम सचिव आलोक राव ने बच्चों को योग और शिक्षा, दोनों के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने संस्था द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बच्चों के लिए किए जा रहे जमीनी कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। वहीं, ग्राम प्रधान अनिल देव बाबा ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। कार्यक्रम के अंत में APED हेल्प फाउंडेशन के संस्थापक इंजीनियर अंश अनंत ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अभिभावकों से मार्मिक अपील करते हुए कहा, 'बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें नियमित स्कूल भेजें। माता-पिता सुबह और शाम कम से कम दो घंटे का समय अपने बच्चों के साथ बिताएं, ताकि वे सही मार्गदर्शन में अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें।'

इस कार्यक्रम में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी सफल और प्रेरणादायक बना दिया। पूरे कार्यक्रम का समापन एक सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

**इनकी रही प्रमुख उपस्थितिः** इस सफल आयोजन में मुख्य रूप से संस्था के संस्थापक अंश अनंत, ग्राम प्रधान अनिल देव बाबा, ग्राम सचिव आलोक राव, चीफ सेंटर मैनेजर सत्यम प्रताप कौशल, मीडिया प्रभारी शिवम प्रताप कौशल, कोषाध्यक्ष मानवी, लिपिका एवं योगा शिक्षिका रंजना, राजवीर यादव, छविराम, सेंटर मैनेजर रानी (धनीपट्टी), शिक्षक पंकज व आदर्श, सेंटर मैनेजर पूजा, रानी, अनीता और शिक्षिका किरण सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम माधव ज्ञान केंद्र में संपन्न




**नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र खरकौनी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम सफलतापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 के. के. मिश्र (म. डी. मेडिसिन,मोतीलाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय प्रयागराज)एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ कार्यक्रम में विभिन्न योगासन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, अर्द्धउष्ट्यासन उष्ट्यासन पादहस्तासन, वज्रासन, सुखासन, भद्रासन, हलासन, शशकासन, भुजंगासन, और प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रमारी का अभ्यास किया गया। शारीरिक शिक्षक विजय कुमार मौर्य ने सभी योगासन एवं प्राणायाम को व्यवस्थित तरीके से करवाया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सभी स्वास्थ्य रहे इसके लिए नियमित ब्रह्म मुहूर्त में उठे,योगाभ्यास करें एवं अपने खान -पान को सुधारेप्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने योग के महत्व को समझाया द्व योग के साथ-साथ दैनिक जीवन में खानपान की कुछ वस्तुएँ जैसे रिफाइंड ऑइल, चार सफेद खाने की चीज ( चीनी, सफ़ेद नमक, मैदा, सफेद चावल ) कम खाने या बिल्कुल बंद कर देने पर भी ध्यान देने के लिए अपनी बात को प्रमुखता से कहते हुए कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि,सभी शिक्षकों ,अभिभावकों, छात्र एवं छात्राओं का आभार ज्ञापन किये। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राधेश्याम तिवारी, संजय कुमार मिश्र, राजकुमार पाल विजय कुमार सिंह, दिग्विजय पाल, सत्यम मिश्रा, अंजनैय नंदन पांडे ,अगम कुमार पाठक सहित सभी उपस्थित रहे।

## अवंतिका वासियों ने उत्साह से मनाया योग दिवस



**नैनी, प्रयागराज।** अवंतिका कॉलोनी, नैनी के एच आई जी डी ब्लॉक स्थित पार्क में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अवधेश पांडेय के संयोजकत्व में अत्यंत उत्साह पूर्वक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अवंतिका वासियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजबली जैसल ने योग की महत्ता बताते हुए कहा कि योग के माध्यम से हम अपने तन और मन दोनों को आजीवन स्वस्थ रख सकते हैं। विशिष्ट अतिथि बी बी दुबे, भागवताचार्य राजेंद्र शुक्ल एवं मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला ने अवंतिका वासियों को योग दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत मे पूर्व विधायक राजबली जैसल ने सभी के लिए जल-पान की व्यवस्था की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राजबली जैसल, अवधेश पांडेय, बी बी दुबे, भागवताचार्य राजेंद्र शुक्ल, आर के शुक्ला, सतीश द्विवेदी, डी एन द्विवेदी, बी के सिंह, बी के पाल, रामगोपाल शंखधर, ऐ के के त्रिपाठी, संजय चतुर्वेदी, प्रोफेसर पटेल, निगम जी, रमेश, राय जी, छेदीलाल, प्रजापति जी, बी बी मौर्य, राजकुमार आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला ने दी।

## 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 'Yoga for Healthy Ageing' थीम के साथ पुलिस लाइन्स प्रयागराज में हुआ योगाभ्यास






**ब्यूरो प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में आज दिनांक 21.06.2026 को 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 'स्वस्थ आयु के लिए योग' (YOGA FOR HEALTHY AGEING) थीम के साथ कमिश्नरेट प्रयागराज के रिजर्व पुलिस लाइन्स में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाते हुए स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाये रखने के लिये योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय/ यमुनानगर/ अपराध व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# वोट देने के अधिकार को मौलिक अधिकार का दर्जा देने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस ने रविवार को वोट देने के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने की मांग की। पार्टी का तर्क है कि ऐसा करने से वोटरों को दबाने और मनमाने ढंग से अयोग्य ठहराने के खिलाफ़ मज़बूत सुरक्षा मिलेगी। स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न (SIR) प्रक्रिया के तहत अलग-अलग राज्यों में बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आए हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि भारत के चुनाव आयोग का 'साफ़ तौर पर पक्षपाती कामकाज' - जिसके बारे में उन्होंने आरोप लगाया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम कर रहा था - 'पूरी तरह से बेनकाब' हो गया है। उन्होंने कहा कि अब वोट देने के अधिकार को मौलिक अधिकार का दर्जा देने का समय आ गया है, ताकि इसे न्यायिक समीक्षा और सुरक्षा का सर्वोच्च स्तर मिल सके। रमेश ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का ज़िक्र किया, जिसमें दो जजों की बेंच ने फुटपाथ पर चलने के अधिकार को संविधान के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया था। उन्होंने सवाल किया कि वोट देने के अधिकार को - जिसे उन्होंने लोकतंत्र के लिए बहुत ज़रूरी बताया - वैसी ही मान्यता क्यों नहीं मिलनी चाहिए।

कांग्रेस नेता ने याद दिलाया कि संविधान सभा ने सरदार पटेल की अध्यक्षता में मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों और आदिवासी व बहिष्कृत क्षेत्रों पर एक सलाहकार समिति बनाई थी। 21-22 अप्रैल, 1947 को हुई बैठक के दौरान, समिति ने इस बात पर विस्तार से चर्चा की थी कि क्या वोट देने के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाना चाहिए। रमेश के अनुसार, डॉ. बी.आर. अंबेडकर और बाबू जगजीवन राम ने वोट देने के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने का ज़ोरदार समर्थन किया था, जबकि सरदार पटेल, सी. राजगोपालाचारी और अन्य लोगों का तर्क था कि ऐसा करने से रियासतें भारतीय संघ में शामिल होने में हिचकिचा सकती हैं। उनका मानना था कि संविधान में सभी वयस्कों को वोट देने का अधिकार (यूनिवर्सल एडल्ट फ्रेंचाइजी) देना ही काफ़ी होगा। रमेश ने कहा, 'सरदार पटेल का खुद यह मानना था कि सभी वयस्कों को वोट देने का अधिकार अपने आप में एक अंतर्निहित मौलिक अधिकार है। यही अनुच्छेद 326 की पृष्ठभूमि है, जो सभी वयस्कों को वोट देने के अधिकार के आधार पर चुनाव कराने का प्रावधान करता है।' उन्होंने कहा कि वोट देने का अधिकार 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951' के तहत एक कानूनी अधिकार है या एक स्पष्ट मौलिक अधिकार, इस पर बहस सात दशकों से ज़्यादा समय से चल रही है। रमेश ने कहा, 'अलग-अलग राय सामने आई हैं। हाल ही में, मार्च 2023 के 'अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ' मामले में जस्टिस अजय रस्तोगी ने अपनी असहमति वाली राय में कहा कि वोट देने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है।



'उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वोटिंग से जुड़े कई अधिकारों को पहले ही मान्यता दी है, जिसमें उम्मीदवारों के आपराधिक बैकग्राउंड, उनके आर्थिक हितों और राजनीतिक फंडिंग के स्रोतों को जानने का मतदाताओं का अधिकार शामिल है। उन्होंने तर्क दिया, 'इसने वोट की गोपनीयता की रक्षा की है और ह्लह्न के ज़रिए सभी उम्मीदवारों को खारिज करने के अधिकार को मान्यता दी है। इसलिए, यह और भी अजीब बात है कि वोट देने का अधिकार अभी भी सिर्फ़ एक कानूनी अधिकार बना हुआ है। इससे जुड़े सभी अधिकारों को मौलिक घोषित किया गया है, लेकिन मुख्य अधिकार - जिसके बिना बाकी अधिकार मौजूद नहीं रह सकते - अभी भी कानूनी अधिकार ही बना हुआ है। 'रमेश ने कहा कि वोट देने के अधिकार का दर्जा बढ़ाने से लोकतांत्रिक सुरक्षा उपाय मज़बूत होंगे। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के इशारे पर काम करने वाले भारत के चुनाव आयोग के खुले तौर पर पक्षपाती कामकाज के बुरी तरह बेनकाब होने के बाद, अब समय आ गया है कि वोट देने के अधिकार को मौलिक अधिकार का दर्जा दिया जाए, जिससे इसे न्यायिक समीक्षा और सुरक्षा का उच्चतम स्तर मिल सके। ' रमेश ने आगे कहा, 'यह मतदाताओं को दबाने या मनमाने ढंग से अयोग्य ठहराने के खिलाफ़ सुरक्षा उपाय लागू करने की दिशा में एक मज़बूत कदम होगा, जो स्ढ्ढक्र (विशेष गहन संशोधन) प्रक्रिया के तहत अलग-अलग राज्यों में बहुत बड़ी संख्या में हुए हैं। इसका मतलब यह भी होगा कि चुनाव आयोग के कामकाज पर सुप्रीम कोर्ट की ज़्यादा निगरानी रहेगी। '

# खेत में मिला सुरेश धरकार का शव



● परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** यमुनापार के कोरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत चपारो गांव में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के बाहर स्थित एक खेत में 50 वर्षीय सुरेश धरकार का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर कोरांव थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। मृतक की पहचान चपारो गांव निवासी सुरेश धरकार (50 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का आरोप है कि सुरेश धरकार की हत्या कर शव को खेत में फेंका गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के आरोपों के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# नवाबगंज पुलिस द्वारा दो शातिर चोर गिरफ्तार

● चोरी का समरसेबुल स्टार्टर व चार सोलर पैनल बरामद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** थाना नवाबगंज पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का एक समरसेबुल स्टार्टर तथा चार सोलर पैनल बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार थाना नवाबगंज पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 203/2026 धारा 331(4)/305 भारतीय न्याय संहिता से संबंधित मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त विजय सरोज (24 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय राम आसरे सरोज तथा सोनू सरोज (25 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय संतलाल सरोज, दोनों निवासी ग्राम पचदेवरा थाना नवाबगंज, को रविवार को थाना क्षेत्र के कोड़िहार से पचदेवरा जाने वाले हाईवे स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम ने अभियुक्तों की तलाशी ली, जिसमें उनके कब्जे से चोरी हुआ एक समरसेबुल स्टार्टर और चार सोलर पैनल बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) भारतीय न्याय संहिता की बढ़ोत्तरी करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 30/31 मई 2026 की रात ग्राम पचदेवरा स्थित एक किसान के खेत में लगे पम्पिंग सेट का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोरों ने समरसेबुल स्टार्टर चोरी कर लिया था। पीड़ित किसान की तहरीर के आधार पर थाना नवाबगंज में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी एवं स्थानीय सूचनाओं के आधार पर अभियुक्तों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पूछताछ में चोरी की घटना से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए, जिसके बाद चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया।

# किशोरी से अमानवीयता, घर से जबरन ले जाकर किया दुष्कर्म

**प्रयागराज।** जनपद के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। एक गांव में रहने वाली हिंदू किशोरी को जबरन घर से उठा ले जाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके पैर में जलती सिगरेट दागकर जान से मारने की धमकी दी गई। इस अमानवीय वारदात का पता चलने पर स्थानीय लोगों में आक्रोश छा गया। मामले में पीड़ित परिवार की तहरीर पर पूरामुफ्ती पुलिस ने मुशर्रफ और उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। बताया गया है कि पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाला एक व्यक्ति पान विक्रेता है। घर पर उसकी 14 वर्ष की बेटी है। आरोप है कि 14 जून की रात मुशर्रफ अपने साथियों के साथ छत के रास्ते कूद कर उनके घर में घुस गया। लड़की का मुंह दबाकर बाहर ले जाकर मुशर्रफ़ ने दुष्कर्म किया। पैर में जलती सिगरेट दागकर धमकाया कि किसी को बताने पर जान से मार दिया जाएगा। इसके बाद लड़की को बेहोशी की हालत में घर के बाहर छोड़ कर मुशर्रफ व उसके साथी फरार हो गए।

# नीट परीक्षा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस रही मुस्तैद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET)-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरे दिन पूरी तरह सक्रिय और सतर्क रहा। इसी क्रम में पुल उपा गंगानगर ने जोन गंगानगर के अंतर्गत विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का व्यापक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त ने परीक्षा केन्द्रों में बनाए गए परीक्षाकक्षों, प्रवेश द्वारों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, सीसीटीवी कंट्रोल रूम तथा प्रश्नपत्रों एवं परीक्षा सामग्री की सुरक्षा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा की गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। परीक्षा केन्द्रों के मुख्य प्रवेश द्वारों पर अभ्यर्थियों की पहचान पत्रों के साथ गहन जांच की गई। प्रतिबंधित सामग्री लेकर आने वाले अभ्यर्थियों पर विशेष नजर रखी गई तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने केन्द्र व्यवस्थापकों से सुरक्षा संबंधी तैयारियों की जानकारी भी प्राप्त की। पुलिस उपायुक्त ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखा जाए।



उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अनियमितता या संदिग्ध गतिविधि मिलने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। परीक्षा केन्द्रों के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस एवं प्रशासन के समन्वित प्रयासों से जोन गंगानगर के सभी परीक्षा केन्द्रों पर नीट परीक्षा-2026 शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई। पुलिस प्रशासन ने परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, सुरक्षित एवं नकलविहीन बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए थे, जिसकी स्थानीय लोगों एवं अभिभावकों ने भी सराहना की।

# (नीट ) के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन0टी0ए0) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा [नीट(यूजी)]-2026 रिएग्जाम को निर्धारित प्रक्रियानुसार, नकलविहीन, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत रविवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं सीएवी इंटर कॉलेज तथा पी0 एम0 राजकीय इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था, पहचान सत्यापन प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा प्रबंध, बैठने की व्यवस्था, पेयजल , प्रकाश एवं विद्युत आपूर्ति सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की शुचिता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना



प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता, जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती, अभ्यर्थियों की सघन जांच तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कैमरो के माध्यम से हो रही मॉनिटरिंग को भी देखा।

# संगम नोज पर आयोजित हुआ 12वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उप मुख्यमंत्री हुए शामिल

● 9000 से अधिक लोगों ने पूरे मनोयोग एवं उत्साह के साथ किया योगाभ्यास

शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए नियमित रूप से करें योग उप मुख्य मंत्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** 12वे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर रविवार को प्रयागराज के ऐतिहासिक और पवित्र संगम नोज पर एक भव्य सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग प्रयागराज के तत्वाधान में आयोजित कियाा गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री के साथ मा. सांसद प्रवीण पटेल , . विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य , विधायक फूलपुर दीपक पटेल, विधान परिषद के . सदस्य सुरेंद्र चौधरी भाजपा महानगर अध्यक्ष श्सजय गुप्ता, नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव सहकारिता श अजय कुमार शुक्ला, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने भी योगाभ्यास किया। जिला प्रशासन द्वारा



आयोजित इस वृहद कार्यक्रम में 9000 से अधिक लोगों ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वास्थ्य और कल्याण का संदेश दिया। इस अवसर पर योग और स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुये उपमुख्यमंत्री ने कहा ''योग केवल शारीरिक व्यायाम नही, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का एक पवित्र माध्यम हैं।

नियमित योग करने से न केवल हमारा स्वास्थ्य उत्तम रहता है, बल्कि यह हमें मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। आज पूरी दुनिया भारत की इस प्राचीन विधा को अपना रही है, जो हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।'' उन्होंने कहा की आज 21 जून को 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। यह हम सभी लोगों के लिए गर्व की बात है की योग की इस विधा को भारत ने पूरी दुनिया को दिया है। प्रधानमंत्री के आह्वाहन पर संयुक्त राष्ट्र सभा के द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाये जाने की मान्यता प्रदान की थी। उपमुख्यमंत्री जी ने सभी को संकल्प दिलाते हुए कहा कि




हमें अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री जी ने विश्व योग दिवस के अवसर पर सभी से आह्वाहन करते हुए कहा कि आज लगभग 190 देश में यह कार्यक्रम मनाया जाता है। उन्होंने सभी से बढ़-चढ़कर योग कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हमें अपने शरीर के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी सजग रहना है। उन्होंने सभी से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण करने तथा अपने संतान की भांति ही उसे पौधे की देखभाल करने के लिए कहा। इसके साथ ही हमें स्वच्छता का भी संकल्प लेना चाहिए और प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के नारे को साकार करना चाहिए उपमुख्यमंत्री जी ने योग दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित होने पर सभी लोगों का अभिनंदन किया। डबल इंजन की सरकार में केंद्र व प्रदेश के तीर्थ स्थलों का विकास हो रहा है, इससे बड़े पैमाने पर पर्यटन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में सड़क, रेल एवं हवाई मार्ग की सुविधा उपलब्ध है, इसके साथ-साथ प्रयागराज से हल्दिया तक जल मार्ग की सुविधा भी स्वीकृत है। संगत तट पर बनाया गया सैंड आर्ट (रेत कला) और विशेष सेल्फी प्वाइंट पूरे कार्यक्रम के दौरान लोगों के आकर्षण के केन्द्र रहा। योग अभ्यास के बाद युवाओं और नागरिकों ने सेल्फी प्वाइंट पर जमकर तस्वीरें खिंचवाई। जिला प्रशासन की ओर से पेयजल, मैट और सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाए सुदृढ़ तरीके से मुहैया कराई गई थी। कार्यक्रम में योगाचार्य धर्मेन्द्र मिश्रा द्वारा आयुष मंत्रालय के 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' के अन्तर्गत उपस्थिति जनसमदुाय को क्रमबद्ध तरीके से योग और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस भव्य आयोजन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ए0के0 तिवारी, डॉ0 नवीन सोनी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, अपर जिलाधिकारी -प्रशासन , वित्त एवं राजस्व, नजूल, नागरिक आपूर्ति, एवं नमामि गंगे, जिला विकास अधिकारी , परियोजना निदेशक, सहित ब्रम्हकुमारीज, विश्व आयुर्वेद परिषद, पतंजलि योगपीठ तथा अन्य सामाजिक व योग संगठनों के सदस्यों, विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने उपस्थित रहकर पूरी उर्जा के साथ योग क्रियायें की तथा सभी ने योग को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने की शपथ ली। कार्यक्रम का सफल और ऊर्जावान संचालन प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# कार में बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा, विरोध करने पर झोंका फायर

● माफिया अतीक के गुर्गे के बेटों समेत कई करीबियों पर FIR

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कचहरी से एयरपोर्ट की तरफ जा रहे मो. अतहर को कुछ लोगों ने सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन के पास रोक लिया। इसके बाद कार में बंधक बनाकर बेरहमी से पिटाई की। विरोध पर फायर झोंक दिया। गोली लगने से बचने पर हमलावरों ने 50 लाख की रंगदारी मांगते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### इन पर दर्ज हुआ मुकदमा

इस मामले में कोर्ट के आदेश पर धूमनगंज पुलिस ने माफिया अतीक के गुर्गे गुलफुल उर्फ रफीक के बेटे आबिद, वदूद अहमद, माजिद, अली व नसर, अर्सलान, अबू सालिम और कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन के निकट वारदात

पूरामुफ्ती हटवा निवासी मो. अतहर का कहना है कि 20 मई 2026 को वह एयरपोर्ट की तरफ जा रहा था। आरोप है कि सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन के पास पहुंचने पर असलहे से लैस कार सवार युवकों ने ओवरटेक करके रोक लिया। जबरन उसे गाड़ी में बैठाकर बंधक बना लिया और फिर गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से पीटा।

### तमंचे से किया फायर, मिस हुई गोली

माजिद ने अपने मोबाइल से वदूद से बात कराई, जिसने धमकाते हुए कहा कि मुकदमे की पैरवी बंद न करने पर जान से मार दिया जाएगा। इसी बीच अली ने तमंचे से फायर किया, लेकिन गोली लगने से बच गया। तब हमलावरों ने स्टांप पर हस्ताक्षर करवाते हुए नकदी समेत सामान लूट लिया।

### ...जिंदा रहना है 50 लाख रुपये भिजवा दो

दोबारा धमकाया कि कई लोग जेल जा चुके हैं और जिंदा रहना है 50 लाख रुपये भिजवा दो। शिकायत पर जान से मार दिया जाएगा। इंस्पेक्टर धूमनगंज धनंजय पांडेय का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### रास्ते में किया हमला, असलहा दिखाकर रंगदारी मांगी

पीपलगांव निवासी राज किरन को कुछ लोगों ने रास्ते में रोककर हमला किया। असलहा दिखाकर सात लाख की रंगदारी मांगी। घटना के बाद पीड़ित ने एयरपोर्ट थाने में अतीक के गुर्गे गुलफुल के बेटे वदूद, आबिद, माजिद, अली व अबू सालिम, नसर, अर्सलान के खिलाफ केस दर्ज कराया है। राज किरन का आरोप है कि विपक्षी उसकी जमीन जबरन खरीदना चाहते हैं। मना करने पर हमला किया और सवा लाख रुपये लूट लिए। सात लाख रुपये की रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी एयरपोर्ट राजेश उपाध्याय का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# गोवा माइनिंग घोटाला: श्वष्ठ ने सिंगापुर तक फैली 1,023 करोड़ की संपत्ति की जब्त

● 5,237 करोड़ की 'काली कमाई' का दावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने गोवा के कथित गैर-कानूनी आयरन ओर माइनिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 1,023 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां ज़ब्त की हैं। एजेंसी ने बताया कि 19 जून को 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट' (PMLA) के तहत एक प्रोविज़नल अटैचमेंट ऑर्डर जारी किया गया। ED के अनुसार, यह कार्रवाई सलगांवकर ग्रुप और उससे जुड़े AVS ग्रुप पर बड़े पैमाने पर अवैध आयरन ओर खनन और उससे अर्जित कथित अवैध संपत्तियों के मामले में की गई है। जब्त की गई संपत्तियों में भारत के साथ-साथ सिंगापुर में स्थित अचल संपत्तियां भी शामिल हैं। ED के अनुसार, ज़ब्त की गई संपत्तियों में भारत में मौजूद 99 अचल संपत्तियां (459.10 करोड़ रुपये), सिंगापुर में 31 अचल संपत्तियां (471.32 करोड़ रुपये) और भारतीय कंपनियों में इक्विटी शेयर (93.42 करोड़ रुपये) शामिल हैं। ये संपत्तियां स्वर्गीय अनिल सलगांवकर की एस्टेट (उनकी एडमिनिस्ट्रेटर लक्ष्मी अनिल सलगांवकर के माध्यम से), सलगांवकर माइनिंग इंडस्ट्रीज़, शांतिलाल खुशालदास एंड ब्रदर्स, एस. कांतिलाल एंड कंपनी, सालिथो ओर्स, वर्टेक्स न्यूटन प्रोजेक्ट्स और सुवर्णरेखा पोर्ट के नाम पर थीं। इन संपत्तियों की कुल कीमत 1,023.85 करोड़ रुपये बताई गई है। मनी लॉन्ड्रिंग की यह जांच गोवा पुलिस CID की FIR के आधार पर शुरू हुई है। ED ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2014 और 2018 के अपने फैसलों में माना था कि 22 नवंबर 2007 के बाद (नए माइनिंग लीज़ जारी होने तक) गोवा में की गई सभी माइनिंग गैर-कानूनी थी। एजेंसी ने आरोप लगाया कि उसकी जांच में पाया गया कि AVS ग्रुप ने 2007-12 के दौरान दस माइनिंग लीज़ संचालित कीं और आयरन ओर की गैर-कानूनी खुदाई, बिक्री और निर्यात से 2,492.95 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की। 'गैर-कानूनी' तरीके से निकाले गए ओर को ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (BVI) में बनाई गई शेल कंपनियों (स्पेशल पर्पस व्हीकल्स) को 'बहुत कम कीमत' पर निर्यात किया गया।

ये कंपनियां केवल कागज़ी मध्यस्थ के रूप में काम करती थीं और ओर को चीन को दोबारा बेच देती थीं, जिससे 2,744.89 करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऑफशोर व्यापारिक मुनाफा कमाया गया। एजेंसी के अनुसार, अपराध से हुई कुल कमाई का आकलन 5,237.84 करोड़ रुपये किया गया है। श्वष्ठ का आरोप है कि 'इन फंड्स को BVI और सिंगापुर में मौजूद SPV के माध्यम से घुमाया गया, इनका इस्तेमाल विदेशों में बड़ी मात्रा में चल और अचल संपत्तियां खरीदने के लिए किया गया, और कुछ हिस्सा शेयर कैपिटल के रूप में वापस भारत लाया गया।'

# संक्षिप्त खबरें

## एडीजी जोन कानपुर ने कानून व्यवस्था समीक्षा पर राजपत्रित अधिकारियों के साथ की बैठक




**कानपुर।** अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद ललितपुर भ्रमण के दौरान रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों के साथ कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध, महिला सम्बन्धी अपराधों की अद्यतन स्थिति, संवेदनशील प्रकरणों की समीक्षा, लंबित विवेचनाओं, अपराधियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाहियों तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। गोष्ठी के दौरान अपराधों पर प्रभावी नियन्त्रण, साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित अनावरण, महिला सुरक्षा एवं जनसुनवाई से जुड़े प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण, संवेदनशील प्रकरणों में त्वरित प्रभावी कार्यवाही, थाना स्तर पर सतर्कता, निरोधात्मक कार्यवाहियों में तेजी तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु विशेष रूप से निर्देशित किया गया। साथ ही सभी अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्क, उत्तरदायी एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया गया। तत्पश्चात व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं सुरक्षा सम्बन्धी अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना गया। व्यापारियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा व्यापारिक गतिविधियों के सुचारु संचालन, सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं पुलिस-व्यापारी समन्वय को बेहतर करने पर विशेष बल दिया गया। इसके उपरान्त मीडिया बन्धुओं से संवाद स्थापित कर जनहित एवं सुरक्षा सम्बन्धी विषयों पर विचार-विमर्श करते हुए सकारात्मक समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर आकाश कुलहरि, पुलिस महानिरीक्षक, झॉसी परिक्षेत्र, झॉसी व पुलिस अधीक्षक, ललितपुर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## टेंडर घोटाले के आरोपी रिशुश्री ने उगले राज, बिहार के बड़े अधिकारियों और इंजीनियरों की बढ़ने वाली है मुश्किलें




**पटना।** बिहार के चर्चित टेंडर घोटाले की जांच में विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने तेजी ला दी है। मुख्य आरोपी ठेकेदार रिशुश्री को गिरफ्तार कर रिमांड पर लेकर पूछताछ पूरी कर ली गई है। उससे जांच एजेंसी को कई अहम जानकारियां मिली हैं। जिससे इस मामले में शामिल रहे कुछ सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एसवीयू अब रिशुश्री के गिरफ्तार सहयोगी संतोष कुमार के अलावा सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता तारिणी दास, बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मुमुक्षु कुमार चौधरी और कार्यपालक अभियंता उमेश कुमार सिंह से पूछताछ की तैयारी में है। सभी को लिया जा सकता है रिमांड पर एजेंसी इन सभी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर सकती है। इसके लिए अदालत से अनुमति लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और पूछे जाने वाले सवालों की सूची भी तैयार की जा रही है। जांच की आंच अब बड़े अधिकारियों तक भी पहुंचती दिख रही है। इन अधिकारियों में आईएएस अधिकारी योगेश सागर और अभिलाषा शर्मा के नाम प्रमुखता से लिए जा रहे हैं। इन दोनों अधिकारियों को सरकार पूर्व में ही निलंबित कर चुकी है। यां तक की जांच एजेंसी इनके ठिकानों पर छापा भी मार चुकी है। सूत्रों की माने तो जांच एजेंसी इन अधिकारियों को पूछताछ के लिए उपस्थित होने का कानूनी नोटिस जारी कर सकती है। यदि नोटिस के बावजूद वे जांच में सहयोग नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई के तहत गिरफ्तारी की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। ऐसे में टेंडर घोटाले की जांच आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

# चौपारण में बड़ी कार्रवाई: 1.550 किलोग्राम अफीम

**● 7 लाख रुपये नकद और बोलेरो के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण हजारीबाग झारखंड:-** हजारीबाग पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए चौपारण थाना क्षेत्र में छापेमारी कर लगभग 1.550 किलोग्राम अफीम, 7 लाख रुपये नकद, एक बोलेरो वाहन और एक अपाची मोटरसाइकिल बरामद की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। चौपारण थाना क्षेत्र में हुई इस बड़ी कार्रवाई में थाना प्रभारी पंकज कुमार की भूमिका भी अहम रही। चौपारण थाना पुलिस की तत्परता, सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के कारण ही पुलिस को इतनी बड़ी सफलता मिली। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि क्षेत्र में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि बरही की ओर से कुछ अफीम तस्कर चौपारण क्षेत्र में अफीम की खरीद-बिक्री करने आने वाले हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने चौपारण थाना क्षेत्र के चतरा मोड़ के पास वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान बरही की ओर से आ रही एक सफेद बोलेरो को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर वाहन चालक भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन में सवार दो लोगों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान बोलेरो की सीट के नीचे से 7 लाख रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्तियों ने बताया कि वे अफीम खरीदने के लिए चौपारण थाना क्षेत्र के अहरी गांव जा रहे थे। इसके बाद पुलिस ने उनकी निशानदेही पर अहरी गांव में छापेमारी की, जहां राहुल कुमार खरवार के घर से अलग-अलग प्लास्टिक पैकेटों में रखी 1.550 किलोग्राम अफीम बरामद की गई। मौके से राहुल कुमार खरवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि कथित आपूर्तिकर्ता अरविंद कुमार पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजस्थान के जोधपुर निवासी पुना राम, राजस्थान के बलोत्रा निवासी रामलाल तथा चौपारण के अहरी निवासी राहुल कुमार खेरवार के रूप में की है। तीनों के खिलाफ चौपारण थाना कांड संख्या 157/26 दर्ज करते हुए एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 1.550 किलोग्राम अफीम, 7 लाख रुपये नकद, एक सफेद बोलेरो, एक अपाची मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने छापेमारी दल की तत्परता और पेशेवर कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई के लिए पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) अरमानुल हक के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। दल में चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुबेंद्र राम, पुलिस अवर निरीक्षक श्रवण कुमार पासवान, बादल कुमार महतो तथा चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर मंडरो प्रखंड परिसर में योग शिविर आयोजित

**मंडरो, साहेबगंज, झारखंड:-** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को मंडरो प्रखंड-सह-अंचल परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपायुक्त, साहेबगंज के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों, कर्मियों तथा स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपायुक्त, साहेबगंज के आदेश के आलोक में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन को लेकर सुबह 6 बजे से 8 बजे तक योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर योग के महत्व को समझा तथा नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बीपीओ अभिषेक आनंद, आवास कोऑर्डिनेटर ओम कुमार झा, कंप्यूटर ऑपरेटर आशित कुमार,सुमन कुमार , नजीर, ग्रामीण पुलिस सुधीर कुमार एवं समाजसेवी जय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बीपीओ अभिषेक आनंद ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवन और निरोगी समाज के संदेश के साथ हुआ।

## 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्वर्णिम व मंगलमयी प्रभात बेला में योग शिक्षक सुनील कुमार भगत ने कराया योगाभ्यास



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड:-** 21 जून को 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के स्वर्णिम शुभ अवसर पर प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य, संस्कृति एवं सौम्य-दिव्य भारतीय सभ्यता के अपूर्व संगम तथा सुखमय जीवन शैली के मूलाधार योग का अभ्यास कराया गया। योग शिक्षक सुनील कुमार भगत ने उपस्थित लोगों को प्रतिदिन योगाभ्यास कर विकार रहित जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस शुभ अवसर पर सुबह ठीक 7 बजे सूर्य की सप्त किरणों के बीच सुनील ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की पावन वेला में उपस्थित सभी शिक्षकवृंद, थाना प्रभारी मनोज महतो, एएसआई महादेव चौधरी, पुलिस स्टाफ, छात्र-छात्राओं तथा बड़ी संख्या में उपस्थित सरकारी कर्मियों, युवाओं एवं ग्रामीणों को सप्रेम नमन करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा सफल जीवन की कामना की। योग दिवस पर सुनील जी ने ताड़ासन, वज्रासन, नौकासन, नाड़ी शोधन (अनुलोम-विलोम), भस्त्रिका, कपालभाति सहित अन्य कई प्रकार के आसन एवं प्राणायाम का अत्यंत मनोरम अभ्यास कराया। साथ ही योग की महत्ता एवं विशिष्टता पर सरल और प्रभावशाली शैली में प्रकाश डालते हुए लोगों को प्रतिदिन स्वच्छ स्थान पर योगाभ्यास करने तथा अपने जीवन को रोगमुक्त, सुखमय, प्रफुल्लित और तनावमुक्त बनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर योग शिक्षक सुनील कुमार ने ब्रह्माण्ड के मूलाधार नाद का ध्यान एवं अट्टहास योग भी कराया। अंत में 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का शुभ समापन सभी को बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं देकर किया।

# बच्चा गांव में मुहर्रम के मौके पर भव्य जलसा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मंडरो, साहेबगंज, झारखंड:-** साहेबगंज जिले के मंडरो प्रखंड अंतर्गत बच्चा गांव में मुहर्रम के उपलक्ष्य में शनिवार की रात एक भव्य एवं शानदार जलसा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज क्षेत्रों से आए धर्मप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जलसा में मुख्य वक्ता के रूप में खतीबे आज़मे हिन्दुस्तान मौलाना अमीरुद्दीन कादरी (किशनगंज) ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने इंसानियत, भाईचारा, शिक्षा, नैतिकता तथा देशप्रेम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से समाज में अमन-चैन और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक मजबूत और विकसित समाज की नींव आपसी प्रेम, सम्मान और सद्भाव पर टिकी होती है। वहीं खतीबे शहीर हज़रत मौलाना अख्तर रज़ा चतुर्वेदी (मधुपुर) ने अपने प्रभावशाली बयान में इस्लाम की शिक्षाओं, सामाजिक एकता और मानव सेवा के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने युवाओं को अच्छे संस्कार अपनाने, शिक्षा प्राप्त करने तथा समाज के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शाइरे इस्लाम साजिद रज़ा (पूर्णिया), शाइरे इस्लाम समीम अंसारी (मसनिया, साहेबगंज) एवं शाइरे इस्लाम फरीद रज़ा (मधुपुरी) ने अपने खूबसूरत कलाम, नातिया अशआर और तकरीरों से महफिल को रूहानी रंग में रंग दिया। उनकी प्रस्तुतियों को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा और देर रात तक श्रोतागण कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। जलसा का संचालन नकीबे अहले सुन्नत मौलाना शहबाज कमर गौड़ावी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर महत्वपूर्ण विचार रखते हुए समाज में एकता, भाईचारे और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने पर बल दिया। पूरी रात चले इस जलसे में वक्ताओं ने समाज की भलाई, इंसानियत, आपसी भाईचारे और देश की आन-बान-शान को बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जलसा को सफल बनाने में सरदार जनाब शमशीर आलम, शरीफ अंसारी, एकरामूल अंसारी, रऊफ अंसारी, इस्लाम अंसारी, नसीम अंसारी, सलाम अंसारी, मोजाम्मिल अंसारी, खलील अंसारी, नुरुल अंसारी, आस मोहम्मद अंसारी सहित बच्चा गांव के सभी ग्रामीणों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, उलेमा-ए-किराम, शायरों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त करते हुए जलसे की सफलता के लिए सभी के सहयोग की सराहना की।यह संस्करण स्थानीय समाचार पत्र, वेब पोर्टल या सोशल मीडिया पोस्ट के लिए उपयुक्त शैली में तैयार किया गया है।

## नमनदीप पब्लिक स्कूल, दनुआ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** चौपारण प्रखंड के चोरदाह पंचायत अंतर्गत ग्राम दनुवा में 21 जून 2026 को नमनदीप पब्लिक स्कूल, दनुआ में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, गैर-शिक्षण कर्मियों तथा प्रशिक्षित योग गुरु की उपस्थिति में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा योग के महत्व को समझा। ज्ञात हो कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत 21 जून 2015 से हुई थी। तभी से विद्यालय में प्रत्येक वर्ष इस दिवस का आयोजन नियमित रूप से किया जाता रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह निर्देशक सतिश प्रसाद केशरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, 'योग दिवस का सच्चा सम्मान तभी है, जब योग हमारे हर दिन का हिस्सा बने।' उन्होंने सभी बच्चों को स्वस्थ, अनुशासित एवं संतुलित जीवन के लिए प्रतिदिन योग करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के अंग्रेज़ी शिक्षक अमित कुमार केसरी ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा, 'योग दिवस को केवल औपचारिकता न बनाएं, बल्कि योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। ' कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी के स्वस्थ, निरोग एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संकल्प लिया कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर अपने दैनिक जीवन की नियमित दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम आयोजित




**चौपारण हजारीबाग झारखंड:-** चौपारण प्रखंड के बसरिया पंचायत भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने उपस्थित लोगों के साथ योगाभ्यास किया और नियमित योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका, VLE विक्की केशरी, डीलर राजाराम इंद्रगुरु, उत्क्रमित उच्च विद्यालय के विद्यार्थी तथा पंचायत के महिला एवं पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने योग कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। मुखिया मंजू देवी ने कहा कि योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ रखने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को नियमित योग करने के संदेश के साथ किया गया।

## पच्छवारा नॉर्थ कोल माइंस में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़, झारखंड:-** आमड़ापाड़ा पच्छवारा नॉर्थ कोल माइंस परिसर में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन देशभर में मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए आयोजित किया गया, जिसका राष्ट्रीय स्तर का मुख्य कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा कोलकाता, पश्चिम बंगाल से संबोधित किया गया।भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में वेस्ट बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (WBPDCL), बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा प्रा. लि. तथा शार प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. के 100 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम की शुरुआत योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बीजीआर के वाईस प्रेजिडेंट दिलीप तमान ने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं विश्राम अभ्यास किए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि योग आज के व्यस्त और तनावपूर्ण जीवन में मानसिक शांति, कार्यक्षमता और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है। विशेष रूप से खनन एवं औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए योग स्वास्थ्य संरक्षण और तनाव प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण साधन है।कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। योग सत्र के दौरान एकता, समर्पण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। पच्छवारा नॉर्थ कोल माइंस में आयोजित यह कार्यक्रम कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति WBPDCL, बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा प्रा. लि. तथा शार प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. की प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस आयोजन ने कर्मचारियों के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं कल्याण अभियान को मजबूत करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

## 30 जून हूल दिवस भव्य रूप से मनाने का लिया गया निर्णय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुडिया, पाकुड़, झारखंड:-** .झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी द्वारा एक बैठक प्रखंड कार्यालय सिद्धू कान्हू चौक में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा द्वारा की गई। बैठक में कहा की 30जून बहुत ही गौरव का दिन है इसे हम सब भव्य रूप से मनाएंगे। बैठक मे SIR पर भी चर्चा किया गया तथा ट्रेनर द्वारा उपस्थित सभी को SIR के बारे मे विस्तृत रूप से समझाया गया। इसके उपरांत 30 जून हूल दिवस मनाने को लेकर चर्चा की गई एवं प्रस्ताव पारित किया गया। गौरतलब हो की झामुमो प्रखंड कमेटी द्वारा प्रत्येक वर्ष पाकुडिया सती घाट मैदान में हूल दिवस मनाया जाता है एंव पार्टी द्वारा? तरह-तरह का खेल प्रतियोगिता जैसे तीरंदाजी,मटका फोड़ लागड़े ऐनेच आदि का आयोजन किया जाता है। प्रखंड कमेटी एंव बैठक मे शामिल कार्यकर्ताओं द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक साल की भांति इस साल भी झामुमो प्रखंड कमेटी महेशपुर विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी के अगुआई में सिद्धो कान्हु चौक स्थित सिद्धो कान्हू की प्रतिमा मे माल्यार्पण करेंगे। इसके पश्चात सती घाट मैदान जाकर खेल प्रतियोगिता का उद्घघाटन किया जायेगा। एवं प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण विधायक प्रो. स्टीफन मराडी जी के हांथो किया जायेगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, बुद्धिजीवी मोर्चा जिला अध्यक्ष देबीलाल हंसदाक,प्रखंड सचिव मइनुद्दीन अंसारी,जिला कोषाध्यक्ष छोटू भगत, कलम मुर्मू, सुशील मुर्मू ,निवारन मरांडी,कालीदास टुडू, मैनेजर हेमब्रोम ,नेगार अंसारी , विश्वजीत दास,लालबाबू शेख,तोहिदुल शेख ,खुदुलाल भगत,आबेद अंसारी ,मनाफ़ अंसारी, मोईन आलम, मुजीबूल शेख, अनिसूर रहमान, परवेज़ आलम ,सिकंदर अली ,बुलबुल शेख, छोटू दास ,मनोज सोरेन,एनोस मुर्मू,परमेश्वर मरांडी , कारण गुप्ता ,नरेश हाँसदा,रोहित हाँसदा,सुनील टुडू,सहित सभी पंचायत? के अध्यक्ष/सचिव व दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## समस्तीपुर के छोरे वैभव सूर्यवंशी ने श्रीलंका में काटा गदर, 11 गेंद पर जड़े 50 रन; भारत ए को बनाया चैंपियन

**पटना।** समस्तीपुर के 15 वर्षीय सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने रविवार को श्रीलंका के दांबुला में खेले गए भारत-श्रीलंका (ट्राई-सीरीज) के खिताबी मुकाबले में मात्र 11 गेंदों में अर्धशतक जड़ कीर्तिमान गढ़ दिया। यह 50 ओवर के लिस्ट-ए क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक रहा। वैभव की 29 गेंदों में खेली 94 रन की पारी और समस्तीपुर के अनुकूल राय के हरफनमौला खेल (36 रन और दो विकेट) की बदौलत भारत ए ने श्रीलंका ए को 66 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता जीत ली। भारत ए ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 377 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ए 47.1 ओवर में 311 रन पर सिमट गई। टास जीतकर श्रीलंका ए ने भारत ए को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। प्रियांश आर्या के साथ उतरे वैभव ने पिछली कुछ पारियों में दिखाए धैर्य को विस्फोटक अंदाज में परिवर्तित किया। तेज-तर्रार चौके और गगनचुंबी छक्के लगाते हुए श्रीलंका ए की गेंदबाजी को बेपटरी करना शुरू किया। 324 की स्ट्राइक रेट से 94 रन की पारी में उन्होंने चौकों और छक्कों से 88 रन बनाए। मात्र छह रन दौड़कर पूरे किए।

## पाकुड़ मंडल कारा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**पाकुड़, झारखंड:-** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ कुमार क्रांति प्रसाद के निर्देश पर सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में मंडल कारा पाकुड़ एवं वृद्धाश्रम सोनाजोड़ी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मंडल कारा पाकुड़ में झालसा रांची के द्वारा चयनित आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक मलय दास ने सभी बंदियों को योग कराया। इस दौरान योग से होने वाले फायदे स्वस्थ शरीर ,स्वस्थ मन, निरोग रहने का योग टिप्स दिया गया। नियमित योग करने की अपील की । इस दौरान पाकुड़ सोनाजोड़ी स्थित वृद्ध आश्रम में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स चंद्रशेखर घोष ने वृद्धजनों को योगासन कराया।

## दैहर विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ भव्य आयोजन, नव निर्मित स्टेज का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण हजारीबाग झारखंड:-** चौपारण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत दैहर में उत्क्रमित उच्च विद्यालय दैहर परिसर में उत्साह एवं गरिमामय माहौल के बीच आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, शिक्षकगण, प्रबुद्ध नागरिक, समाजसेवी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर योग के महत्व को समझा और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उपेन्द्र वर्मा ने किया। योग दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में नव निर्मित स्टेज एवं हैंडवॉश यूनिट का उद्घाटन पंचायत के मुखिया ब्रमदेव भुइयाँ द्वारा किया गया। उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों ने विद्यालय में विकसित की गई नई सुविधाओं की सराहना की। इस दौरान योगाभ्यास कराया गया तथा योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुमार ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने सभी लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा एक जिम्मेदार और स्वस्थ नागरिक बन सकता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। पूरे आयोजन में अनुशासन, उत्साह और राष्ट्रीय भावना का माहौल देखने को मिला।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिजन करमा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**● स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया गया संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण हजारीबाग झारखंड:-** चौपारण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर करमा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिजन करमा परिसर में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ और निरोग जीवन जीने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से करमा पंचायत की मुखिया देवंती देवी, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश भुइयां तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र दास उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान योग के महत्व और इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत एवं आत्मिक रूप से संतुलित रहता है। उन्होंने सभी लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने की अपील की। मुखिया देवंती देवी ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। वर्तमान समय में बढ़ती बीमारियों और तनावपूर्ण जीवनशैली के बीच योग लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहा है। उन्होंने पंचायत के लोगों से नियमित योग करने का आग्रह किया। प्रधानाध्यापक सुरेंद्र दास ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। योग से एकाग्रता बढ़ती है, मानसिक तनाव कम होता है तथा शारीरिक क्षमता का विकास होता है। विद्यालय में समय-समय पर योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नियमित योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, ऊर्जा और स्वास्थ्य जागरूकता से परिपूर्ण रहा।

# संक्षिप्त खबरें

## ओवरलोड एवं मानक विहीन वाहनों पर चला प्रशासन का डंडा



### शक्तिनगर पुलिस व परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 02 हाईवा वाहन सीज

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तथा वाहन चेकिंग एवं ओवरलोड भारी वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में रविवार दिनांक 21.06.2026 को थाना शक्तिनगर पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर सत्येन्द्र कुमार राय द्वारा उप-सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जनपद सोनभद्र के सहयोग से बालू लदे भारी वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान कुल 02 हाईवा वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। मानक उल्लंघन पाए जाने पर दोनों वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार सीज की कार्रवाई करते हुए उन्हें थाना शक्तिनगर परिसर में खड़ा कराया गया। साथ ही अग्रिम आवश्यक विधिक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को रिपोर्ट प्रेषित की गई है।कार्यवाही करने वाली टीम में मुख्य रूप से उप-सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जनपद सोनभद्र, प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय मय पुलिस टीम शामिल रहे।

## कैलिया पुलिस ने चोरी की गई बाइक 24 घंटे में बरामद कर अभियुक को किया गिरफ्तार




**कोंच (जालौन)-** चोरी हुई बाइक के मामले में थाना कैलिया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर बाइक बरामद कर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पटेल के नेतृत्व में उप निरीक्षक राजकुमार निगम, रूपेंद्र पाल सिंह, कांस्टेबल अनिल कुमार एवं अजय शर्मा ने थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी की मोड़ से बाइक चोर मजीद खां पुत्र उस्मान खां निवासी ग्राम नरी को चोरी की गई हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक के साथ दबोच लिया। पुलिस द्वारा आरोपी मजीद को जेल भेज दिया गया है। गौरतलब हो कि नरी गांव निवासी अब्दुल रहमान ने अपनी उक्त बाइक चोरी हो जाने पर बीती 19 जून को थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। पुलिस दफा 305, 331(3) बीएनएस में एफआईआर दर्ज कर बाइक बरामदगी और अभियुक्त को पकड़ने में जुट गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में दफा 317(2) की बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त पर पहले से पॉक्सो एक्ट, एससीएसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित अन्य मुकदमे दर्ज हैं।

## नशे की हालत में माँ से हांथ छुड़ाकर कुएं में कूदा युवक, शव बरामद

**कोंच(जालौन)-** दादी की त्रियोदशी से चार दिन पहले नशे की हालत में माँ का हांथ झटक कर कुएं में छलांग लगाने वाले 28 वर्षीय अविवाहित युवक का शव बरामद हुआ। जानकारी के मुताबिक, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घमूरी निवासी हेमंत अहिरवार पुत्र चंद्रपाल शनिवार की रात करीब 11 बजे शराब के नशे में अपने घर आया और परिजनों के सामने आत्महत्या कर लेने की धमकी देकर घर से बाहर निकल गया। धमकी से सहमी माँ हरकुंवर बेटे के पीछे भागी और गांव से बाहर कोंच-कैलिया सड़क मार्ग से उसे मनाकर अपने साथ घर लाने लगी। इसी दौरान देर रात करीब पौने एक बजे रास्ते में स्थित कुएं के पास हेमंत ने अपना हांथ माँ के हांथ से झटका और दौड़ लगाकर कुएं में छलांग लगा दी। चीखती चिल्लाती माँ ने परिजनों को मौके पर बुलाया और फिर पुलिस को सूचना दी गई। रात में ही एसएसआई विमलेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कुएं में से हेमंत की तलाश कराई लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। रविवार की सुबह फिर से गोताखोरों को कुएं में उतारा गया और फिर कड़ी मशक्कत कर कुएं में से हेमंत का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अविवाहित था जो मजदूरी करता था और दो भाइयों में छोटा था, एक बहिन है जिसकी शादी हो चुकी है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि उक्त कुआं करीब 50 फीट गहरा है जिसमें 10 फीट से अधिक पानी भरा हुआ है। मृतक की दादी रामकली का निधन बीती 13 जून को हो गया था जिसकी त्रियोदशी आने वाली 25 जून को है।

# लेखपालों को मिली बड़ी राहत, 31.81 लाख रुपये के भुगतान को जिलाधिकारी की मंजूरी

● लेखपाल संघ की मांग पर जिलाधिकारी का त्वरित निर्णय, दो वर्षों से लंबित धनराशि होगी वितरित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जनपद सोनभद्र में आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदन पत्रों की प्रिंटिंग एवं अन्य व्ययों के प्रतिपूर्ति भुगतान को लेकर लेखपालों को बड़ी राहत मिली है। विगत दो वर्षों से लंबित इस भुगतान के संबंध में लेखपाल संघ द्वारा जिलाधिकारी चर्चित गौड़ को ज्ञापन देकर शीघ्र भुगतान की मांग की गई थी। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया तथा संबंधित अभिलेखों एवं तहसीलों से प्राप्त विवरण का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत जनसेवा केंद्रों के द्वारा ई-डिलीवरी माध्यम से प्राप्त आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदन पत्रों की प्रिंटिंग आदि पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु कुल 31,81,405 रुपये की धनराशि भुगतान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह धनराशि जनपद की विभिन्न तहसीलों के लेखपालों को डीईजीएस सोसाइटी मद से निर्धारित दर के अनुसार उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी के इस निर्णय से लेखपालों में उत्साह का माहौल है। लेखपाल संघ ने इसके लिए जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि शासन की योजनाओं एवं जनसेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में लेखपालों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके वैध देयों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस निर्णय से लेखपालों को अपने दायित्वों के निर्वहन में और अधिक ऊर्जा एवं उत्साह प्राप्त होगा तथा आमजन को भी बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## राम मंदिर चंदा चोरी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

### चंपत राय के नाम से किया भिक्षाटन, नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत

**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा रविवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राम मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित चंदे में कथित अनियमितताओं एवं चंदा चोरी के आरोपों के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप चंपत राय के नाम से भिक्षाटन कर अपना रोष व्यक्त किया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है और मंदिर निर्माण से जुड़े धन के उपयोग में पूर्ण पारदर्शिता होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि चंदे के उपयोग को लेकर उठ रहे सवालों का स्पष्ट जवाब दिया जाना चाहिए। अमित जैन, नीरज बबेले सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कचहरी परिसर में 12 वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के तत्वाधान में प्रभारी जिला जज गोविंद मोहन के नेतृत्व में रविवार को कचहरी परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों ने हर्षोल्लास पूर्वक 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी द्वारा सर्वप्रथम प्रभारी जिला जज गोविंद मोहन को पतंजलि टी-शर्ट, पतंजलि कैप, पतंजलि अंग वस्त्र तथा स्वामी बाबा रामदेव द्वारा रचित योगाभ्यास पुस्तिका देकर सम्मानित किया गया,तत्पश्चात मंत्र उच्चारण के साथ प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया तथा योग से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया।

सिविल जज सिनियर डिविजन डॉ रामेश्वर दयाल को तथा उपस्थित कर्मचारियों को पतंजलि कैप तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ताअनुरोध कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे,दयानंद मौर्य ने बहुत सुंदर योगगीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से विद्याभूषण मिश्रा ,महेंद्र कुमार, राजेश कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार चौरसिया, अश्वनी ,सुरेंद्र कुमार पाल, चंद्रसेन, शिशु कुमार द्विवेदी समेत काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में शांति पाठ के साथ योगाभ्यास संपन्न कराया गया।

## पुलिस की बड़ी सफलताः CEIR पोर्टल के माध्यम से 302 खोए/गुम हुए मोबाइल फोन बरामद

● विगत माह मई-2026 में CEIR पोर्टल के माध्यम से मोबाइल बरामदगी में 66% सफलता दर के साथ जनपद सोनभद्र ने उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जनपद पुलिस द्वारा आमजन के खोए/गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी एवं उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों तक वापस पहुंचाने हेतु लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रूणवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल के प्रभावी उपयोग एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर मोबाइल फोन बरामदगी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद सोनभद्र ने माह मई-2026 में 66 प्रतिशत सफलता दर के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान* प्राप्त किया है, जो जनपद पुलिस की तकनीकी दक्षता एवं समर्पित कार्यशैली का परिचायक है। इसी क्रम में सर्विलांस सेल, एसओजी टीम एवं जनपद के समस्त थानों की संयुक्त टीमों द्वारा CEIR पोर्टल के माध्यम से तकनीकी विश्लेषण एवं सतत मॉनिटरिंग करते हुए माह मई-2026 से अब तक कुल 302 खोए/गुम हुए मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग ?45 लाख है, सफलतापूर्वक ट्रेस कर बरामद किए गए।

बरामद किए गए मोबाइल फोन को आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रूणवाल द्वारा मोबाइल फोन उनके स्वामियों को वितरित किए गए। अपने बहुमूल्य मोबाइल फोन पुनः प्राप्त होने



पर नागरिकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोनभद्र पुलिस के प्रति आभार प्रकट किया गया। यह सफलता सर्विलांस सेल, एसओजी टीम एवं जनपद के समस्त थानों द्वारा किए गए समन्वित प्रयास, तकनीकी दक्षता एवं सतत अनुश्रवण का परिणाम है। CEIR पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोनों को ट्रेस कर उनकी बरामदगी सुनिश्चित की गई तथा विधिक प्रक्रिया के उपरांत उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को वापस किया गया।सोनभद्र पुलिस आमजन से अपील करती है कि मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल CEIR पोर्टल अथवा निकटतम थाना पर सूचना दें, जिससे समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## योग से न केवल शारीरिक अपितु मानसिक ऊर्जा भी प्राप्त होती है- विधायक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**







**कोंच (जालौन):** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को नगर पालिका परिषद कोंच द्वारा सरोजिनी नायडू पार्क में योग शिविर का मुख्य आयोजन किया गया। इसके अलावा भाजपा नगर इकाई द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर मंडी और राष्ट्रीय सेविका समिति द्वारा मैथिलीशरण गुप्त पार्क में आयोजित योग शिविर में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल सहित तमाम महिला-पुरुष, युवा और बच्चों ने प्रतिभाग कर योग क्रियाएं की।

नगर पालिका द्वारा सरोजिनी नायडू पार्क में आयोजित योग शिविर की शुरुआत विधायक एवं पालिकाध्यक्ष ने धनवंतरी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की, तदोपरांत योग प्रशिक्षक डॉ रमन दीक्षित के दिशा निर्देशन में सूक्ष्म व्यायायाम, घुटनों के व्यायायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, भुजंगासन, मकरासन तथा अनुलोम विलोम, कपालभाती आदि प्राणायाम लोगों ने किए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि योग भारत भूमि की देन है। योग का महत्व आज सारा विश्व समझ रहा है और इसे अपना भी रहा है। महर्षि पतंजलि ने तो योग को मोक्ष का साधन बताया है। योग से न केवल शारीरिक अपितु मानसिक ऊर्जा भी प्राप्त होती है जिससे व्यक्ति सकारात्मक सोच के साथ आगे बढने की कोशिश करता है। उन्होंने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में उतारने का आह्वान किया। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके फायदे गिनाए। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव, चिकित्साधिकारी राजकीय होम्योपैथिक डॉ ज्ञानचंद्र, चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिकडॉ भूपेंद्र परिहार सहित सभासदगण, पालिका कर्मियों के अलावा बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेविका समिति द्वारा पुराने सरकारी अस्पताल परिसर में स्थित मैथिलीशरण गुप्त पार्क में आयोजित योग शिविर में प्रशिक्षिका रजनी डेंगरे एवं आरएसएस की महिला कार्यवाहिका निधि सिंघल ने योग क्रियाओं सहित आसन और प्राणायाम कराया। योग शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। भाजपा नगर इकाई द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर मंडी में आयोजित योग शिविर में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश निरंजन ने योग क्रियाएं कराई।

इस अवसर पर विधायक मूलचंद्र निरंजन सहित भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, विद्यालय के प्रबंधक आनंद समरया, अध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य एनडी जोशी के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता और विद्यालय स्टॉफ के लोग उपस्थित रहे। वहीं एमपीडीसी कॉलेज में एनसीसी 58 उप्र बटालियन द्वारा आयोजित योग शिविर में कॉलेज स्टॉफ सदस्यों सहित एनसीसी कैडेट्स, रोवर्स रेंजर्स के अलावा अन्य सभी छात्र छात्राओं ने योग क्रियाएं करते हुए योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ विजय विक्रम सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉ हरिश्चंद्र तिवारी, रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ भूपेंद्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। एसआरपी इंटर कॉलेज में भी एनसीसी प्रभारी विजय वर्मा की देखरेख में योग शिविर आयोजित किया गया। राठौर सेवा समिति द्वारा धनुताल के तट पर योग शिविर आयोजित किया गया जहां सर्वसमाज के तमाम लोगों ने उपस्थित रहकर योग क्रियाएं की, तदोपरांत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ग्राम अंडा में पौधारोपण किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष राजेश राठौर, वंदना राठौर, दिलीप राठौर, टिंकल राठौर, पंकज राठौर, टिंकल राठौर, अंकुर राठौर, अनूप राठौर, डॉ विकास राठौर, गौरीशंकर राठौर आदि मौजूद रहे। सेठ बद्रीप्रसाद स्मृति महाविद्यालय में भी पूरे उत्साह के साथ योग दिवस मनाया गया। योगाचार्य डॉ सत्यप्रताप सिंह ने योग आसन कराया। इस मौके पर कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर, प्रभारी प्राचार्य बृजेंद्र निरंजन सहित स्टॉफ सदस्य एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ( मुख्यालय)ने नीट (NEET) परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** रविवार दिनांक 21.06.2026 को आयोजित नीट (NEET) परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, सोनभद्र अनिल कुमार द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर चेकिंग एवं फ्रिस्किंग व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों, निरीक्षकों एवं सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्हें परीक्षा की शुचिता बनाए रखने, अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग एवं फ्रिस्किंग सुनिश्चित करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु भी निर्देश दिए गए।

# सोनभद्र के औद्योगिक विकास के लिए योगी सरकार कर रही युद्ध स्तर पर प्रयास

● आदिवासी बाहुल्य जिले की तस्वीर बदलने के लिए 257 करोड़ रुपये से बिछाया जाएगा 86 किलोमीटर सड़कों का जाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** आदिवासी बाहुल्य सोनभद्र जिले के पिछड़ापने की पहचान को खत्म कर विकसित व सुव्यवस्थित सोनभद्र बनाने के लिए योगी सरकार युद्ध स्तर पर प्रयास कर रही है। पिछड़ेपन को दूर करने के लिए सरकार ने यहां निवेश अनुकूल माहौल बनाया जिसके बाद बड़ी कंपनियों ने निवेश कर बदलाव की नींव तो रख दी है। जनपद में विकास कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। इसी कड़ी में उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए सरकार ने दूसरे जनपदों से जोड़ने वाली छह सड़कों के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी है। इन सड़कों के निर्माण में लगभग 257 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए जिले में लगभग 86 किमी. की छह सड़कों का निर्माण लगभग 257 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। सड़क निर्माण के संबंध में जल्द ही सर्वे व टेंडर प्रक्रिया संपन्न कराने के साथ ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। बताया कि इन सड़कों के बन जाने से चार राज्यों की सीमा से घिरे सोनभद्र की दूसरे जनपदों से कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि बेहतर कनेक्टिविटी से उद्योगों के लिए कच्चे माल और तैयार उत्पादों की ढुलाई का समय और लागत (लॉजिस्टिक्स कॉस्ट) कम हो जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सड़कों के निर्माण का लाभ उद्योगों के साथ-साथ आम-जनमानस को भी मिलेगा। अभी आवागमन में काफी समय लगता है लेकिन सड़क निर्माण के बाद मिनटों में यह सफर तय किया जा सकेगा साथ ही मार्ग में होने वली दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि छह सड़कों में सलैयाडीह से खरौंदी तक दो लेन सड़क का निर्माण कराया जाएगा, 15.84 किमी की इस सड़क के निर्माण की अनुमानित लागत 61.65 करोड़ रुपये है। इसी तरह बखिरवा से स्वागत गेट बीजपुर तक 20.17 किमी. दो लेन सड़क के निर्माण में 49 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। बताया कि ऑडी मोड़ अनपरा से शक्ति नगर तक 18.42 किमी की चार लेन सड़क के निर्माण में 55.72 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ऑडी मोड़ अनपरा से मध्य प्रदेश के मिर्चाधूरी रेलवे स्टेशन तक 12.15 किमी. डेढ़ लेन सड़क का निर्माण कराया जाएगा, जिस पर 24.70 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है। जिलाधिकारी ने बताया कि नधिरा से बखिरवा तक 10 किमी. सड़क के निर्माण में 1.60 करोड़ रुपये व डिब्लूगंज से जोगेनदरा तक 10 किमी. सड़क निर्माण कराया जाएगा जिस पर लगभग 64.50 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

## 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अनपरा द्वारा सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**अनपरा/सोनभद्र-** भारत सरकार और उत्तर उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को अनपरा कॉलोनी परिसर स्थित सीआईएसफ मैदान में सीजीएम अनपरा के नेतृत्व में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस वर्ष योग दिवस का विषय 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रखा गया है, जिसका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए योग को आजीवन अभ्यास के रूप में बढ़ावा देना है।सुबह छह बजे से जारी कार्यक्रम में सैकड़ों बिजली अधिकारियों,कर्मचारियों तथा उनके परिवार के लोगों, सीआईएसफ के जवानों,कॉलोनी सुरक्षा के जवानों ने योग प्रशिक्षक सुनील शर्मा के निर्देशन में उत्साहपूर्वक कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन,प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा मुख्य महाप्रबंधक इं अजय कुमार कटियार ने योग के लाभ को बताते हुए कहा कि शारीरिक फिटनेस, मानसिक शांति,सक्रिय और संतुलित जीवनशैली के लिए हमे योग प्रतिदिन नियमानुसार करना चाहिए।कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा नियमित योगाभ्यास करने तथा समाज में योग के प्रति जनजागरुकता फैलाने के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रशासन इं एसएन मिश्र, महाप्रबंधक अ ताप इं डीके सिंह,महा प्रबंधक ब ताप इं चंद्र प्रकाश, महाप्रबंधक सिविल इं निशीथ शर्मा, सीआईएसएफ अनपरा यूनिट के समादेष्टा नीतीश कुमार तोमर,उप समादेष्टा आरके शर्मा, इंस्पेक्टर आरके गंगवार, अरुण मिश्रा, अधीक्षण अभियंता इं कर्मेंद्र सिंह, इं उत्पल शंकर,इं महेंद्र सिंह,इं एसके रजक, अधिशासी अभियंता इं अदालत वर्मा, इं ज्ञानेंद्र सिंह, इं संजय महतो, इं बृजेंद्र सिंह, इं अनिल कुमार, इं रमेश कुमार, इं उमेश पांडेय, इं आरके सिंह, इं डीके विकल, इं विजय यादव, इं जयशंकर गौड़, सहायक अभियंता इं अजय सिंह, इं पंकज पांडेय, इं धर्मेंद्र रामकरन सहायक लेखाधिकारी अशोक चौधरी, कॉलोनी सुरक्षा इंचार्ज एसएन यादव, सीआईएसफ के जवान,भूतपूर्व सैनिक, महिलाएं, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## स्वयं सहायता समूह में गबन का महिलाओं ने लगाया आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कोंच(जालौन)-** ब्लॉक कोंच क्षेत्र के ग्राम चमेंड़ में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने समूह की धनराशि का गबन करने और फर्जी तरीके से निकासी किए जाने का आरोप लगाते हुए रविवार को सीओ से पूरे मामले की शिकायत की है। महिलाओं ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

चमेंड़ गांव निवासी ममता, गुड्डी, राखी, रानी, रिंकी, सुनीता, सीता, लीलावती, कुसमा सहित तमाम महिलाओं ने रविवार को सीओ परमेश्वर प्रसाद से की गई शिकायत में बताया कि वह गांव में संचालित संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। समूह के फील्ड ऑफिसर यशेंद्र कुमार व एक अन्य व्यक्ति ने ममता के नाम पर कथित रूप से 74 हजार रुपए की फर्जी निकासी कर ली है। महिलाओं ने बताया कि जब उन्हें इसकी जानकारी हुई और उनसे इस संबंध में बात की तो उन लोगों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि निकाली गई राशि बैंक खाते में वापस जमा कर दी जाएगी। शिकायतकर्ता महिलाओं के अनुसार, उक्त दोनों ने पहली बार 10 हजार तथा दूसरी बार 4 हजार रुपये यानी कि कुल 14 हजार रुपए ही जमा किए और शेष धनराशि बैंक खाते में जमा ही नहीं की। शिकायतकर्ता महिलाओं ने बताया कि वर्ष 2015 से जुड़े इस मामले में अब उनके ऊपर 1 लाख 3 हजार 695 रुपए की बकाया देनदारी दर्शाई जा रही है जिसकी रिकवरी भी जारी कर दी गई है। इस स्थिति में वह मानसिक रूप से काफी परेशान हैं। महिलाओं ने सीओ से मांग की है कि उन लोगों के नाम पर फर्जी तरीके से निकाली गई धनराशि बैंक खाते में जमा कराई जाए तथा पूरे मामले में संलिप्त लोगों के विरुद्ध जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## सैकड़ों योग साधकों ने स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए किया योग

**ललितपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला गंगा समिति द्वारा पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में योग एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद उद्यान में किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रही। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि बढ़ती आयु में भी व्यक्ति को सक्रिय, स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य में वृद्धि होती है तथा तनावमुक्त जीवन जीने में सहायता मिलती है। योग शिविर में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाचार्य मुकेश साहू, अनुराग चतुर्वेदी एवं अरविंद जैन द्वारा विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया तथा उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

# ललितपुर में गूंजा राजयोग का संदेश

● स्वयं से परमात्मा तक की यात्रा ही सच्चा योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्थान में हुआ आध्यात्मिक कार्यक्रम

विश्व शांति और सकारात्मक जीवन का लिया संकल्प

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**


वरदानी भवन में योग क्रियाएं कराते प्रशिक्षक

**ललितपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा एक भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित भाई-बहनों ने राजयोग मेडिटेशन एवं योगाभ्यास कर विश्व शांति, स्वस्थ जीवन और सकारात्मक समाज निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति, ओम ध्वनि और शांति के संकल्प के साथ हुआ। बड़ी दीदी ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ बनाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि आत्मा का परमात्मा से जुड़ने का दिव्य अनुभव है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा शिव से संबंध स्थापित करता है, तभी जीवन में सच्ची शांति, शक्ति और आनंद का अनुभव संभव होता है। राजयोग मेडिटेशन का विशेष अभ्यास भी कराया गया। इसमें उपस्थित लोगों ने कुछ समय के लिए स्वयं को देह से न्यारा आत्मा स्वरूप अनुभव करते हुए परमात्मा की शक्तियों का आध्यात्मिक अनुभव किया। कार्यक्रम में तनावमुक्त जीवन, सकारात्मक चिंतन, नशामुक्त समाज तथा संस्कारयुक्त परिवार निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। संस्थान की बहनों ने कहा कि वर्तमान समय की तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में राजयोग मानवता के लिए एक अमूल्य वरदान साबित हो रहा है। यह व्यक्ति को मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग दिवस का वास्तविक उद्देश्य केवल एक दिन योगाभ्यास करना नहीं, बल्कि पूरे जीवन को योगयुक्त और मूल्यनिष्ठ बनाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने प्रतिदिन राजयोग मेडिटेशन करने तथा अपने जीवन में शांति, प्रेम, सहयोग और मानवीय मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### महाराज पुर थाना क्षेत्र में तेंदुए के देखें जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल



**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना महाराज पुर क्षेत्र अंतर्गत पुरवा मीर गांव में तेंदुए के देखें जाने की सूचना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल,,, पिछले तीन दिनों से जंगली जानवर की मौजूदगी की चर्चाओं के बीच रविवार सुबह वन विभाग की टीम गांव पहुंची, और सर्च अभियान शुरू किया,वन विभाग की टीम ने करीब 1500 बीघे में फैले जंगल और आसपास के खेतों में सघन तलाशी ली,,इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी लाठी डंडों के साथ वन कर्मियों के साथ मौजूद रहे,, टीम ने संभावित स्थानों पर पैरों के निशान और अन्य साक्ष्यों की तलाश की, लेकिन तेंदुए की मौजूदगी के स्पष्ट प्रमाण नही मिले, वन कर्मी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा बताए गए सभी स्थानों की जांच की गई,, खेतों में कुछ पैरों के निशान मिले हैं, लेकिन उनसे तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि नहीं होती है, उन्होंने बताया कि नीलगाय के अवशेष जरूर मिले हैं, जिससे किसी जंगली जीव की गतिविधि की आंशका है, लेकिन तेंदुए के कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले,, वन विभाग ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए इलाके की लगातार निगरानी की जा रही है,सर्च अभियान जारी रहेगा, और जंगली जीव की पहचान होने तक टीम क्षेत्र में निगरानी करतीं रहेंगी।

### ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह पर गुंडा एक्ट लागू, छः माह के लिए जिला बदर


ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह

**प्रतापगढ़।** रजिस्ट्री कार्यालय पट्टी में हुए हमले, फायरिंग और एमडी ड्रग्स तस्करी के आरोप में जेल भेजे जाने के बाद जमानत पर रिहा हुए ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह पर प्रशासन का शिकंजा और कस गया है। जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक पांडेय ने उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा 3(1) के तहत कार्रवाई करते हुए सुशील सिंह को छः माह के लिए प्रतापगढ़ जनपद की सीमा से निष्कासित कर दिया है।जिलाधिकारी द्वारा 8 जून को पारित आदेश में कहा गया है कि सुशील सिंह के विरुद्ध विभिन्न थानों में दर्ज गंभीर आपराधिक मुकदमों, पुलिस रिपोर्टों और उनके आपराधिक इतिहास के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। प्रशासन का मानना है कि उनकी गतिविधियां शांति एवं कानून-व्यवस्था के लिए खतरा उत्पन्न कर सकती हैं।पुलिस अधीक्षक की आख्या के आधार पर शुरू की गई कार्रवाई में सुशील सिंह के खिलाफ दर्ज कई मुकदमों का उल्लेख किया गया है। इनमें गैंगस्टर एक्ट, मारपीट, धमकी, बलवा, आयुध अधिनियम और अन्य गंभीर धाराओं के मामले शामिल हैं। आदेश में कहा गया है कि आरोपी के विरुद्ध लगातार आपराधिक गतिविधियों के आरोप सामने आने से आमजन में भय का वातावरण बना हुआ है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोटन कोतवाली परिसर में सामूहिक योगाभ्यास

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को थाना कोतवाली लोटन परिसर में थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को थाना कोतवाली लोटन के परिसर में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ सेंट लारेंस पब्लिक स्कूल महादेवा के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने योगाभ्यास कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। योगाभ्यास के दौरान विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए तथा योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ रखने का संदेश दिया गया। थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नियमित योग करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही योग के महत्व एवं उसके सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रतिदिन योग करने एवं समाज को योग के प्रति जागरूक करने के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# घाटमपुर के ओवरब्रिज का स्लैब टूटा, चार वर्ष पहले 46 करोड़ रुपए में बना था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर नगर जनपद के घाटमपुर कस्बे में बना ओवरब्रिज रविवार सुबह स्लैब टूट गया है, इसके साथ ही कई जगह दरारें भी आ गई है, दरारें ओवरब्रिज की छत और बीम में आई हैं, समाचार लिखे जाने तक ऊपर से भारी वाहन गुजर रहे हैं,, कानपुर सागर हाइवे पर क्षमता से 10 गुना ज्यादा वाहनों का दबाव रहता है, इस ओवरब्रिज का निर्माण पीएनसी ने लगभग चार वर्ष पहले 46 करोड़ रुपए के बजट से कराया था, पीएनसी के अधिकारियों ने लोड टेस्टिंग पूरी करने के बाद 12 नवंबर 2022 को ओवरब्रिज का उद्घाटन कर इसे आम लोगों के लिए खोल दिया था, इसके बाद कानपुर से हमीरपुर की ओर जाने वाले और घाटमपुर में न रूकने वालें अधिकांश वाहन इसी ओवरब्रिज से होकर गुज़रने लगें, रविवार सुबह स्थानीय लोगों की नजर ओवरब्रिज की टूटी हुई स्लैब पर पड़ी, तो हैरान रह गए, महज़ चार वर्ष के भीतर ही पुल की स्लैब क्षतिग्रस्त हो गई, इससे पहले वर्ष 2024 में भी ओवरब्रिज के कई हिस्सों में दरारें दिखाई दी थी, उस समय पीएनसी और एनएचएआई ने ओवरब्रिज की हर महीने निगरानी करने की बात कही थी, इसके बावजूद रविवार सुबह स्लैब टूटनै की घटना सामने आने से निर्माण की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए, आपको बताते चलें कि हमीरपुर से कानपुर की ओर जा रहे भारी वाहन जिन्हें घाटमपुर चौराहे पर नहीं रूकना होता है,वह ओवरब्रिज के रास्ते कानपुर की ओर निकल जाते हैं, घाटमपुर के मुख्य चौराहे पर बनें ओवरब्रिज पर हमीरपुर की ओर चार नंबर कोठी की छत टूटने के बाद भी ओवरब्रिज के ऊपर से मोरंग गिट्टी के ओवर लोड वाहन गुजर रहे हैं, जिससे बडा हादसा हो सकता है, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज कुमार ने बताया कि उन्हें घाटमपुर ओवरब्रिज के स्लैब टूटनै की जानकारी मिली है,, उन्होंने प्रेटोलिग टीम को मौके पर भेजा है। एनएचआई की टीम पहुंच कर जांच करेगी।

### मलवें में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दीवाल गिरने से घायल मजदूर की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गयी। रविवार को सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया। उदयपुर थाना क्षेत्र के बरवन का पुरवा मुस्तफाबाद निवासी रोहित कोरी 25 पुत्र रामसुमेर कोरी शुक्रवार को गांव के खड्ग सिह के घर पर मजदूरी कर रहा था। इस बीच अचानक एक दीवार भरभरा कर गिर गई। मलवे में रोहित दब गया तब साथी मजदूरों ने उसे किसी तरह बाहर निकाला। घायल रोहित का परिजनों ने स्थानीय चिकित्सक से इलाज करवाया। दूसरे दिन शनिवार को उसकी तबियत बिगड़ी तब परिजन उसे रायबरेली के सलोन अस्पताल ले गये। वहां चिकित्सकों ने घायल मजदूर की स्थिति गम्भीर देख प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में रोहित की मौत हो गयी। सूचना घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। मजदूर की मौत से तीन वर्ष तथा एक वर्ष के मासूमों के सिर से पिता का साया उठ गया। पत्नी सुनीता का विलाप देख ग्रामीणों की आंखें भी भर आयी। सूचना मिलने पर उदयपुर पुलिस ने शव का पंचनामाकराकर जिला मुख्यालय पीएम के लिए भेजवाया। थानाध्यक्ष दीप नारायण का कहना है कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज द्वारा गायत्री प्रज्ञा पीठ का आयोजन

● कन्या कौशल शिविर के प्रशिक्षणर्थियों कों प्रमाणपत्र प्रदान किये गयेश्यामधनी राही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्धारित कार्यक्रम भाई बहनों की कार्य दक्षता हेतु कुछ श्रेष्ठ प्रशिक्षण निर्धारित हुए जिन्हें जगह जगह क्षेत्रों में मूर्त रूप देने हेतु युवा प्रकोष्ठ के दक्ष और प्रशिक्षित शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा गायत्री प्रज्ञा पीठ सचेंडी में दिनांक 19 जून से 21 जून 2026 तक कन्या कौशल शिविर के उक्त आयोजन में आज सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को प्रमाण पत्र गायत्री मंत्र का दुपट्टा मोमेंटो उप जोन समन्वयक बालू घाट शुक्लागंज समर बहादुर सिंह , जिला समन्वयक कानपुर आर पी लाल और रामसेवक वर्मा देवेंद्र सचान कानपुर देहात द्वारा सभी उपस्थित प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को सम्मानित किया गया, शांतिकुंज से प्रशिक्षण देने आए टोली नायक अर्जुन व पूर्णिमा, ज्योति, अन्नपूर्णा को यूपीजोन सामान्य द्वारा भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा पाल द्वारा किया गया सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षण भाई बहनों से फीडबैक लिया गया सभी ने अपने बहुत ही मुखर स्वर से इस प्रशिक्षण की सराहना की तथा गुरुदेव के विचारों को अपने-अपने क्षेत्र में फैलने का संकल्प लिया उक्त आयोजन की व्यवस्था बिशन सिंह द्वारा की गई उक्त आयोजन की सभी लोगों के द्वारा प्रशंसा की गई गायत्री परिवार कानपुर देहात के राजेंद्र कमला सरिता कुशवाहा शिवा अमित पाल शोधने पाल माया सीखा तुम्हारी विमलेश नंदिनी आस्था रिंकी कशिश गायत्री सीता देवी रुचि दीपांशी क्षमता पलक आयुषी श्रीवास्तव प्रिया मांडवी शिवानी पायल संध्या कुशवाहा प्रज्ञा सिंह श्रद्धा सिंह श्रद्धा प्रजापति प्रज्ञा प्रजापति नेहा श्रेया शर्मा सोनाली सोजल लक्ष्मी पायल आयुषी पाल रिया साविता दिव्या कुशवाहा नित्य गुप्ता सोनम द्वारा लिए गए प्रशिक्षण के संबंध में विचार व्यक्त कर सराहना की गई।

## चिलबिला पार्क में अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस का किया गया भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' की थीम के साथ 12वें अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन स्वामी करपात्री जी महाराज जैव विविधता पार्क चिलबिला में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व विधायक बृजेश मिश्र, एमएलसी प्रतिनिधि राय साहब सिंह, शिक्षक विधायक के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, भाजपा के महामंत्री राजेश सिंह, डीएफओ आशुतोष गुप्ता सहित कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, पत्रकारों, जनप्रतिनिधिगण, एनसीसी कैडेट आदि योगाभ्यास कार्यक्रम में सम्मिलित हुये और योग प्रशिक्षक सुनीता सिंह द्वारा बताये गये योगा सम्बन्धी विभिन्न प्राणायाम को किया गया। इस अवसर पर उ0प्र0 गोसेवा आयोग के सदस्य मुख्य अतिथि रमाकान्त उपाध्याय ने कहा कि योग प्राचीन काल से ही हमारी जीवन शैली का अंग रहा है, निरोग रहना है तो योग को साथी बनाये। कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि स्वामी करपात्री जी महाराज जैव विविधता पार्क चिलबिला में 42 हेक्टेयर में फैला है, इसे एक विकसित करके पिकनिक स्थल के रूप में तैयार किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में आये हुये अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया बन्धुओ, छात्र-छात्राओं आदि के प्रति आभार व्यक्त किये।अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सुमन कुशवाहा, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, ईओ नगर पालिका राकेश कुमार आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सांसद प्रमोद तिवारी हुए अस्वस्थ, मुख्यमंत्री ने लिया हालचाल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वरिष्ठ सांसद एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के स्वास्थ्य को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की सुबह विधायक आराधना मिश्रा मोना से फोन से वार्ता कर हालचाल लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने वायरल बुखार से अस्वस्थ्य चल रहे सांसद प्रमोद तिवारी के शीघ्र स्वास्थ्यलाभ की फोन पर कामना भी की। सीएम योगी ने सांसद प्रमोद तिवारी के उत्तर प्रदेश की स्वस्थ्य राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा करते हुए विधायक मोना से उनके स्वास्थ्य लाभ को लेकर प्रदेश के लोगो की ओर से मंगल कामना प्रकट की है। सांसद प्रमोद तिवारी का इधर चार दिनों से बुखार के संक्रमण के चलते नई दिल्ली के साकेत स्थिति मैक्स हास्पिटल में चिकित्सा विशेषज्ञों की एक विशेष टीम की देख रेख में इलाज चल रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी के इलाज को लेकर जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि चिकित्सकों की टीम ने सप्ताह भर में सांसद प्रमोद तिवारी के पूर्ण स्वस्थ्य होने की सम्भावना व्यक्त की है।

## योग दिवस बना जनआंदोलन, शहरभर में गूंजा स्वस्थ जीवन का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को कानपुर योगमय हो उठा। शहर के पार्कों, विद्यालयों, संस्थानों, कॉलोनियों और घरों में योग के प्रति अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। सुबह होते ही हजारों लोग योग शिविरों में शामिल होने के लिए निकल पड़े। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी कर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। शहर का वातावरण ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो कोई बड़ा सांस्कृतिक उत्सव मनाया जा रहा हो।

गोविंद नगर स्थित अमर शहीद कर्नल सिद्धार्थ तिवारी पार्क में पतंजलि योग समिति कानपुर दक्षिण के तत्वावधान में आयोजित भव्य योग शिविर में बड़ी संख्या में योग साधकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। योगाचार्या डा. सन्तोष अरोड़ा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसे वैश्विक मंच पर स्थापित करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं योग गुरु बाबा रामदेव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज योग विश्व के करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है और भारत की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयां प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मबल, सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक उन्नति का भी मार्ग है। आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न तनाव, अवसाद और विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा अपने स्वास्थ्य के लिए निकालकर योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए।

योग शिविर में ओम् उच्चारण, त्राटक क्रिया, सूर्य नमस्कार, सिद्धासन, सिंहासन, ताड़ासन, भ्रामरी प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भुजंगासन एवं शवासन सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने इन आसनों एवं प्राणायामों के स्वास्थ्य लाभों की भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन योग शिक्षिका चन्द्रकान्ता गेरा ने किया। इस अवसर पर प्रकाश वीर आर्य, पार्षद सरोज चड्ढा, रंजना सचान, रेखा सेन, मंडल अध्यक्ष दीपू पासवान, नीरज चड्ढा, निधि गेरा, हरीश अरोड़ा, सुरेन्द्र गेरा, वीरेन्द्र मल्होत्रा, वंश आर्य, मुरलीधर आहुजा एवं दीपक सखूजा सहित बड़ी संख्या में योग प्रेमी उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कानपुर के ग्रीन पार्क में लोगों ने बड़ी संख्या में किया योगाभ्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज यहां रविवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने वीरभद्रासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, चक्रासन, दंडासन, पद्मासन, वज्रासन, शलभासन, भुजंगासन, विपरीत शलभासन, नौकासन, पवनमुक्तासन, सेतुबंधासन और शवासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इसके साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम तथा भ्रामरी प्राणायाम भी कराया गया। स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर इस कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में सांसद रमेश अवस्थी, विधायक ,सुरेंद्र मैथानी, विधायक श्रीमती सरोज कुरील, एमएलसी अरुण पाठक, जनपद के नोडल अधिकारी एस. सुंदरम एम.के., पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त संकल्प शर्मा, संयुक्त पुलिस आयुक्त विपिन टाडा, नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे. जैन, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. कप्तान सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राकेश सचान ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के एकीकरण का माध्यम है। और आज दुनिया के अधिकांश देश इसे अपना रहे हैं। सांसद श्री रमेश अवस्थी ने कहा कि योग को भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है और यह पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन का संदेश दे रहा है। जिलाधिकारी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के बीच योग स्वस्थ जीवन का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान योग सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। योगासन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आयुषी रावत, अंश कुमार सविता, मालती सचान, नविका सिंह चौहान, मिहिका सचान, देवशी द्विवेदी एवं अनन्या राजपूत को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार ने किया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को वन विभाग द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों, योग प्रशिक्षकों तथा आम नागरिकों ने सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोटन में योगाभ्यास करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी लोटन मंडल की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर लोटन के परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योगाभ्यास से शरीर निरोग रहता है और मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। उन्होंने लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। वक्ताओं ने कहा कि योग आज पूरी दुनिया में स्वास्थ्य और संतुलित जीवन का माध्यम बन चुका है। इस अवसर पर दूगनारायण सिंह, बब्लू पांडेय, प्रदीप मोदनवाल, अनुराग कसौधन, विनोद मिश्रा, रुद्रनारायण पांडेय, शिवम विश्वास, प्रेमचंद मोदनवाल, कृष्णदत्त त्रिपाठी, संतोष पांडेय, सतीश वर्मा, आनंद प्रकाश गौड सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नियमित योग करने तथा योग के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

### बिस्कोहर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित

नगर पंचायत बिस्कोहर के राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर रोहित कसौधन ने कहा कि योग पूरी दुनिया को आपस में जोड़ता है, योग स्वास्थ्य शरीर और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने पर जोर देता है। चेयरमैन अजय गुप्ता ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का एक प्राचीन माध्यम है। इस अवसर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि चेयरमैन अजय गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक निपेंद्र सिंह, प्रशिक्षक रोहित कसौधन, राजमणि दुबे, राम नरेश पासवान, सुरेश प्रजापति, प्रेम पाण्डेय, नगर कार्यवाहक पंकज, बैजनाथ गुप्ता, अरविंद गुप्ता, विमल सिंह, लालू नाईक, अशोक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### किसान इंटर कालेज के प्रांगण में योग शिविर आयोजित




**उसका बाजार।** नगर क्षेत्र अंतर्गत स्थित किसान इंटर कालेज उसका बाजार के प्रांगण में रविवार को सुबह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षक देवी प्रसाद ने योग, प्राणायाम के विभिन्न तरीकों के बारे में लोगो को अभ्यास कराया और विस्तार से जानकारी दी। खंड कार्यवाह पवन उपाध्याय ने लोगो को उत्तम शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित योग करने के लिए सुझाव दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत कुमार जायसवाल ने योग दिवस की सभी को शुभकामना दिया और कहा कि पूरे विश्व में भारत का गौरव यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय कुमार गुप्ता, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी अभिनव श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश आर्य सहित अशोक जायसवाल, सत्यप्रकाश वर्मा, हरिशंकर सिंह, राजेश पाण्डेय, सोनू मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम उत्साह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुआ। इसके उपरांत आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षक प्रतिभा द्विवेदी एवं योग प्रशिक्षक अभिनव मालवीय के निर्देशन एवं देखरेख में जुम्बा, विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का सामूहिक अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित विभिन्न योगासनों तथा अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया। प्रशिक्षक अभिनव मालवीय द्वारा प्रतिभागियों को योगाभ्यास एवं प्राणायाम की विधियों का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवन के संदेश के साथ पौधारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर कविता शाह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव अश्वनी कुमार, परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव, अधिष्ठाता कला संकाय प्रोफेसर नीता यादव, अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय प्रोफेसर सौरभ, अधिष्ठाता विज्ञान संकाय प्रोफेसर प्रकृति राय, प्रोफेसर हरिश कुमार शर्मा, प्रोफेसर सुनील कुमार श्रीवास्तव प्रोफेसर जितेंद्र कुमार प्रोफेसर लक्ष्मण प्रोफेसर कौशलेंद्र चतुर्वेदी सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित, सकारात्मक और संतुलित बनाने की एक समग्र जीवन पद्धति है। कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार दुबे द्वारा विषय प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम समिति के सदस्य डॉ. यशवंत यादव द्वारा आभार ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम समिति के सदस्य एनसीसी अफसर डॉ. प्रवेश नाथ त्रिपाठी द्वारा गांवरिया स्थित कपिलवस्तु बौद्ध स्तूप परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम का सफल संयोजन किया गया। उत्साह, अनुशासन एवं व्यापक जनसहभागिता के साथ आयोजित यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं स्मरणीय रहा।

### कानपुर में ओवर स्पीड वाहनों पर यातायात पुलिस ने कसा शिकंजा, 352 वाहनों के चालान

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 08 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज दिनांक 21.06.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार- राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 51 ट्रक, 06 बस, 111 चार पहिया / दो पहिया 168 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 03 ट्रक, 05 बस, 104 चार पहिया/दो पहिया 112 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 72 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

## सांसद जगदंबिका पाल ने मखाना उत्पादन बढ़ाने पर दिया जोर, वैज्ञानिक खेती अपनाने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में शनिवार को 23वीं किस्त का हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र सोहना, सिद्धार्थनगर परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के 300 से अधिक किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर (हुगली) से प्रधानमंत्री द्वारा देश के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,880 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। किसानों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सरकार की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने जिले में मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कहा कि इसकी खेती किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन सकती है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने भी किसानों को मखाना उत्पादन अपनाने के लिए प्रेरित किया। विधायक श्यामधनी राही ने किसानों से कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़कर वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से खेती करने का आह्वान किया। वहीं शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कसौधन, जय बर्धन तिवारी, सच्चिदानंद पांडेय, राम कृपाल चौधरी ,मथुरा यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों के हित में संचालित कार्यक्रमों एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देते हुए किसानों से केंद्र से जुड़कर उन्नत खेती अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 50 किसानों को उड़द, अरहर, मकई के बीज का मिनी कीट वितरण किया गया। केंद्र के वैज्ञानिक ई. अशोक कुमार पाण्डेय, डॉ. शेष नारायण सिंह, डॉ. सर्वजीत, डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र, सुनील कुमार सिंह एवं नीलम सिंह सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से उपजिलाधिकारी इटवा विवेकानंद, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रवि शंकर पांडेय, जिला उद्यान अधिकारी विमलकांत समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा मुकेश मिश्रा, राजकुमार द्विवेदी, अशोक कुमार त्रिपाठी, फूलचंद्र चौधरी, जुगानी मौर्य, फूलमती, सनीता सहित बड़ी संख्या में किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### यमुनापार में अतिक्रमण से हाहाकारः सड़कों पर जाम, फुटपाथों पर कब्जा, पैदल चलना भी मुश्किल

**दिल्ली।** यमुनापार में सड़कों, फुटपाथों और सर्विस लेन पर बढ़ते अतिक्रमण ने यात्रियों और पैदल राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कई इलाकों में अतिक्रमण से सड़कें सिकुड़ने से रोजाना जाम की स्थिति बन रही है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद निगम प्रशासन की शह पर अवैध कब्जे लगातार जारी हैं, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा रही है। पैदल यात्री सड़क पर हर समय हादसे की जद में रहते हैं। लक्ष्मी नगर, मंडावली, शाहदरा, कृष्णा नगर और गणेश नगर समेत कई इलाकों में सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा बना हुआ है। स्थिति यह है कि पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ लगभग खत्म हो चुके हैं और उन्हें तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पर चलने को मजबूर होना पड़ रहा है। राहगीरों का कहना है कि प्रशासन की आंखों के सामने अतिक्रमण बढ़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। गीता कालोनी के पास पटपड़गंज रोड पर वाहन शोरूम संचालकों ने फुटपाथ और सर्विस लेन को ही प्रदर्शन स्थल बना दिया है। दुकानों के बाहर बिक्री के लिए बड़ी संख्या में वाहन खड़े रहते हैं, जिससे पैदल यात्रियों की आवाजाही बाधित हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की मिलीभगत से सड़क किनारे यह कारोबार फल-फूल रहा है, जो आम लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गया है। विकास मार्ग, जिसे यमुनापार की मॉडल सड़क माना जाता है, अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के कारण बदहाल हो चुकी है। लक्ष्मी नगर से कड़कड़ी मोड़ तक चार लेन वाली सड़क की दो लेनों पर अक्सर वाहनों का कब्जा रहता है। आसपास के दुकानदार और खरीदारी के लिए आने वाले लोग सड़क पर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे रोजाना जाम की समस्या उत्पन्न होती है।वहीं, सर्विस लेन पर रेहड़ी-पटरी वालों के अतिक्रमण ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। मामले पर निगम आधिकारियों का कहना है कि सड़क पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाता है । अतिक्रमण पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली में फौजी बनकर मकान मालिक से ठगी, गुरुग्राम से म्यूल खाता धारक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** किराए पर फ्लैट लेने के नाम पर एक मकान मालिक से 35 हजार ठगी करने के मामले में मध्य जिला के साइबर सेल थाना पुलिस ने म्यूल खाता धारक को गिरफ्तार कर लिया है। ठग ने खुद को ''भारतीय सेना का सूबेदार'' बताकर पीड़ित का भरोसा जीत उन्हें चूना लगाया। ठगी की रकम इसी आरोपित के खाते में ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने आरोपित के पास से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। डीसीपी मध्य जिला रोहित राजबीर सिंह का कहना है कि करोल बाग में रहने वाले एक शख्स ने अपने फ्लैट को किराए पर देने के लिए एक आनलाइन प्रापर्टी पोर्टल पर विज्ञापन डाला था। तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया और खुद को इंडियन आर्मी का सूबेदार बताते हुए फ्लैट किराए पर लेने की इच्छा जताई। दोनों के बीच बातचीत के बाद सौदा पक्का हो गया। इसके बाद, ठग ने किराए के पैसे भेजने के बहाने मकान मालिक से उनकी यूपीआइ डिटेल्स मांगी और वेरिफिकेशन के लिए एक रुपये भेजने को कहा। जैसे ही पीड़ित ने ऐसा किया, ठग ने फोन पेय ऐप पर 35 हजार मांगने का अनुरोध भेजा। ठग ने झूठ बोला कि यह पैसे भेजने का लिंक है। पीड़ित झांसे में आ गया और जैसे ही उसने अपना यूपीआई पिन डाला, उनके खाते से 35 हजार कटकर जालसाज के खाते में चले गए। धोखा होने का अहसास होते ही पीड़ित ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। साइबर सेल थाने के इंस्पेक्टर योगराज दलाल की टीम ने दिल्ली, हापुड़, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में बड़े पैमाने पर तकनीकी और फील्ड जांच शुरू की। बैंक ट्रांजक्शन और डिजिटल फुटप्रिंट्स खंगालने पर पता चला कि ठगी की रकम केनरा बैंक के एक खाते में गई है, जो हिमांशु मोंडल के नाम पर है। इसके बाद पुलिस टीम ने 18 जून को गुरुग्राम के सेक्टर-सात में छापा मार हिमांशू मोंडल को गिरफ्तार कर लिया। वह गुरुग्राम का रहने वाला है। इसपर पहले का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

# TMC के बैंक खातों में रखे 440 करोड़ रुपये फ्रीज; बागी विधायकों की शिकायत पर कार्रवाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** बड़ी बगावत का सामना कर रही तृणमूल कांग्रेस के तीन बैंक खातों में रखे गए क़रीब 440 करोड़ रुपये की निकासी पर रोक लगा दी गई है। यह कार्रवाई पार्टी के बागी विधायकों की शिकायत पर हुई है, जिन्होंने इन पैसों के स्रोत की जाँच की मांग की थी। पहले से ही बगावत झेल रहीं ममता बनर्जी को अब इस कार्रवाई से एक और बड़ा झटका लगा है। इस ताज़ घटना से पार्टी में पैसे के लेन देन पर नियंत्रण को लेकर चल रही आंतरिक लड़ाई और भी तेज हो गई है। ऋतब्रत बनर्जी का गुट अब पार्टी के लेन देन में गड़बड़ी का आरोप लगा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राइवेट सेक्टर के एक बैंक में रखे गए इन तीन खातों पर 'डेबिट फ्रीज' लगा दिया गया है। इसका मतलब है कि इन खातों से पैसे निकाले या बाहर ट्रांसफर नहीं किए जा सकते हैं। हालाँकि, इन खातों में पैसे जमा किए जा सकते हैं। यह कार्रवाई हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में टीएमसी की हार के बाद पार्टी में चल रही टूट-फूट के बीच हुई है। ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में क़रीब 60 विधायकों ने बगवात की है। अब पार्टी के संगठन और पैसे पर नियंत्रण की कोशिश चल रही है। ऋतब्रत बनर्जी गुट के 10 विधायकों ने बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें एफआईआर दर्ज करने तथा पूरी जांच कराने की मांग की गई है।

शिकायत में इन बागी विधायकों ने पूछा है कि इन खातों में जमा इतना बड़ा पैसा कहाँ से आया? उन्होंने जाँच एजेंसियों से यह पता लगाने को कहा है कि क्या यह पैसा वैध स्रोतों से आया या कट-मनी, सरकारी फंड का गलत इस्तेमाल, घोटालों आदि गैरकानूनी गतिविधियों से जमा किया गया। बागियों की शिकायत की कॉपी में कहा गया है कि विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि गैरकानूनी गतिविधियों से पैसा जमा किया गया हो सकता है, जिसमें प्रभाव का दुरुपयोग, बेईमानी से वित्तीय लेन-देन और अवैध वसूली शामिल है। बाग़ी विधायकों की शिकायत से कुछ दिन पहले ही वरिष्ठ टीएमसी नेता अरूप विश्वास ने बैंक को चिट्ठी लिखकर खातों की सुरक्षा और ट्रांजेक्शन रोकने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि पार्टी के 500 करोड़ रुपये से ज़्यादा के जमा को तब तक किसी को ऑपरेट नहीं करने देना चाहिए, जब तक पार्टी में नेतृत्व विवाद सुलझ न जाए। बिस्वास ने खातों के मैनेजमेंट और कंट्रोल को लेकर चिंता जताते हुए उन्हें फ्रीज़ करने की मांग की थी, वहीं बागी विधायकों ने अब फंड के सोर्स की आपराधिक जांच की मांग की है। खास बात यह है कि ये शिकायतें उसी साइबर क्राइम थाने में की गई हैं, जहां पहले अरूप विश्वास के ख़िलाफ़ लियोनेल मेसी के कोलकाता दौरे वाले विवाद में केस चल रहा है।

# दिल्ली जल बोर्ड के खोदे गड्ढे में युवक की मौत पर परिवार को 30 लाख का मुआवजा दें, दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरने से मरने वाले व्यक्ति के स्वजन को 30 लाख रुपये का मुआवजा देने का दिल्ली हाई कोर्ट ने आदेश दिया है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने कहा कि परिवार में कमाने वाले एकमात्र सदस्य की मौत से परिवार बहुत मुश्किल स्थिति में आ जाता है और रोजमर्रा का गुजारा भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे परिवारों को सरकारी अधिकारियों की लापरवाही के कारण हुई घटनाओं के लिए बुनियादी आर्थिक मदद पाने के लिए लंबे और महंगे कानूनी मुकदमे लड़ने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। उक्त तथ्यों को देखते हुए पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को 30 लाख रुपये की एकमुश्त रकम पाने के हकदार हैं। पीठ ने रिकॉर्ड पर लिया कि याची को डीजेबी से 50,000 रुपये मिल चुके हैं, ऐसे में डीजेबी को तीन महीने के भीतर याचिकाकर्ताओं को मुआवजा के तौर पर 29.50 लाख रुपये, घटना की तारीख से लेकर भुगतान मिलने की तारीख तक छह प्रतिशत सालाना की दर से साधारण ब्याज देने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा मरने वाले व्यक्ति की पत्नी, मां और तीन नाबालिग बच्चे 2019 में हुई घटना के बाद से ही मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि डीजेबी लापरवाही के कारण हुई दुर्घटना के लिए अपने ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराकर खुद नहीं बच सकता, लेकिन वह ठेकेदार से रिकवरी की कार्रवाई शुरू करने के लिए स्वतंत्र है। याचिका के अनुसार 17 और 18 अप्रैल 2019 की रात मृतक अपनी मोटरसाइकिल पर जा रहा था और ढिचाऊ कलां में डीजेबी कार्यालय के सामने पाइपलाइन की मरम्मत के काम के लिए खोदे गए गड्ढे में गिर गया था। कुछ दिनों बाद चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। डीजेबी का तर्क था कि खुदाई का काम एक तीसरे पक्ष ने किया था और गड्ढे के चारों ओर बैरिकेड लगाए गए थे। डीजेबी ने तर्क दिया कि दुर्घटना में मृतक की अपनी गलती भी हो सकती है। हालांकि, अदालत ने मृतक की लापरवाही के डीजेबी के दावे को ठुकराते हुए कहा कि बोर्ड की यह जिम्मेदारी थी कि वह सुनिश्चित करे कि सार्वजनिक सड़क पर खतरनाक खोदाई वाली जगह पर लगातार निगरानी और तुरंत इमरजेंसी रिस्पान्स के साथ सुरक्षा का पूरा इंतजाम हो। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में सरकार व संस्थान की जिम्मेदारी सिर्फ बैरिकेड लगाने तक ही सीमित नहीं रहती, बल्कि निगरानी और समय पर इमरजेंसी रिस्पान्स



सुनिश्चित करना भी शामिल है। अदालत ने रिकॉर्ड पर लिया कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2023 में सड़क निर्माण या मरम्मत के काम के कारण हुई सड़क दुर्घटनाओं में 8,246 लोग घायल हुए और 3,904 लोगों की मौत हुई। अदालत ने कहा कि ऐसी घटनाएं अचानक या अनपेक्षित नहीं होतीं, बल्कि ये प्रशासनिक लापरवाही और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के काम के लिए जरूरी सुरक्षा उपायों को लागू न करने का नतीजा होती हैं। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में मुआवजा तेजी से देने के लिए एक व्यवस्थित और असरदार नीति तैयार करना होगा, ताकि पीड़ितों और उनके परिवारों को सही राहत पाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ने के बजाय तुरंत मदद मिले। उक्त टिप्पणी करते हुए अदालत ने संबंधित अधिकारियों सेएक उचित नीति बनाने की संभावना पर विचार करने निर्देश दिया।

# मानसून की तैयारीः म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने बुड्ढा नदी का किया इंस्पेक्शन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लुधियाना-** मानसून की तैयारियों को प्राथमिकता देते हुए, म्युनिसिपल कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने शनिवार को बुड्ढा नदी और आस-पास के इलाकों में फील्ड इंस्पेक्शन किया। म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस सेल (ODM सेल) के संबंधित अधिकारियों के साथ फील्ड में जाकर, म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने बुड्ढा नदी की सफाई के चल रहे कामों का इंस्पेक्शन किया। इसके अलावा, बुड्ढा नदी पर रिटेनिंग वॉल और पुली बनाने के लिए चल रहे अलग-अलग प्रोजेक्ट्स का भी इंस्पेक्शन किया गया और कामों में तेज़ी लाने के लिए ज़रूरी निर्देश दिए गए। इंस्पेक्शन के दौरान सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर एकजोत सिंह, नोडल ऑफिसर रणदीप संडीला, SDO अर्जुन सिक्का और दूसरे अधिकारी मौजूद थे। इंस्पेक्शन के दौरान, म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने हैबोवाल डेयरी कॉम्प्लेक्स, एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ETP) वगैरह का भी इंस्पेक्शन किया। म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने कहा कि शहर से गुज़रने वाले ज़्यादातर सेक्शन में बुड्ढा नदी की सफ़ाई का काम पूरा हो चुका है। अधिकारियों को नदी के किनारे सभी ज़रूरी मशीनें/स्टाफ़ पहले से तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि मॉनसून के मौसम में ज़मीनी लेवल पर कोई दिक्कत न हो। अलंकार ने आगे कहा कि शहर की मेन सीवर लाइनों को भी सुपर सक्शन मशीनों से साफ़ किया जा रहा है और निचले इलाकों की पहचान कर ली गई है। बारिश के मौसम में पानी जमा होने से रोकने के लिए ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं। शहर भर की सड़कों के रोड ग्रिड की सफ़ाई का काम भी तेज़ी से चल रहा है। म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने कहा कि शहर में मॉनसून की तैयारी के लिए सभी ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं और ज़मीनी लेवल पर हालात का अंदाज़ा लगाने के लिए रेगुलर फ़ील्ड इंस्पेक्शन किए जा रहे हैं।



### नीतीश कुमार बने JDU के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उमेश कुशवाहा बने रहेंगे बिहार चीफ

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय परिषद की महत्वपूर्ण बैठक समाप्त हो गई है। इस बैठक में सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लगा दी गई है। इसके साथ ही, संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए उमेश कुशवाहा को बिहार प्रदेश अध्यक्ष के पद पर बरकरार रखने की मंजूरी दी गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री मदन सहनी ने बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए इन फैसलों की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परिषद ने उमेश कुशवाहा के नाम को सहर्ष स्वीकृति दी है। सहनी ने यह भी साझा किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद नीतीश कुमार एक बार फिर जनता के बीच अपनी नई 'बिहार यात्रा' पर निकलने वाले हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठन की जमीनी हकीकत को परखना होगा। निशांत कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारी जिम्मेदारी अब पहले से कहीं अधिक है। पिताजी नीतीश कुमार ने राज्य के विकास के लिए जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, हम उन्हें लेकर सीधे जनता के पास जाएंगे। निशांत ने कहा कि हमारा एकमात्र लक्ष्य पूरे बिहार में संगठन को नए सिरे से मजबूत करना और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आगे बढ़ना है।

# यूरिया खाद के बिना इजाज़त स्टोरेज के खिलाफ FIR दर्ज - डॉ. दारा सिंह चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पटियाला-** एग्रीकल्चर और किसान भलाई डिपार्टमेंट पंजाब के डायरेक्टर डॉ. गुरजीत सिंह बराड़ की गाइडेंस और डिप्टी कमिश्नर पटियाला डॉ. हिमाशु अग्रवाल की काबिल लीडरशिप में चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर पटियाला डॉ. दारा सिंह की टीम किसानों के फायदे के लिए पटियाला जिले में लगातार चेकिंग कर रही है ताकि खेती के इस्तेमाल के लिए सब्सिडी पर मिलने वाली यूरिया खाद के बिना इजाज़त इस्तेमाल और स्टोरेज को रोका जा सके। चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर डॉ. दारा सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से खेती के इस्तेमाल के लिए सब्सिडी पर मिलने वाली यूरिया खाद का गलत इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जो किसानों को सब्सिडी पर मिलने वाली खाद का इस्तेमाल फीड फैक्ट्रियों, प्लाईवुड फैक्ट्रियों और राशन फैक्ट्रियों में करते हैं। इसे रोकने के लिए चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर पटियाला डॉ. दारा सिंह ने एग्रीकल्चर ऑफिसर, राजपुरा के साथ मिलकर मेसर्स. राम प्रोटीन प्रोडक्ट्स, पहली मंज़िल, दुकान नंबर 160, अनाज मंडी, राजपुरा, गौदाम जी-1 सैदखेड़ी रोड, डीएवी स्कूल के पास, की चेकिंग की गई तो गोदाम में टेक्निकल ग्रेड यूरिया के 1495 बैग मिले। जिन पर बनाने वाला, बेचने वाला, लॉट नंबर, बनाने की तारीख, MRP वगैरह नहीं थे। यह यूरिया खाद बिना किसी लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन के इस बिना इजाज़त वाले गोदाम में रखी हुई थी।



खेतीबाड़ी विभाग के फर्टिलाइजर इंस्पेक्टर गुरध्यान सिंह और पेस्टीसाइड इंस्पेक्टर पुनीत कुमार ने इन बैगों से सैंपल लिए और रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सरकार की तरफ से खेती में इस्तेमाल के लिए किसानों को भेजी जा रही सेमी-कोटेड यूरिया को टेक्निकल ग्रेड यूरिया की लेवलिंग के नीचे इन बैगों में रखा गया था। जांच के दौरान पता चला कि उक्त फर्म ने यह यूरिया खाद दिल्ली की एक फर्म मेस को सप्लाई की थी। इसे मंगला केमिकल्स, न्यू रोहतक रोड, नई दिल्ली से खरीदकर आगे पटियाला जिले की फीड फैक्ट्रियों को सप्लाई किया जाना था। इस पर एक्शन लेते हुए फर्टिलाइजर इंस्पेक्टर राजपुरा ने आरोपियों के खिलाफ खेड़ी गंडिया पुलिस स्टेशन में फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर 1985, एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट 1955 और BNS 2023 की अलग-अलग धाराओं के तहत FIR दर्ज करवाई। चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर डॉ. दारा सिंह ने सभी इनपुट डीलरों को कड़ी चेतावनी दी और कहा कि अगर भविष्य में किसानों के हित में सब्सिडी पर दिए जाने वाले फर्टिलाइजर के गलत इस्तेमाल की कोई शिकायत मिली तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस चेकिंग के दौरान एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट ऑफिसर अमनप्रीत सिंह संधू, रशपिंदर सिंह मौजूद थे।

# वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 उत्साहपूर्वक मनाया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम के तहत बड़े उत्साह और व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाया गया। अस्पताल परिसर में आयोजित सामूहिक योग सत्र में 1,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिनमें संकाय सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, विद्यार्थी, प्रशासनिक कर्मचारी तथा अन्य स्टाफ सदस्य शामिल रहे। यह संस्थान द्वारा आयोजित सबसे बड़े स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रमों में से एक रहा।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता शर्मा थीं। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चारू बांबा, वरिष्ठ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. आर.पी. अरोड़ा, केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद सीसीआरवाईएन की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. सुजाता सहित वरिष्ठ संकाय सदस्य, विभागाध्यक्ष, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।अपने संबोधन में डॉ. कविता शर्मा ने योग को शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए एक समग्र जीवनशैली बताया। उन्होंने कहा कि योग न केवल रोगों की रोकथाम में सहायक है, बल्कि यह प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है, तनाव कम करता है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाता है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों और नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने डॉ. सुजाता और उनकी टीम के मार्गदर्शन में कॉमन योगा प्रोटोकॉल (सीवाईपी) का अभ्यास किया। सत्र में विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान और विश्राम तकनीकों का अभ्यास कराया गया। विशेषज्ञों ने योग के वैज्ञानिक लाभों और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम में इसकी भूमिका के बारे में भी जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा और सुना।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में स्वास्थ्य, सामंजस्य, आत्मबल और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।योग सत्र के बाद अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। निदेशक डॉ. कविता शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चारू बांबा और वरिष्ठ सीएमओ डॉ. आर.पी. अरोड़ा ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान परिसर में कई पौधे लगाए गए, जो पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. आर.पी. अरोड़ा रहे, जिनके नेतृत्व और प्रयासों से आयोजन का सफल संचालन सुनिश्चित हुआ। आयोजन टीम ने





विभिन्न विभागों की सहभागिता सुनिश्चित करने और कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल की निवारक स्वास्थ्य सेवाओं, जनकल्याण, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही, इसने आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली में पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियों के महत्व को भी रेखांकित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने, परिवार और समाज में स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने तथा एक स्वस्थ, खुशहाल और टिकाऊ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। 1,000 से अधिक प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाया।

# इंटरनेशनल योगा डे के मौके पर बारादरी गार्डन में डिस्ट्रिक्ट लेवल फंक्शन में सैकड़ों लोगों ने योग किया



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नवांशहर-** योग फिजिकल फिटनेस के साथ-साथ मेंटल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद हैः डॉ. सरबजीत कौर डिप्टी कमिश्नर गुलप्रीत सिंह औलख की गाइडलाइंस के मुताबिक, डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने आयुर्वेद डिपार्टमेंट के साथ मिलकर आज यहां बारादरी गार्डन कैंपस में डिस्ट्रिक्ट लेवल पर इंटरनेशनल योगा डे मनाया। डिस्ट्रिक्ट आयुर्वेदिक और यूनानी ऑफिसर डॉ. सरबजीत कौर की लीडरशिप में हुए डिस्ट्रिक्ट लेवल फंक्शन में डिपार्टमेंट के एक्सपर्ट्स ने सैकड़ों पार्टिसिपेंट्स को अलग-अलग योगा आसन सिखाए। डिस्ट्रिक्ट आयुर्वेदिक और यूनानी ऑफिसर ने इस मौके पर योग की इंपॉर्टेंस पर रोशनी डालते हुए कहा कि योग सिर्फ फिजिकल फिटनेस के लिए ही नहीं, बल्कि मेंटल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे फिट रहने और खुशहाल ज़िंदगी जीने के लिए योग को अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का ज़रूरी हिस्सा बनाएं। योग एक्सपर्ट्स की एक टीम ने पार्टिसिपेंट्स को योगा आसन करवाए। डॉ. सरबजीत कौर ने कहा कि छ्ररूयोगशाला प्रोग्राम के तहत पंजाब सरकार लोगों को योग से जोड़ने के लिए उनके घरों के पास क्लास लगाकर हज़ारों लोगों को मुफ्त योग ट्रेनिंग दे रही है। इस अनोखी पहल की वजह से बड़ी संख्या में लोग योग अपना रहे हैं और शारीरिक और मानसिक सेहत की ओर बढ़ रहे हैं।

### बिहार में फिल्म शूटिंग की मंजूरी लेना अब होगा आसान, डेजी ईरानी बनीं नोडल अधिकारी

**पटना।** बिहार में फिल्म निर्माण और शूटिंग से जुड़ी अनुमति प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने की दिशा में निगरानी विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। फिल्म शूटिंग अनुमति के लिए संचालित सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम के प्रभारी संचालन के लिए निगरानी ने अधिकारी नियुक्त कर दिया है। डेजी ईरानी को नोडल पदाधिकारी नामित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि यह निर्णय फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड के एक पत्र के बाद लिया गया। डेजी ईरानी वर्तमान में निगरानी विभाग, बिहार, पटना में विशेष कार्य पदाधिकारी (ओएसडी) के पद पर कार्यरत हैं। सरकार का मानना है कि फिल्म शूटिंग की अनुमति से संबंधित विभिन्न विभागों की प्रक्रियाओं को एकीकृत कर सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से त्वरित स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी। इससे राज्य में फिल्म निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और फिल्म निर्माताओं को विभिन्न विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। गौरतलब है कि बिहार सरकार राज्य को फिल्म निर्माण के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। सिंगल विंडो क्लीयरेंस व्यवस्था को मजबूत करने से फिल्म उद्योग को सुविधा मिलने के साथ-साथ राज्य में निवेश, रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# सिलापथार के ग्यारह स्थानों में विश्व योग दिवस पालन

**● विद्यार्थी सहित विभिन्न अनुष्ठान प्रतिष्ठानों ने बढ़चढ़ कर लिया भाग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**असम धेमाजी।** विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में आज राज्य के साथ धेमाजी जिले के विभिन्न प्रांत में 12वां बिस्वा योगा दिवस मनाया गया। योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं है, यह शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का एक बड़ा विज्ञान है। 'वन वर्ल्ड, वन हेल्थ' के मकसद को पूरा करने ओर 'योग से सेहत मिलती है, सेहत से खुशी मिलती है इसे उद्देश्य को मद्देनजर रखते हुए पतंजलि योगपीठ के तत्वधान में धेमाजी जिला पतंजलि योग समिति ओर सिलापथार योग समिति के कार्यकर्ता ने इलाके की ग्यारह स्थानों में विश्व युग दिवस के कार्यक्रमों में भाग लेकर अनुष्ठान किया। जिसमें अकाजन हाई स्कूल के खेल मैदान खराब मौसम के बिच लोगो ने युग दिवस के कार्यकम में भाग लिया और आसान ,ध्यान, प्राणायाम,आदि गतिविधियों से अनुष्ठान को सफल बनाया।इसी प्रकार भैरवपुर नेताजी एम.ई. स्कूल खेल मैदान, डिमो ट्राइबल हाई सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान, माजरबारी सर्वोदय उच्च विद्यालय आंगन, 22वीं असम पुलिस बटालियन लिखाबली कैंप,लिखाबाली आई.टी.बी.पी कैम्प।सिलापथार कॉलेज, सिलापथार टाउन कॉलेज।मानिकपुर हाई स्कूल, सिलापथार ओम शांति केंद्र सहित सिलापथार टाउन हनुमानगढ़ी हाई स्कूल में भी बड़ी धूमधाम से विश्व योग दिवस मनाया गया।

### जान से मारने की धमकी का आरोप दो पर केस

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के सागररायपुर गांव में गाली-गलौज के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित अंजनी पाण्डेय ने गांव के ही अम्बेश व सर्वेश पाण्डेय पर लाठी-डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी है। इस मामले पुलिस मुकदमा कायम कर लिया है ग्राम सागररायपुर निवासी अंजनी पांडेय ने तहरीर में बताया कि 20 जून को विपक्षी अम्बेश व सर्वेश पाण्डेय गाली देते हुए लाठी-डंडे से मारना-पीटना शुरू कर दिया। हमले में उनकी आंख के ऊपर चोट आई है। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है।

# बराक घाटी के धोयारबंद में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर जागरूकता सभा और हस्ताक्षर अभियान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि-** असम के बराक घाटी में गौहाटी हाईकोर्ट की एक स्थायी बेंच स्थापित करने की मांग को लेकर 21 जून रविवार को धोयारबंद रिसॉर्ट में जागरूकता सभा एवं जन-हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हाईकोर्ट बेंच डिमांड इम्प्लीमेंटेशन कमेटी, कछार जिला समिति तथा 'यूथ्स अगेंस्ट सोशल ईविल्स' (यासी) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सभा में स्थानीय नागरिकों, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों, छात्रों और विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आयोजन के दौरान बराक घाटी में गौहाटी हाईकोर्ट की स्थायी बेंच की आवश्यकता और उसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के नेताओं और वक्ताओं ने कहा कि लगभग 40 लाख लोगों की आबादी वाले बराक घाटी क्षेत्र के लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए सैकड़ों किलोमीटर दूर





गौहाटी जाना पड़ता है, जिससे समय, धन और श्रम की भारी हानि होती है। उन्होंने कहा कि न्याय तक आसान पहुंच नागरिकों का मौलिक अधिकार है और इसी उद्देश्य से बराक घाटी में स्थायी हाईकोर्ट बेंच की स्थापना आवश्यक है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने संबोधन में इस मांग की ऐतिहासिक और कानूनी पृष्ठभूमि प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 1972 से ही इस क्षेत्र में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग उठती रही है। उन्होंने कहा कि देश के अनेक राज्यों में हाईकोर्ट की खंडपीठें स्थापित हैं, लेकिन बराक घाटी की लंबे समय से चली आ रही न्यायसंगत मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है। कार्यक्रम के बाद आयोजित हस्ताक्षर अभियान में विद्यार्थियों, शिक्षकों, व्यवसायियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों के अनुसार, एक ही दिन में 200 से अधिक लोगों ने गौहाटी हाईकोर्ट की स्थायी बेंच के समर्थन में हस्ताक्षर किए। हाईकोर्ट बेंच डिमांड इम्प्लीमेंटेशन कमेटी ने बताया कि आने वाले दिनों में श्रीभूमि और हैलाकांडी जिलों में भी जागरूकता अभियान, जनसंपर्क कार्यक्रम और हस्ताक्षर अभियान चलाए जाएंगे। समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि जनसमर्थन और लोकतांत्रिक आंदोलन के बल पर बराक घाटी की यह लंबे समय से लंबित मांग एक दिन अवश्य पूरी होगी। यह जानकारी समिति के काछार जिला प्रचार सचिव सायन चक्रवर्ती द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।